# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




### अटल जी की भावपूर्ण तस्वीर ने मन मोहा

मुख्य मंच पर सजी भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की भव्य एवं भावपूर्ण तस्वीर (पोट्रेट) ने सभी अतिथियों का मन मोह लिया। शाह व मुख्यमंत्री सहित मंचासीन गणमान्य अतिथियों ने इस चित्र के समक्ष श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शाह को पराली से निर्मित अटलजी की आकर्षक प्रतिमा स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट की। यह विशिष्ट एवं पर्यावरण-संवेदनशील कलाकृति नव उद्यमी शुभम सिंह की क्राफ्ट कंपनी द्वारा तैयार की गई है।

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जन्म जयंती पर हुआ कार्यक्रम

2 लाख करोड़ लागत की औद्योगिक इकाइयों का भूमिपूजन, इनसे 1.93 लाख सृजित होंगे रोजगार

ग्वालियर के मेला मैदान में आयोजित 'अभ्युदय मप्र ग्रोथ समिट' में केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा

# मप्र में निवेश फायदे का सौदा, कुछ राशि लगाएं और करोड़ों रुपए कमाएं

शाह ने मप्र में बीते दो साल में हुए औद्योगिक विकास पर आधारित एक कॉफी टेबल बुक और निवेश पुस्तिका का विमोचन भी किया

*शाह ने कहा कि मप्र ने अपनी नई सोच, उद्यमशीलता, प्रगतिशील दृष्टिकोण और नवाचारों के माध्यम से विकास के ऐसे मानक स्थापित किए हैं, जिनका अनुसरण अब अन्य राज्य भी कर रहे*

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि मप्र सरकार ने अभिनव पहल की है। प्रदेश के क्षेत्रीय विकास और आर्थिक संतुलन में उद्योग एवं निवेश एक बड़ी भूमिका निभा रहा है। यहां निवेश करना फायदे का सौदा है। उन्होंने युवाओं और निवेशकों से अपील करते हुए कहा कि मप्र इतना अधिक उपजाऊ है कि यहां कुछ रुपया निवेश करके करोड़ों कमाए जा सकते हैं। इसलिए, यहां बेहिचक मध्यप्रदेश में अपने उद्यम और उद्योग लगाएं। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान इस राज्य को बीमारू राज्य की श्रेणी से बाहर लेकर आए। अब मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मध्यप्रदेश को विकसित राज्य बनाने के लिए कार्य कर रहे हैं।

शाह ने प्रदेश में साइबर अपराधों को समुचित तरीके से हैंडल करने के लिए प्रदेश में ई-जीरो एफआईआर की शुरूआत भी की, नई दिल्ली के बाद ऐसा करने वाला मप्र दूसरा राज्य



ई-जीरो एफआईआर की शुरुआत करते हुए केंद्रीय मंत्री शाह

### मप्र आज अग्रणी राज्यों की पंक्ति में खड़ा

*केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा है कि मध्यप्रदेश अब देश में सबसे तेज़ गति से विकास करने वाला राज्य बन गया है। मध्यप्रदेश ने अपनी नई सोच, उद्यमशीलता, प्रगतिशील दृष्टिकोण और नवाचारों के माध्यम से विकास के ऐसे मानक स्थापित किए हैं, जिनका अनुसरण अब अन्य राज्य भी कर रहे हैं। शाह ने कहा कि भारत जल्द ही विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है और निःसंदेह यह तय है कि इस ऐतिहासिक उपलब्धि में मध्यप्रदेश का योगदान सबसे बड़ा होगा। उन्होंने कहा कि यहां निवेश के लिए अनुकूल वातावरण, स्पष्ट नीतियां और मजबूत इच्छाशक्ति दिखाई देती है।*

**शाह ने की मुख्यमंत्री डॉ. यादव की तारीफ...**



### मोदी की परंपरा को डॉ. यादव ने आगे बढ़ाया

*शाह ने मध्यप्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री डॉ. यादव को बधाई देते हुए कहा कि देश में इंडस्ट्रियल समिट की शुरुआत नरेंद्र मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में की थी। डॉ. यादव ने भी इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए राज्य के संतुलित विकास के लिए रीजनल इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव की शुरुआत की।*

### राजा साहब सिंधिया कहते ही बज गईं तालियां

शाह के एक संबोधन ने उपस्थित लोगों को देर तक ताली बजाने के लिए मजबूर कर दिया। दरअसल, भाषण के शुरू में ही लोगों को संबोधित करते हुए अमित शाह ने ज्योतिरादित्य सिंधिया को राजा साहब सिंधिया कहकर संबोधित किया और तालियां बज उठी।

◀ शाह ने सीएम डॉ. यादव की भूरि-भूरि प्रशंसा की, कहा-अब मोहन विकसित राज्य बना रहे

◀ निवेश में मप्र ने हासिल किया देश में तीसरा स्थान, देश की अर्थव्यवस्था में बड़ा योगदान

सीएम डॉ. यादव ने कहा

## ग्रोथ समिट से औद्योगिक विस्तार को मिलेगी नई गति



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अभ्युदय मध्यप्रदेश ग्रोथ समिट से प्रदेश में औद्योगिक विस्तार को नई गति मिलेगी और युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे। यह आयोजन प्रदेश के उज्जवल औद्योगिक भविष्य की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश को 'भारत का विकास और अवसरों का केंद्र' बताते हुए सभी निवेशकों से प्रदेश में निवेश जरूर करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश आज उन चुनिंदा राज्यों में है, जहां प्राकृतिक संसाधन, उद्योग-अनुकूल नीतियां, मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर और स्थिर शासन सभी निवेशकों के लिए आदर्श वातावरण तैयार करते हैं। उन्होंने निवेशकों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि मध्यप्रदेश निवेशकों के साथ दीर्घकालिक साझेदारी के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है।


inh

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### गुजरात विस के डिप्टी स्पीकर ने दिया इस्तीफा



**अहमदाबाद।** गुजरात विधानसभा के डिप्टी स्पीकर जेठाभाई भरवाड़ ने व्यस्त शेड्यूल और अन्य जिम्मेदारी का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने सीएम भूपेंद्र पटेल और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष जगदीश विश्वकर्मा की मौजूदगी में विधानसभा अध्यक्ष शंकर चौधरी को इस्तीफा सौंपा।

### जेल की छत से कूदे कैदी की मौत, हुई थी उम्रकैद



**छतरपुर।** जिला जेल में एक कैदी शंकर ने छत से छलांग लगा दी। उपचार के दौरान मौत हो गई। कोर्ट ने उसे एक दिन पहले (बुधवार) ही पॉक्सो एक्ट के तहत आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। जांच के लिए कलेक्टर ने समिति गठित की थी।



घटना के बाद पुलिस ने की जांच

सराफा बाजार में डकैतों का धावा

## तमंचा, गुलेल और सब्बल चलाया, एक ज्वेलर के पिता को आया अटैक, हुई मौत

*»सीसीटीवी तोड़े, 1 किलो चांदी और 3 तोला सोना ले गए*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

राजगढ़ जिले के किला क्षेत्र स्थित सराफा बाजार में बुधवार रात 10-12 हथियारबंद डकैतों ने डकैती को अंजाम दिया। गुलेल, सब्बल और पिस्टल लेकर आए डकैतों ने दो ज्वेलरी शॉप के ताले तोड़े और लाखों का माल समेट लिया। वारदात के दौरान एक दुकान में सो रहे बुजुर्ग व्यापारी पर सब्बल से जानलेवा हमला भी किया। इतना ही नहीं, जब कुछ युवाओं ने हिम्मत दिखाकर बदमाशों का पीछा किया, तो उन पर फायरिंग की और गुलेल से पत्थर बरसाए गए।



### गुलेल का पत्थर लगने से आंख फूटी

भागते समय उन्होंने एक बाइक चोरी कर ली। अमित मेवाड़े, कमल मेवाड़े और एक अन्य युवक ने उनका पीछा किया। खुद को घिरता देख बदमाशों ने उन पर पिस्तौल से फायर कर दिया और गुलेल से पत्थर चलाए। गुलेल का पत्थर लगने से कमल मेवाड़े की आंख फूट गई, जबकि अमित की पीठ में चोट आई है। अमित ने एक बदमाश को रॉड मारकर गिरा भी दिया था, लेकिन साथी बदमाश ने फायर कर उसे बचा लिया।

चाय के नाम पर गुमराह न हों, एफएसएसएआई का बड़ा फैसला

## 'हर्बल टी' के नाम पर 'चाय' शब्द के इस्तेमाल पर लगाई सख्त रोक

हर्बल या फ्लॉवर अर्क से बने उत्पादों को चाय कहना उपभोक्ताओं के साथ धोखाधड़ी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




भारत में चाय सिर्फ एक पेय पदार्थ नहीं है, बल्कि यह करोड़ों लोगों के लिए एक भावना, एक आदत और दिन की नई शुरुआत का प्रतीक है। सुबह की पहली चुस्की से लेकर दफ्तर की थकान मिटाने वाली शाम की प्याली तक, चाय हर भारतीय घर का अभिन्न हिस्सा है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि जिसे आप बड़े चाव से 'हर्बल टी', ' फ्लॉवर टी' या 'नेचुरल टी' समझकर पी रहे हैं।

**हर्बल और फ्लॉवर ड्रिंक्स का क्या होगा?**

बाजार में तेजी से बढ़ते वेलनेस सेगमेंट में शामिल हर्बल इंफ्यूजन, हिबिस्कस टी, रूइबोस टी और अन्य फ्लॉवर ड्रिंक्स पर इसका सीधा असर पड़ेगा।

बेंगलुरु से शिवमोगा जा रही बस ट्रक से टकराई

## स्लीपर बस में आग, सोते हुए 9 यात्रियों की जिंदा जलकर मौत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कर्नाटक के चित्रदुर्ग जिले में गुरुवार तड़के 3 बजे एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। यहां पर एक स्लीपर प्राइवेट बस की टक्कर एक ट्रक (लॉरी) से हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्लीपर बस में आग लग गई। इस हादसे में कम से कम 9 लोगों की जान गई है। ये बस बेंगलुरु से शिवमोगा जा रही थी। इस स्लीपर बस को 300 से अधिक किलोमीटर की यात्रा तय करनी थी।

**पीएम मोदी ने किया आर्थिक सहायता का ऐलान**



दुर्घटना के बाद जली हुई बस

दूषित भोजन खाने से 8 बच्चे बीमार, 3 की हालत चिंताजनक

## सांसद खेल महोत्सव में भोजन बना जहर

पन्ना से कटनी लाकर अस्पताल में कराया भर्ती

**कटनी।** बीते एक माह से चल रहे सांसद खेल महोत्सव का शुक्रवार को पन्ना जिला मुख्यालय में समापन हुआ। समापन समारोह के दौरान एक गंभीर घटना सामने आई, जब बच्चों को वितरित किया गया दूषित भोजन खाने से 8 बच्चे अचानक बीमार हो गए। बच्चों की तबीयत बिगड़ते ही कार्यक्रम स्थल पर हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार, सांसद खेल महोत्सव में भाग लेने के लिए कटनी जिले से लगभग 40 से 50 बच्चे पन्ना जिला मुख्यालय पहुंचे थे। समापन समारोह के दौरान बच्चों को भोजन कराया गया, जिसके कुछ समय बाद 8 बच्चों को उल्टी-दस्त और कमजोरी की शिकायत होने लगी। स्थिति गंभीर होने पर प्रशासन ने तत्काल एम्बुलेंस की व्यवस्था कर सभी बीमार बच्चों को उपचार के लिए कटनी जिला अस्पताल भेजा। फिलहाल सभी बच्चों को जिला अस्पताल में भर्ती कर उपचार किया जा रहा है। डॉक्टरों के अनुसार बच्चों की हालत अब स्थिर बताई जा रही है। घटना के बाद प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया है। खाद्य सामग्री की गुणवत्ता और व्यवस्था को लेकर सवाल उठने लगे हैं। मामले की जांच किए जाने की संभावना जताई जा रही है।

सेना के जवानों को सोशल मीडिया इस्तेमाल की इजाजत

5 साल पहले बैन लगाया था

## इंस्टाग्राम पर कमेंट की मनाही वॉट्सएप पर मैसेज कर सकेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय सेना के जवान पांच साल बाद सोशल मीडिया एप्स फिर इस्तेमाल कर सकेंगे। 2020 में लगा बैन कुछ शर्तों के साथ हटा दिया गया है। नई गाइडलाइन के तहत जवान इंस्टाग्राम पर रील, फोटो और वीडियो देख सकेंगे, हालांकि कमेंट करने की अनुमति नहीं है। वॉट्सएप, टेलीग्राम जैसे एप्स पर गैर-गोपनीय जानकारी शेयर कर सकेंगे। इसके अलावा यूट्यूब और एक्स का इस्तेमाल केवल जानकारी के लिए किया जा सकेगा। वहीं, लिंक्डइन, स्काइप और सिग्नल एप के लिए भी नई गाइडलाइन जारी की गई है। दरअसल, 2020 में सरकार ने संवेदनशील सूचनाएं लीक होने के खतरे के चलते जवानों और अधिकारियों को 89 एप हटाने का आदेश दिया था।



एआई इमेज

5 शहरों में पारा 3 से 6 डिग्री के बीच, डेढ़-डेढ़ डिग्री की आई गिरावट

नौगांव, खजुराहो में विजिबिलिटी 50 मीटर से कम

## अति घने कोहरे के बीच कड़ाके की सर्दी, दो दिन बाद और 'बढ़ेगी ठंड'

*»ग्वालियर, भिंड, मुरैना, दतिया, पचमढ़ी, राजगढ़ सहित आधा दर्जन शहरों में सुबह हल्के से मध्यम कोहरा छाया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में अभी मौसम के तेवर तीखे बने हुए हैं। कुछ जिलों में अति घने से घने कोहरे का असर जारी है, जबकि आधा दर्जन जिलों में हल्के से मध्यम कोहरे से आवागमन प्रभावित हो रहा है। दो दिन कुछ राहत के बाद एक बार फिर सर्दी में तेजी से बढ़त होगी।

नया सिस्टम 27 दिसंबर को सक्रिय हो रहा है, जो कमजोर है। लेकिन हवाएं उत्तरी रहने के साथ ही पहाड़ों पर बर्फबारी प्रदेश में सर्दी बढ़ाएगी। गुरुवार को नौगांव और खजुराहो में अति घना कोहरा रहा।



### इंदौर, अहमदाबाद और मुंबई के 10 ठिकानों पर दबिश दी

**भोपाल।** बैंकों के साथ करोड़ों की धोखाधड़ी के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने दो समूहों पर सर्चिंग ऑपरेशन चलाया। इंदौर के साथ-साथ अहमदाबाद और मुंबई में स्थित दोनों समूहों के दस्तावेज के साथ लाखों रुपए जब्त किए गए हैं। 400 से 500 करोड़ के आसपास धोखाधड़ी मामले में सर्चिंग की जानकारी सामने आई है। मंगलवार सुबह ईडी की टीमों ने एक साथ करीब 10 ठिकानों पर सर्चिंग की, जो देर रात तक जारी रही। सीबीआई ने पहले रुचि ग्रुप से जुड़े रहे उमेश शाहरा और अन्य के खिलाफ करोड़ों की धोखाधड़ी का केस दर्ज किया था। ईडी इसमें पहले भी कार्रवाई कर चुकी है। ईडी ने शाहरा के पलासिया स्थित निवास के साथ तीन कंपनियों और अन्य सहायकों के ठिकानों पर जांच की।






प्रधानमंत्री ने विपक्ष को लिया आड़े हाथ

# सपा-कांग्रेस ने आंबेडकर समेत कई विभूतियों का अपमान किया, हमने हर विचारधारा के नेताओं को दिया 'मान'

हमारी सरकार ने कांग्रेस नेता रहे और पूर्व राष्ट्रपति मुखर्जी और मुलायम को भारत रत्न दिया

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 65 फीट ऊंची कांस्य प्रतिमाएं लगीं प्रेरणा स्थल में | 65 एकड़ में फैला राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल | 230 करोड़ की लागत से बनाया गया | 03 महान विभूतियो को दिया स्थान | 98 हजार वर्ग फीट में फैला अत्याधुनिक संग्रहालय |

## पीएम ने लखनऊ में भारत रत्न वाजपेयी की 101वीं जयंती पर राष्ट्र प्रेरणा स्थल का बटन दबाकर किया लोकार्पण

**2 हजार बसों से 1.5 लाख लोगों का लगा जमघट**

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लखनऊ में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती केअवसर पर राष्ट्र प्रेरणा स्थल का बटन दबाकर लोकार्पण किया। पीएम ने कहा कि 25 दिसंबर का यह दिन देश की दो महान विभूतियों के जन्म का अद्भुत सुयोग लेकर भी आता हउन्होंने भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्रीअटल बिहारी वाजपेयी, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीन दयाल उपाध्याय की विशाल कांस्य प्रतिमाओं का भी अनावरण किया।

हमारी सरकार ने कांग्रेस नेता रहे और पूर्व राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी को भारत रत्न देकर सम्मानित किया। मुलायम सिंह यादव को सम्मानित किया। हमने सभी को सम्मान दिया है। इस आयोजन में 2लाख से अधिक लोगों के शामिल हुए। आयोजन में आसपास के कई जिलों से करीब 2000 बसें आईं। इन महापुरुषों ने भारत की अस्मिता, एकता और गौरव की रक्षा की और राष्ट्र निर्माण में अपनी अमिट छाप छोड़ी। समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह भी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### एक देश में 2 संविधान नहीं चलेंगे

पीएम मोदी ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कहा था कि देश में दो विधान दो संविधान नहीं चलेंगे। मुझे खुशी है कि भाजपा सरकार को जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाने का सौभाग्य मिला और डॉ. मुखर्जी का सपना साकार हुआ। इसे कांग्रेस समेत सारा विपक्ष अपना हथियार मानता था। हमारी सरकार ने एक देश एक संविधान के सपने को साकार किया।



डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी

### करोड़ों भारतीयों ने गरीबी को हराया

पीएम मोदी ने जनसंघ नेता दीनदयाल उपाध्याय के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने एकात्म मानववाद का सिद्धांत दिया। आज देश के करोड़ों नागरिकों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। यही तो सच्चा सेकुलरिज्म है। देश के हर नागरिक को सम्मान मिल रहा है। बीते एक दशक में करोड़ों भारतीयों ने गरीबी को हराया है।



पं. दीनदयाल उपाध्याय

### अटल जी ने सुशासन को सही मायने में जमीन पर उतारा

पीएम मोदी ने कहा कि अटल जी ने सही मायने में सुशासन को जमीन पर उतारा। अटल जी की सरकार में ही गांव-गांव तक सड़कें पहुंचाने का काम शुरू हुआ था। देश के गांवों में 8 लाख किलोमीटर सड़कों का निर्माण हुआ। अटलजी ने अपना संपूर्ण जीवन सुशासन और राष्ट्र निर्माण को समर्पित कर दिया और उनका व्यक्तित्व, कृतित्व व नेतृत्व देश के चहुंमुखी विकास के लिए सदैव पथ-प्रदर्शक बना रहेगा। वे प्रखर वक्ता होने के साथ-साथ ओजस्वी कवि के रूप में भी सदैव स्मरणीय रहेंगे। उनका व्यक्तित्व, कृतित्व और नेतृत्व देश के चहुंमुखी विकास के लिए पथ-प्रदर्शक बना रहेगा।



अटल बिहारी वाजपेयी

---

अब उन्नाव मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा, एक विशेष याचिका दायर

# महिला वकीलों ने हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी, उन्होंने सबूतों को समझने में नाकामी बताया

आरोप : हाई कोर्ट ने कानून और तथ्यों दोनों के मामले में गंभीर गलती की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

2017 के उन्नाव दुष्कर्म केस मामले में पूर्व भाजपा नेता कुलदीप सिंह सेंगर की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। उनके जेल की सजा निलंबित करने के दिल्ली हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में एक विशेष याचिका दायर की गई है। मामले में वकील अंजले पटेल और पूजा शिल्पकार की ओर से दायर याचिका में हाई कोर्ट के फैसले पर तुरंत रोक लगाने की मांग की गई है। उन्होंने दलील दी कि हाई कोर्ट ने यह विचार किए बिना आदेश पारित किया कि ट्रायल कोर्ट ने सेंगर को शेष जीवन जेल में बिताने योग्य माना था।उन्होंने कहा कि गंभीर आपराधिक रिकॉर्ड और दुष्कर्म जैसे जघन्य अपराधों में उसकी पक्की संलिप्तता के बावजूद सेंगर को सजा निलंबित करके हाई कोर्ट ने कानून और तथ्यों दोनों के मामले में गंभीर गलती की है। हाई कोर्ट पीड़ित पक्ष की ओर से पेश किए गए सबूतों को समझने में नाकाम रहा, जो कि आरोपी की बर्बरता और क्रूरता को दिखाता है। यह भी आरोप लगाया कि आरोपी ने परिवार को चुप कराने और न्याय की प्रक्रिया को रोकने के लिए पीड़िता के पिता की हत्या की साजिश रची और उसे अंजाम दिया।



सुप्रीम कोर्ट

**दिल्ली हाईकोर्ट ने सजा निलंबित की**

### फिलहाल जेल में ही रहेगा आरोपी

23 दिसंबर को, दिल्ली हाईकोर्ट ने उन्नाव दुष्कर्म केस में कुलदीप सिंह सेंगर की उम्रकैद की सजा निलंबित कर दी। कोर्ट ने कहा कि सेंगर ने 7 साल और 5 महीने जेल में बिता लिए हैं, इसलिए उनकी सजा को निलंबित किया जाता है। हालांकि सेंगर जेल में ही रहेगा क्योंकि वह पीड़िता के पिता की हिरासत में मौत के मामले में 10 साल की सजा काट रहा है और उस मामले में उसे जमानत नहीं मिली है।

### हाईकोर्ट ने सशर्त जमानत दी थी

मामले में हाई कोर्ट ने कई शर्तें लगाते हुए सेंगर को राहत दी थी। कोर्ट ने 15 लाख के पर्सनल बॉन्ड, इतनी राशि की 3 जमानतों और दिल्ली में पीड़िता के घर के 5 किमी के दायरे में न आने जैसी कड़ी शर्तों के साथ उसे राहत दी थी। दिसंबर 2019 में ट्रायल कोर्ट ने नाबालिग के अपहरण और रेप के मामले में सेंगर को दोषी ठहराया था। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर ही यह पूरा मामला 2019 में उत्तर प्रदेश से दिल्ली ट्रांसफर किया गया था। फिलहाल अब सुप्रीम कोर्ट यह तय करेगा कि इस मामले में सजा निलंबन का आदेश कानूनन उचित है या नहीं।

कोर्ट के फैसले के बाद सर्वाइवर ने कहा

### हाईकोर्ट के फैसले को 'काल' बताया

उन्नाव की पीड़िता ने सेंगर की सजा को सस्पेंड करने के हाई कोर्ट के फैसले को अपने परिवार के लिए 'काल (मौत)' बताया है। पीड़िता और उसकी मां को हाल ही में दिल्ली में एक प्रोटेस्ट से हटाया गया, जहां उन्होंने सेंगर की बेल को लेकर चिंता जताई थी।

### प्रधानमंत्री से भी मिलने का मांगा समय

दुष्कर्म पीड़िता और उनकी मां ने मंडी हाउस पहुंचकर विरोध जताने की कोशिश की, लेकिन सुरक्षा बल ने उन्हें बीकानेर हाउस से हिरासत में लेकर कुछ घंटे बाद छोड़ दिया। 25 वर्षीय पीडता ने बताया कि उन्होंने प्रधानमंत्री से भी मिलने के लिए समय मांगा है।

---

एएमयू के परिसर में सनसनीखेज वारदात

# शिक्षक दानिश को बदमाशों ने गोलियों से भून डाला



एजेंसी ▶▶ अलीगढ़

उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में स्थित प्रतिष्ठित अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी (एएमयू) के परिसर में बुधवार देर रात एक सनसनीखेज वारदात हुई। एबीके यूनियन हाई स्कूल (एबीके बॉयज स्कूल) में कंप्यूटर विज्ञान के शिक्षक राव दानिश अली (45) की नकाबपोश बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। घटना लाइब्रेरी के पास स्थित कैंटीन क्षेत्र में उस समय हुई, जब दानिश अली अपने दो साथियों के साथ रोजाना की तरह शाम की सैर पर थे। दो हमलावर स्कूटी पर सवार होकर आए थे। राव दानिश अली 2015 से इसी स्कूल में पढ़ाते थे। वे एएमयू के पूर्व छात्र रह चुके थे और परिवार का गहरा नाता यूनिवर्सिटी से था।

### बुधवार रात करीब 8:45 बजे हत्या की

सीओ तृतीय सर्वम सिंह के अनुसार घटना रात करीब 8:45 बजे हुई और राव दानिश अली मूल रूप से डिबाई क्षेत्र (बुलंदशहर) के रहने वाले थे। उनका परिवार कई दशक से अमीर निशा मक्खन वाली कोठी के पास रहता है। उनकी मां एएमयू में शिक्षक और पिता एएमयू में कर्मचारी रहे हैं। एएमयू में ही पढ़ाई के बाद खुद राव दानिश अली को भी एबीके बॉयज स्कूल में कंप्यूटर शिक्षक की नौकरी मिल गई थी। उनके भाई भी एएमयू इंजीनियरिंग विभाग में शिक्षक हैं। उनके ससुर डॉ. मोहम्मद उल्लाह चौधरी मुरादाबाद की ठाकुरद्वारा विधानसभा सीट से कांग्रेस के विधायक रहे हैं।

---

पार्टी में बड़ी टूट के संकेत

# कुशवाहा की डिनर पार्टी से गायब रहे 4 में से 3 विधायक

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के आश्चर्यजनक नतीजों के बाद सरकार तो बन गई, लेकिन पूरी तरह स्थिर नहीं हुई। जीतन राम मांझी राज्य सभा जाने के लिए एनडीए पर दवाब बना रहे हैं वहीं दूसरी तरफ पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी राष्ट्रीय लोक मोर्चा पर बिखराव का खतरा मंडरा रहा है। बुधवार की रात उपेन्द्र कुशवाहा ने लिट्टी चोखा की पार्टी आयोजित की, जिसमें ढ़ेर सारे लोग शामिल हुए। लेकिन लिट्टी चोखा पार्टी में उनके चार विधायकों में से तीन विधायक नदारद रहे।

### दिल्ली में मुलाकात और पटना में दूरी

जानकारों का कहना है कि राष्ट्रीय लोक मोर्चा के 4धियाकों में से 3, माधव आनंद, रामेश्वर महतो और आलोक सिंह ने कुशवाहा की दावत से दूरी बनाए रखी। ये पटना में ही मौजूद थे। इन तीनों ने दिल्ली में भाजपा के नवनियुक्त राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन को बधाई दी थी।

### आईआरसीटीसी ने लॉन्च किया सिक्किम टूर पैकेज

**नई दिल्ली।** आईआरसीटीसी यात्रियों को देश विदेश के चर्चित स्थानों पर घुमाने के लिए कई टूर पैकेज लॉन्च करता रहता है। उसने सिक्किम की सैर के लिए एक खास टूर पैकेज लॉन्च किया है। इसका नाम सिक्किम सिल्वर टूर पैकेज है। यह टूर 5 रातों और 6 दिनों का है और किफायती है।

### इंडिगो की खराब मौसम के चलते 67 उड़ानें रद्द

**नई दिल्ली।** देश की प्रमुख घरेलू एयरलाइन इंडिगो ने गुरुवार को मौसम और कुछ ऑपरेशन कारणों से 67 उड़ानें रद्द कर दीं। एयरलाइन की वेबसाइट के अनुसार इनमें से केवल 4उड़ानें ऑपरेशन कारणों से रद्द की गईं, जबकि बाकी खराब मौसम की भविष्यवाणी के कारण रद्द हुईं। प्रभावित हवाईअड्डों में अगरतला, चंडीगढ़, देहरादून हैं।

---

कर्नाटक में मुख्यमंत्री बदलाव की अटकलों को फिर मिली हवा

# खरगे ने शिवकुमार से की मुलाकात, 'सियासी बात' नहीं की

मनरेगा की जगह नए कानून लाने और आंदोलन पर चर्चा की

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक की राजनीति में एक बार फिर हलचल बढ़ गई है। उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार की कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से बंगलुरु स्थित आवास पर मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री पद को लेकर चर्चाएं तेज हो गईं। यह मुलाकात ऐसे समय हुई है, जब कांग्रेस सरकार अपने कार्यकाल के आधे रास्ते पर पहुंच चुकी है।मुलाकात के बाद शिवकुमार ने साफ किया कि उन्होंने कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं उठाया। उनके अनुसार चर्चा केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा की जगह नए कानून लाने और उस पर पार्टी के रुख को लेकर थी।



कांग्रेस अध्यक्ष खरगे और उप मुख्यमंत्री शिवकुमार

### नेतृत्व विवाद पर बवाल

कांग्रेस में नेतृत्व परिवर्तन की अटकलें तब और तेज हुईं, जब सरकार ने पांच साल के कार्यकाल का आधा समय पूरा किया। हालांकि, खरगे पहले ही कह चुके हैं कि नेतृत्व को लेकर भ्रम केवल स्थानीय स्तर पर है, हाईकमान में नहीं। शिवकुमार ने इसे वरिष्ठ नेता की सलाह बताते हुए कहा कि पार्टी के अंदरूनी मामलों का समाधान संगठन के भीतर ही होगा।

**पार्टी कार्यकर्ता का संदेश**

शिवकुमार ने खुद को आजीवन पार्टी कार्यकर्ता बताते हुए कहा कि उन्होंने कांग्रेस के लिए हर स्तर पर काम किया है। पोस्ट या पद उनके लिए प्राथमिक नहीं है। जब उनसे मेहनत का इनाम मिलने पर सवाल पूछा गया, तो उन्होंने इस पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

### मनरेगा पर बड़ा आंदोलन करेंगे शिवकुमार बोले

शिवकुमार ने केंद्र की नई योजना पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि यह गरीबों, मजदूरों और किसानों के खिलाफ है। उन्होंने संकेत दिए कि राज्य कांग्रेस मनरेगा की बहाली के लिए बड़ा आंदोलन करेगी। 27 दिसंबर को होने वाली कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक में इस मुद्दे पर रणनीति तय की जाएगी।

मतदाता सूची की शुद्धता के लिए
दावे अपत्ति प्रस्तुत करें
जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य निभाएं

फोटो निर्वाचक नामावली का विशेष गहन पुनरीक्षण-2026

- निर्वाचक नामावली का प्रारूप प्रकाशन दिनांक 23 दिसम्बर 2025 को किया गया।
- प्रारूप निर्वाचक नामावली voters.eci.gov.in, ceoelection.mp.gov.in एवं ECINet App पर भी उपलब्ध है। सर्वप्रथम अपना नाम प्रारूप निर्वाचक नामावली में जांचें।
- दावें आपत्ति प्रस्तुत करने की अवधि-23 दिसम्बर 2025 से 22 जनवरी 2026 तक रहेगी।
- प्रत्येक कार्य दिवस में मतदान केन्द्रों पर बूथ लेवल ऑफिसर उपस्थित रहेंगे।
- नाम जोड़ने, हटाने/आपत्ति करने, संशोधन के आवेदन प्राप्त किए जाएंगे।
- नाम जोड़ने के फॉर्म-6 के साथ घोषणा-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
- यदि राज्य से बाहर से कोई स्थानांतरित होता है तो फॉर्म-8 के साथ भी घोषणा-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
- ऑफलाइन फॉर्म भरने पर BLO से पावती लेना न भूलें।
- दावे आपत्तियों का निराकरण तथा गणना पत्रक के आधार पर तैयार प्रारूप निर्वाचक नामावली की पात्रता की प्रविष्टियों की जांच के उपरांत कतिपय निर्वाचकों को नोटिस पर सुनवाई दिनांक 23.12.2025 से 14.02.2026 तक होगी।
- नोटिस तामीली के उपरांत नोटिस प्राप्तकर्ता को निर्धारित दिनांक, समय एवं नियत स्थान पर सुनवाई के लिए वांछित दस्तावेज की प्रति के साथ उपस्थित होना होगा।
- फॉर्म-6, फॉर्म-6A, फॉर्म-7, फॉर्म-8 वेबसाइट से, BLO से निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, जिला निर्वाचन कार्यालय से भी प्राप्त कर सकते हैं।
- ऑनलाइन आवेदन सुविधा voters.eci.gov.in, ceoelection.mp.gov.in एवं ECINet App पर उपलब्ध है।

ऑनलाइन आवेदन कैसे करें?

ECINET App द्वारा
- ECINET App गूगल प्लेस्टोर से डाउनलोड करें
- अपना मोबाइल नम्बर और प्राप्त ओटीपी डालकर रजिस्टर करें।
- Voters Services सेक्शन पर जाएं
- Voters Registration पर क्लिक करें
- फार्म-6 घोषणा पत्र (Annexure-IV) के साथ भरें।

Voters Portal द्वारा
- https://voters.eci.gov.in पर जाएं
- मोबाइल नम्बर एवं प्राप्त OTP से Signup करें।
- New Voters Registration Tab पर क्लिक करें तथा फार्म-6 एवं घोषणा (Annexure-IV) भरें।

D-11174/25

"कोई मतदाता छूट न जाए"
अधिक जानकारी एवं सहायता के लिए टोल फ्री नंबर पर सम्पर्क करें 1950

ceoelection.mp.gov.in /CEOMPElections @ceompelections /ceompelections /CEOMPSVEEP

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्यप्रदेश द्वारा जनहित में जारी
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025

## सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री सारंग ने बताई विभाग की उपलब्धियां और योजनाएं

# 34.42 लाख किसानों को 21 हजार 493 करोड़ का ऋण वितरित, किसानों को घर-घर पहुंचाएंगे खाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की डबल इंजन सरकार की परिकल्पना जहां केंद्र और राज्य एक साझा लक्ष्य, साझा गति और साझा परिणाम के साथ काम करते हैं, आज मध्यप्रदेश में जमीन पर साकार रूप ले रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सक्षम नेतृत्व में मप्र ने बीते दो वर्षों में सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं।

यह बात सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने बुधवार को अपेक्स बैंक समन्वय भवन में आयोजित प्रेसवार्ता में कही। मंत्री सारंग ने सहकारिता विभाग की उपलब्धियों को बताते हुए कहा कि सहकारिता सरकार की ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। शून्य प्रतिशत ब्याज पर फसल ऋण योजना के अंतर्गत वर्ष 2024-25 में 34.42 लाख किसानों को 21,493 करोड़ रुपए का ऋण वितरित किया गया। जो गत वर्ष की तुलना में लगभग 1,550 करोड़ रुपए अधिक है। वर्ष 2025-26 के लिए राज्य शासन द्वारा 694 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि नवीन पैक्स, दुग्ध एवं मत्स्य सहकारी समितियों के गठन, पैक्स के कम्प्यूटरीकरण से किसानों को पारदर्शी और तकनीक आधारित सेवाएं दी जा रही हैं।

### युवा सशक्तिकरण और किसान-ग्रामीणों के लिए सहकारी क्रांति ले रही साकार रूप


जानकारी देते मंत्री सारंग।

**युवा सहभागिता एवं रोजगारोन्मुख सहकारिता**

सारंग ने बताया कि आगामी वर्षों में सहकारिता के विस्तार के लिए ग्रामीण क्षेत्रों की प्रत्येक ग्राम पंचायत तथा नगरीय क्षेत्रों के प्रत्येक वार्ड में युवाओं की सहकारी समितियों के गठन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि स्थानीय संसाधनों के उपयोग से छोटे उद्योग, खेल, पर्यटन और व्यायाम आधारित गतिविधियों को बढ़ावा देकर रोजगार सृजन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

**विदिशा, शाजापुर, जबलपुर में घर-घर खाद पहुंचाने शुरू होगी योजना**

मंत्री विश्वास सारंग ने बताया कि मध्य प्रदेश में अब जल्द ही किसानों को घर बैठे गैस सिलेंडर की तरह खाद भी मिलेगी। पायलट प्रोजेक्ट के तहत तीन जिलों विदिशा, शाजापुर और जबलपुर को चुना है। सारंग ने बताया कि यह योजना किसानों को खेती के लिए आवश्यक खाद आसानी से उपलब्ध कराने और उनकी फसलों को लाभकारी बनाने के उद्देश्य से शुरू की जा रही है।

### मोहन सरकार के नेतृत्व में खेल व सहकारिता में हुई अभूतपूर्व प्रगति

***'एमपी चीता ब्रॉण्ड बीज' देश भर में मप्र का नाम करेगा रोशन : मंत्री विश्वास***

*सहकारिता मंत्री सारंग ने बताया कि मोहन सरकार बीज की दिशा में काम कर रही है। बीज संघ को उन्नत स्तर पर पहुंचाने का प्रयास है। बीज संघ के माध्यम से 'एमपी चीता ब्रॉण्ड बीज' के नाम से नया ब्रॉण्ड लांच किया जा रहा है। पैक्स के माध्यम से चीता बीज का वितरण किया जाएगा। 'एमपी चीता ब्रॉण्ड बीज' देश भर आने वाले दिनों में मध्यप्रदेश का नाम रोशन करेगा।*

***डिफॉल्टर किसानों के लिए ओटीएस की योजना***

*सारंग ने कहा कि कमजोर जिला सहकारी बैंकों को आर्थिक सहायता देकर 0 प्रतिशत ब्याज पर फसल ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। डिफॉल्टर किसानों को मुख्यधारा में एकमुश्त समझौता योजना तथा आर्थिक अनियमितताओं से प्रभावित किसानों को जांच अवधि में राहत देने की व्यवस्था के लिए ओटीएस न्याय योजना प्रस्तावित है।*

## राजस्व मंत्री वर्मा ने बताई विभाग की उपलब्धियां

## जमीनों के पंद्रह करोड़ दस्तावेज किए डिजिटल, डायवर्जन आसान


विभाग की उपलब्धियां बताते मंत्री वर्मा।

तहसील में जमीनों के रिकार्ड को डिजिटल किया गया है, जिससे दस्तावेजों के मिलान में दिक्कत खत्म हो गई है। प्रदेश में अब तक जमीनों से जुड़े 15 करोड़ दस्तावेजों को डिजिटाइज्ड किया गया है। इधर खेती की जमीन पर आवासीय और व्यवसायिक डायवर्जन कराने की प्रक्रिया को आसान किया जाएगा, जिससे आम लोगों को आसानी होगी।

यह बात बुधवार को राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में मोहन सरकार के दो साल पूरे होने पर उपलब्धियों की जानकारी देते हुए कही। राजस्व मंत्री ने बताया कि तहसीलों में चल रहे प्रकरणों को टाइम लिमिट में निपटाने के लिए न्यायिक और गैर-न्यायिक कामों के लिए अलग-अलग अधिकारियों को तैनात किया गया है। उन्होंने बताया कि साइबर तहसील में 29 फरवरी 2024 से नामांतरण की प्रक्रिया पूरी तरह पेपरलेस और फेसलेस कर दी गई है। अब 20 दिनों के अंदर नामांतरण कर आदेश वाट्सएप एवं ई-मेल से उपलब्ध कराया जा रहा है। साइबर तहसील के माध्यम से अब तक 6 लाख 26 हजार से अधिक नामांतरण प्रकरणों का निराकरण किया गया है, आंशिक खसरा प्रक्रिया को भी ऑनलाइन किया गया है, जिससे प्रतिवर्ष लगभग 8 लाख लोगों को फायदा मिलेगा। मंत्री ने बताया कि गांवों में रहने वाले लोगों को भू-अधिकार पत्र प्रदान किए गए हैं। अब तक 39 लाख 60 हजार से अधिक लोगों को स्वामित्व अधिकार पत्र दिए गए हैं। इस तरह प्रदेश में योजना का 94 प्रतिशत काम पूरा कर लिया गया है। मंत्री ने कहा कि ड्रोन और जियो फेंस तकनीक से फसल गिरदावरी कराई जा रही है। जिससे किसानों को वास्तविक नुकसान का लाभ समय पर मिल सकेगा। वर्ष 2025-26 में अब तक बाढ़ से प्रभावित लोगों को 2 हजार 68 करोड़ 99 लाख रुपए की सहायता राशि दी गई है।

### *खाद्य मंत्री राजपूत बोले, दो वर्षों में सार्वजनिक वितरण प्रणाली, पारदर्शिता और तकनीक पर फोकस*

# 80 वर्ष से अधिक आयु के वृद्धों एवं दिव्यांगजनों सहित लगभग 15 लाख हितग्राहियों को ई-केवाईसी से छूट

खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि ई-केवाईसी प्रक्रिया में काफी प्रगति हुई है। दो वर्ष में लगभग 1 करोड़ 70 लाख से अधिक हितग्राहियों का ई-केवाईसी सत्यापन पूर्ण किया जा चुका है। अब तक 4 करोड़ 97 लाख हितग्राहियों के ई-केवाईसी कराए जा चुके हैं। इस तरह से अब तक लगभग 93 प्रतिशत ई-केवाईसी पूर्ण हो चुके हैं। बायोमीट्रिक के साथ-साथ फेस ऑथेंटिकेशन के माध्यम से भी ई-केवाईसी की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों, 80 वर्ष से अधिक आयु के वृद्धों एवं दिव्यांगजनों सहित लगभग 15 लाख हितग्राहियों को ई-केवाईसी से छूट प्रदान की गई है। साथ ही 14 लाख नए पात्र हितग्राहियों को जोड़कर पात्रता पर्ची जारी की गई है। खाद्य मंत्री राजपूत बुधवार को होटल पलाश में विभाग की 2 वर्ष की उपलब्धियों को लेकर पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों में सार्वजनिक वितरण प्रणाली, उपभोक्ता संरक्षण, किसान हित तथा गैस आपूर्ति के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां अर्जित की गई हैं। विभाग की ओर से योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता एवं तकनीक आधारित निगरानी व्यवस्था को प्राथमिकता दी गई है।


विभाग की उपलब्धियों की जानकारी देते मंत्री राजपूत।

**22 हजार 800 करोड़ रुपए मूल्य का निःशुल्क खाद्यान्न वितरित किया**

खाद्य मंत्री राजपूत ने बताया कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत प्रदेश के 5 करोड़ 25 लाख से अधिक हितग्राहियों को लगभग 22 हजार 800 करोड़ रुपए मूल्य का निःशुल्क खाद्यान्न वितरित किया गया। राशन वितरण प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री अन्न सेवा जागरूकता कार्यक्रम लागू किया गया।

**वन नेशन-वन राशन कार्ड योजना में निःशुल्क राशन**

खाद्य मंत्री राजपूत ने पत्रकारों को बताया कि वन नेशन-वन राशन कार्ड योजना के तहत हर महीने औसतन 39 हजार परिवार अन्य राज्यों में तथा लगभग 6 हजार परिवार अन्य राज्यों से मध्यप्रदेश में निःशुल्क राशन प्राप्त कर रहे हैं।

इसके अलावा लगभग 16 लाख परिवार प्रतिमाह अंतर-जिला पोर्टेबिलिटी का लाभ ले रहे हैं। वहीं जनजाति एवं पहुंचविहीन 89 गांवों में आपका राशन आपके द्वार योजना के माध्यम से घर-घर राशन पहुंचाया जा रहा है। राज्य स्तरीय कंट्रोल कमांड सेंटर से निगरानी भी की जा रही है। एलपीजी आपूर्ति के क्षेत्र में उज्ज्वला एवं गैर-उज्ज्वला योजनाओं में प्रदेश की बहनों की 6 करोड़ 17 लाख गैस रिफिल कराई गईं।

**वेयरहाउसिंग को सुदृढ़ करने तीन एप विकसित**

मंत्री राजपूत ने बताया कि वेयरहाउसिंग व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन की ओर से नमी मापक, फ्यूमिगेशन एवं निरीक्षण से संबंधित तीन मोबाइल ऐप विकसित किए गए हैं, जिससे अनाज भंडारण की रियल टाइम मॉनिटरिंग की जा रही है। समर्थन मूल्य पर गेहूं एवं धान की खरीदी की गई। लगभग 28 लाख किसानों से फसल खरीदी कर 51 हजार करोड़ रुपए का भुगतान किया गया। गेहूं की खरीदी में 175 रुपए प्रति क्विंटल बोनस देकर 2600 रुपए प्रति क्विंटल की दर से भुगतान किया गया।

---

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पं. मालवीय के जन्मोत्सव में की सहभागिता

# अंग्रेजों के विरुद्ध संघर्ष में महामना पं. मदनमोहन मालवीय ने राष्ट्र को दी दिशा



भिण्ड जिले के ग्राम टोला (रावतपुरा सरकार) में जनसभा को संबोधित करते मुख्यमंत्री डॉ. यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भारत की आजादी के कालखंड में राष्ट्र एवं समाज की जड़ों से जुड़ने के लिए पं. मदनमोहन मालवीय की ओर से किए गए कार्य अद्भुत हैं। उन्हें महामना की उपाधि मिली। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को भिण्ड जिले के ग्राम टोला (रावतपुरा सरकार) में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में वरिष्ठ विधायक एवं प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि महामना पं. मालवीय ने अंग्रेजों के विरुद्ध लंबे संघर्ष में राष्ट्र को एक दिशा प्रदान की।

महामना ने राष्ट्र के उत्थान के लिए गंगा के किनारे विश्वविद्यालय की स्थापना कर पवित्र कार्य किया। इसके लिए उन्होंने अखिल भारतीय भ्रमण कर राशि भी जुटाई थी। आज बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के आचार्य एवं विधार्थी दुनिया में ख्याति प्राप्त कर रहे हैं। इसी प्रकार रावतपुरा विश्वविद्यालय में भी विद्यार्थियों को नीति और संस्कार आधारित शिक्षा प्रदान की जा रही है।

***सरकार ने किया विरासत का संरक्षण***

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने विरासत का संरक्षण करते हुए विश्वविद्यालयों के कुलपति को कुलगुरु का नाम दिया है। गुरु हमारे लिए अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाले होते हैं। भारत ने अपने ज्ञान के आधार पर विश्व गुरु के रूप में दुनिया को दिशा प्रदान की। मुख्यमंत्री ने कहा कि रावतपुरा सरकार दरबार में आज भगवान भोलेनाथ और महावीर बजरंगबली के भव्य-दिव्य दर्शन का सौभाग्य मिला है। ईश्वर की कृपा से ही जीवन में साधु-संतों का आशीर्वाद प्राप्त होता है। इस अवसर पर अपने संबोधन में संत रावतपुरा सरकार ने कहा कि महामना पंडित मालवीय की प्रेरणा से हमारी संस्था शिक्षा और सेवा के कार्यों में निरंतर कार्य कर रही है। कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला, डॉ. महेंद्र सिंह, पूर्व सांसद अशोक अर्गल सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।*

## सजा काट रहे अन्य कैदी ने चाकू से किया हमला

# यश शर्मा हत्याकांड के गवाह पर जानलेवा हमला, हालत स्थिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

स्थित केंद्रीय जेल में एक बार फिर सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिन्ह खड़ा हो गया है। बहुचर्चित यश शर्मा हत्याकांड के अहम गवाह कुशाल तोलानी पर जेल के भीतर ही जानलेवा हमला किए जाने की घटना सामने आई है। सूत्रों के अनुसार, कुशाल तोलानी को हाल ही में प्रतिबंधित धाराओं के एक प्रकरण में मात्र एक दिन के लिए न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया था। इसी दौरान हत्याकांड से जुड़े आरोपियों ने कथित रूप से प्रभाव का इस्तेमाल करते हुए उस पर हमला करवाया।

बताया जाता है कि एनडीपीएस एक्ट के तहत सजा काट रहा एक कैदी चाकू लेकर उसके पास पहुंचा और हमला कर दिया, जिससे कुशाल गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका उपचार जारी है और उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। घटना के बाद जेल परिसर में हड़कंप मच गया। ब्लेड और चाकू जैसे प्रतिबंधित हथियारों का जेल के अंदर मिलना प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा करता है।




इससे पहले भी जेल के भीतर गैंगवार और हिंसक झड़पों की घटनाएं सामने आ चुकी हैं, लेकिन सख्त कार्रवाई के अभाव में हालात और बिगड़ते दिखाई दे रहे हैं। कुशाल तोलानी के परिजनों और अधिवक्ताओं ने इस मामले को लेकर कलेक्टर और एसएसपी रायपुर को लिखित शिकायत सौंपी है। उनका आरोप है कि सुनियोजित तरीके से गवाह को जेल भेजकर उसकी हत्या करने की साजिश रची गई और जेल प्रशासन हमले को रोकने में पूरी तरह नाकाम रहा। घटना प्रकाश में आने के बाद जिला प्रशासन और पुलिस विभाग सक्रिय हो गया है। जांच के संकेत दिए गए हैं, हालांकि लगातार हो रही घटनाएं यह दर्शाती हैं कि जेल के भीतर कैदियों की सुरक्षा और गवाहों की सुरक्षा व्यवस्था दोनों ही गंभीर चिंता का विषय बन चुके हैं।

## डीपीसी बैठक के एक माह बाद नोटिफिकेशन जारी

# 4 एसपीएस को मिला आईपीएस कैडर अवॉर्ड विक्रांत, सुरेंद्र, आशीष और राजेश बने आईपीएस

***» अधिकारी एक साल के लिए परिवीक्षा अवधि में रहेंगे***

***» 21 नवंबर को डीपीसी की बैठक आयोजित की गई थी***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य पुलिस सेवा के चार अधिकारियों को आईपीएस कैडर अवॉर्ड मिला है। ये सभी अधिकारी 2024 की डीपीसी में पदोन्नत किए गए हैं और भारतीय पुलिस सेवा के लिए चयनित हुए हैं। इस आदेश में विक्रांत मुरब, सुरेंद्र कुमार जैन, आशीष खरे और राजेश रघुवंशी को आईपीएस अवॉर्ड दिया गया है।

गृह मंत्रालय द्वारा बुधवार को जारी आदेश में कहा गया है कि मध्यप्रदेश के राज्य पुलिस सेवा के अधिकारी विक्रांत मुरब, सुरेंद्र कुमार जैन, आशीष खरे और राजेश रघुवंशी को आईपीएस अवॉर्ड किया जा रहा है। ये चारों अधिकारी एक साल के लिए परिवीक्षा अवधि में रहेंगे। राज्य पुलिस सेवा के 1997 और 1998 बैच के इन अफसरों को आईपीएस पद पर प्रमोट करने के लिए 21 नवंबर को डीपीसी की बैठक हुई थी। विक्रांत मुरब राज्य पुलिस सेवा के 1997 बैच के अधिकारी हैं, जबकि सुरेंद्र कुमार जैन, आशीष खरे और राजेश रघुवंशी 1998 बैच के अधिकारी हैं। डीपीसी बैठक के एक माह बाद बुधवार


आशीष खरे | राजेश रघुवंशी | सुरेंद्र कुमार जैन

को नोटिफिकेशन जारी किया गया है। इससे पहले भी 12 सितंबर को इन पदों के लिए डीपीसी की बैठक हुई थी, लेकिन नोटिफिकेशन जारी होने में देरी और प्रशासनिक कारणों से उसे रद्द कर दिया गया था। इसके बाद 21 नवंबर को समिति की फिर से बैठक बुलाकर अंतिम निर्णय लिया गया। वरिष्ठता सूची में सबसे ऊपर सीताराम ससत्या और अमृत मीणा का नाम था।

**» जाति प्रमाण पत्र को लेकर अमृत मीणा का मामला अटका**

अमृत मीणा के जाति प्रमाण पत्र को लेकर आपत्ति के बाद प्रमोशन अटका हुआ है, वहीं विभागीय जांच के चलते प्रमोशन से वंचित हो गए हैं। डीपीसी के लिए 15 नामों पर विचार किया गया था। इनमें निमिषा पांडेय, राजेश कुमार मिश्रा, मलय जैन, अमित सक्सेना, मनीषा पाठक सोनी, सुमन गुर्जर, सव्यसाची सर्राफ, समर वर्मा और सत्येंद्र सिंह तोमर के नाम शामिल हैं।

---

## महिला और उसके मासूम बच्चे की गुमशुदगी मामले में पुलिस का खुलासा

# जालिम पति ने पत्नी का गला घोंटा, बच्चे को तालाब में फेंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोंडागांव

जिले के फरसगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सिरपुर से लापता महिला और उसके तीन वर्षीय मासूम बच्चे की गुमशुदगी के मामले में पुलिस ने ऐसा खुलासा किया है, जिसने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। यह मामला कोई साधारण गुमशुदगी नहीं, बल्कि एक सोची-समझी दोहरे हत्याकांड की साजिश निकली, जिसका मास्टरमाइंड खुद मृतका का पति था।

फरसगांव पुलिस के अनुसार, ग्राम सिरपुर निवासी भगवती सेठिया और उसका तीन वर्षीय बेटा वात्सल्य सेठिया 22 नवंबर को अचानक लापता हो गए थे। परिजनों ने पहले स्तर पर काफी तलाश की, लेकिन जब कोई सुराग नहीं मिला तो 6 दिसंबर को मृतका के भाई आमदेव महावीर ने फरसगांव थाना पहुंचकर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। जांच के दौरान साइबर सेल और फरसगांव पुलिस की संयुक्त टीम ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पाया कि भगवती सेठिया की आखिरी बातचीत उसके पति रोहित सेठिया से हुई थी। इसके बाद महिला का मोबाइल बंद हो गया। इसी बिंदु पर पुलिस का संदेह गहराया और पति की तलाश शुरू की गई] लेकिन तब तक आरोपी रोहित सेठिया मोबाइल बंद कर फरार हो चुका था।



**तीनों अलग-अलग राज्यों में हुए थे फरार**

एसडीओपी अभिनव उपाध्याय ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि पूछताछ और तकनीकी जांच में यह सामने आया कि रोहित सेठिया ने अपने दो दोस्तों मिथलेश मरकाम और नरेश पांडे के साथ मिलकर अपनी पत्नी और मासूम बेटे की हत्या की योजना बनाई। गिरफ्तारी की भनक लगते ही तीनों अलग-अलग राज्यों की ओर फरार हो गए। कोई करीमनगर, कोई हरिद्वार और कोई कोलकाता। पुलिस की लगातार दबिश के बाद 13 दिसंबर को पहले मिथलेश को पकड़ा गया, फिर उसकी निशानदेही पर नरेश और रोहित को भी गिरफ्तार कर लिया गया।

***प्रेम प्रसंग के चलते दिया वारदात को अंजाम***

*पूछताछ में चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि रोहित सेठिया का बसंती प्रधान नामक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसी कारण उसने पत्नी और बच्चे को रास्ते से हटाने की साजिश रची। आरोपी पत्नी और बच्चे को विशाखापत्तनम घुमाने के बहाने घर से ले गया और ओडिशा मार्ग पर सुनसान जगह में कार के भीतर ही गला घोंटकर दोनों की हत्या कर दी। महिला के शव को पत्थर से बांधकर इंद्रावती नदी में फेंक दिया गया, जबकि मासूम बच्चे की लाश को पास के एक तालाब में ठिकाने लगाया गया।*

***कुल सात आरोपियों की हुई गिरफ्तारी***

*23 दिसंबर को ओडिशा के नवरंगपुर जिले के कुसुमगुड़ा क्षेत्र में इंद्रावती नदी से महिला के शव की शिनाख्त हुई। पुलिस ने मुख्य आरोपी रोहित सेठिया, उसके दोस्त मिथलेश मरकाम और नरेश पांडे के अलावा हत्या में सहयोग करने के आरोप में रोहित के पिता रामचंद सेठिया, मां उर्मिला सेठिया, मामा प्रभु पांडे और प्रेमिका बसंती प्रधान को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कुल सात आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है, जबकि विवेचना अभी जारी है। इधर इस जघन्य हत्याकांड को लेकर मृतका के परिजनों और कलार समाज में भारी आक्रोश है। परिजनों ने सभी आरोपियों को फांसी की सजा देने की मांग की है। साथ ही शासन-प्रशासन से आरोपियों के घरों पर बुलडोजर कार्रवाई की मांग करते हुए कहा है कि ऐसे घिनौने अपराधियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि भविष्य में कोई ऐसा अपराध करने की हिम्मत न कर सके।*

## हादसे की जांच शुरू, खबर से क्षेत्र में शोक की लहर

# ट्रेन की चपेट में आने से युवक की दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गौरेला पेंड्रा मरवाही

पुरानी बस्ती निवासी युवक की मथुरा-वृंदावन यात्रा से लौटते समय दर्दनाक हादसे में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान आकाश रजक के रूप में हुई है, जो अपने परिजनों के साथ धार्मिक यात्रा पर गया हुआ था। वापसी के दौरान कटनी रेलवे स्टेशन पर वह ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार, आकाश रजक 19 दिसंबर को अपने परिवार के साथ मथुरा-वृंदावन दर्शन के लिए रवाना हुआ था। यात्रा पूरी कर सभी लोग ट्रेन से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान कटनी रेलवे स्टेशन पर यह हृदयविदारक हादसा हो गया। बताया



जा रहा है कि स्टेशन परिसर में ट्रेन की चपेट में आने से आकाश गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसके बाद उसकी मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिवार के सदस्य तत्काल कटनी के लिए रवाना हो गए हैं। रेलवे पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई की जा रही है तथा घटना के कारणों की जांच की जा रही है। प्रारंभिक तौर पर इसे रेलवे हादसा माना जा रहा है, हालांकि विस्तृत जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।



# 17 साल बाद लौटे तारिक रहमान, अब तेज होगा घमासान



बांग्लादेश के ढाका में भव्य स्वागत

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के कार्यकारी अध्यक्ष तारिक रहमान गुरुवार को ढाका पहुंच गए। वह 17 साल के अंतराल के बाद ब्रिटेन से स्वदेश लौटे हैं। बीएनपी की स्थायी समिति के सदस्यों ने हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया। उनके साथ उनकी पत्नी जुबैदा रहमान और बेटी जैमा रहमान भी थीं। तारिक रहमान ने बांग्लादेश पहुंचने पर ढाका में एक विशाल रैली को भी संबोधित किया, जहां उन्होंने भविष्य की अपनी योजनाओं समेत कई मुद्दों पर बात की। तारिक रहमान ने कहा कि जिस तरह देश के लोगों ने 1971 में आजादी हासिल की थी, उसी तरह 2024 में समाज के सभी स्तरों के लोगों ने मिलकर देश की आजादी और संप्रभुता की रक्षा की। आज, बांग्लादेश के लोग बोलने का अपना अधिकार वापस पाना चाहते हैं। वे अपने लोकतांत्रिक अधिकार वापस पाना चाहते हैं।

*मार्टिन लूथर किंग जूनियर के मशहूर उद्धरण 'मेरा एक सपना है' का ज़िक्र करते हुए, तारिक रहमान ने कहा कि मेरे पास एक प्लान है। उन्होंने संकेत दिया कि उनके पास देश बनाने का एक प्लान है और उन्होंने हर नागरिक से सहयोग की अपील की, यह कहते हुए कि केवल सामूहिक समर्थन से ही प्लान को सफलतापूर्वक लागू किया जा सकता है*

सुरक्षित बांग्लादेश बनाने पर दिया जोर

बोलने का अधिकार वापस देना चाहते



तारिक रहमान का स्वागत करते समर्थक

### सभी मिलकर काम करें

तारिक रहमान ने आगे कहा कि देश को बनाने के लिए अब सभी को मिलकर काम करने का समय आ गया है। उन्होंने बांग्लादेश की विविधता पर जोर दिया, यह बताते हुए कि यह देश पहाड़ों और मैदानों के लोगों, मुसलमानों, हिंदुओं, बौद्धों और ईसाइयों का घर है। उन्होंने एक सुरक्षित बांग्लादेश बनाने के लक्ष्य पर ज़ोर दिया, एक ऐसा देश जहां हर महिला, पुरुष या बच्चा अपने घर से निकलकर सुरक्षित वापस लौट सके।

**लोकतांत्रिक नींव पर देश का निर्माण हो**

*तारिक रहमान ने इस बात पर जोर दिया कि युवा पीढ़ी भविष्य में देश का नेतृत्व करेगी। उन्होंने मजबूत आर्थिक स्थिरता के साथ लोकतांत्रिक नींव पर देश के निर्माण पर जोर दिया, और बार-बार दोहराया कि हम देश में शांति चाहते हैं। रहमान ने कहा कि हम सब मिलकर काम करेंगे और अपना बांग्लादेश बनाएंगे। उन्होंने वहाँ मौजूद सभी लोगों का आभार भी व्यक्त किया।*

### बांग्लादेश के लिए एक प्लान है

मार्टिन लूथर किंग जूनियर के मशहूर उद्धरण 'मेरा एक सपना है' का ज़िक्र करते हुए, तारिक रहमान ने कहा कि मेरे पास एक प्लान है। उन्होंने संकेत दिया कि उनके पास देश बनाने का एक प्लान है और उन्होंने कहा कि केवल सामूहिक समर्थन से ही प्लान को सफलतापूर्वक लागू किया जा सकता है।

### लोगों को आर्थिक अधिकार मिलें

उन्होंने कहा कि देश के लोगों को उनके आर्थिक अधिकार वापस मिलें। भविष्य का बांग्लादेश उसी तरह बनाया जाना चाहिए जैसा सोचा गया था। यह उसी तरह हो जैसा 1971 और 2024 में शहीद हुए लोगों ने सोच रखा था।

**अवामी लीग का आरोप**

## ये बैकडोर डील का हिस्सा

*लंबे निर्वासन के बाद बीएनपी के कार्यकारी अध्यक्ष तारिक रहमान की देश वापसी को लेकर सियासी घमासान छिड़ गया है। अवामी लीग के छात्र संगठन ने आरोप लगाया है कि यह वापसी लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए नहीं, बल्कि एकतरफा चुनाव कराने की 'बैकडोर डील' का हिस्सा है। बांग्लादेश छात्र लीग के अध्यक्ष सद्दाम हुसैन ने कहा कि तारिक रहमान की घर वापसी से देश में स्थिरता नहीं आएगी, बल्कि राजनीतिक ध्रुवीकरण और बढ़ेगा। उनका दावा है कि यह पूरा घटनाक्रम अवैध सरकार और बीएनपी-जमात गठबंधन के बीच एक समझौते का नतीजा है, जिसका मकसद चुनाव को पहले से तय नतीजों की ओर ले जाना है।*

## एक और हिंदू युवक की हत्या

*बांग्लादेश के राजबाड़ी जिले के पांगशा उपजिला में बुधवार रात एक और हिंदू युवक की भीड़ द्वारा पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। पुलिस के अनुसार, युवक पर जबरन वसूली (एक्सटॉर्शन) का आरोप लगाया गया था। यह घटना रात करीब 11 बजे कलीमोहर यूनियन के होसेंदंगा गांव में हुई। पांगशा सर्कल के सहायक पुलिस अधीक्षक देब्रत सरकार ने बताया कि मृतक की पहचान अमृत मंडल, उर्फ सम्राट, के रूप में हुई है। पुलिस ने सम्राट को गंभीर हालत में भीड़ से बचाया। उसे तुरंत पांगशा उपजिला स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान रात करीब 2 बजे डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।*

**अंतरिम सरकार का ऐलान**

## फरवरी के चुनाव में हिस्सा नहीं ले सकेगी अवामी लीग

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग



फरवरी 2026 में होने वाले राष्ट्रीय संसदीय चुनावों में हिस्सा नहीं ले सकेगी। सरकार ने कहा है कि पार्टी की गतिविधियों पर प्रतिबंध होने के कारण उसे चुनाव लड़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी। अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार के प्रेस सचिव शफीकुल आलम ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने सलाहकार परिषद की बैठक के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि अवामी लीग की राजनीतिक गतिविधियां प्रतिबंधित हैं और चुनाव आयोग ने पार्टी का पंजीकरण भी रद्द कर दिया है, इसलिए वह आगामी चुनाव में भाग नहीं ले सकती।

**पूर्व पीएम हसीना बोलीं**

## चुनाव नहीं ताजपोशी होगी

चुनाव से बाहर किए जाने पर पूर्व पीएम शेख हसीना ने कड़ा विरोध जताया है। उन्होंने कहा कि अवामी लीग के बिना चुनाव, चुनाव नहीं बल्कि ताजपोशी होगी। हसीना



ने कहा कि जब लोगों को अपनी पसंदीदा पार्टी को वोट देने का मौका नहीं मिलता, तो वे वोट ही नहीं करते। अगर अवामी लीग पर प्रतिबंध जारी रहा, तो लाखों लोग मतदान से वंचित हो जाएंगे। ऐसे चुनाव से बनने वाली सरकार के पास शासन करने का नैतिक अधिकार नहीं होगा। उन्होंने यह भी कहा कि इस समय बांग्लादेश को राष्ट्रीय मेल-मिलाप की सख्त जरूरत है और यह फैसला एक बड़ा अवसर चूकने जैसा है। बता दें, जुलाई में हुए छात्र आंदोलन के बाद शेख हसीना की सरकार सत्ता से हट गई थी। फरवरी 2026 में बांग्लादेश में चुनाव होंगे।

## सुरक्षा में 4,000 सैन्य कर्मी तैनात



रहमान की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ढाका में करीब 4,000 सैन्य कर्मी, अर्धसैनिक बल बॉर्डर गार्ड बांगलादेश (बीजीबी), दंगा नियंत्रण उपकरणों में सुसज्जित पुलिसकर्मी और सादे कपड़ों में पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे। एक वीडियो में रहमान ने कहा कि मैं अपनी और अपने परिवार की ओर से आपका धन्यवाद करता हूं। खासकर, मेरी सुरक्षा के लिए उठाए गए कदमों के लिए कृतज्ञता व्यक्त करता हूं। रहमान ढाका के एवरेकेयर अस्पताल में अपनी मां और बीएनपी अध्यक्ष खालिदा जिया (88) से मिलने जाएंगे। तीन बार पीएम चुकी हैं जिया अस्पताल के 'इंटेंसिव केयर यूनिट' (आईसीयू) में इलाज करा रही हैं।

**खबर संक्षेप**

### अस्पताल में 8 घंटे इंतजार के बाद भारतीय की मौत

**टोरंटो।** कनाडा के एक अस्पताल में भारतीय मूल के 44 साल के



प्रशांत श्रीकुमार को करीब 8 घंटे तक इंतजार करवाने की वजह से मौत हो गई। 22 दिसंबर को उनके सीने में तेज दर्द की शिकायत हुई। इसके बाद उन्हें एडमॉन्टन्स ग्रे नन हॉस्पिटल ले गया। अस्पताल के कर्मचारियों ने प्रशांत का ईसीजी करने के बाद कहा कि ज्यादा गंभीर बात नहीं है। उन्हें टॉयलेनोल की कुछ गोलियां दी गईं। वेटिंग एरिया में इंतजार करने को कहा गया।

### मस्जिद में विस्फोट, 5 की मौत, 35 घायल

**लागोस।** नाइजीरिया के उत्तर पूर्वी राज्य मैदुगुरी में बुधवार रात एक



मस्जिद में नमाज के दौरान बम विस्फोट में पांच लोगों की मौत हो गई और 35 लोग घायल हो गए। बोर्नो राज्य के पुलिस कमान के प्रवक्ता नाहूम दासो ने एक बयान में कहा कि प्रारंभिक जांच से लगता है कि यह आत्मघाती बम विस्फोट हो सकता है, क्योंकि संदिग्ध आत्मघाती जैकेट के टुकड़े बरामद हुए हैं और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान भी दर्ज किए गए हैं। घटना के वास्तविक कारण का पता लगाने के लिए जांच जारी है।

### केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने बताया 'एक बड़ी सफलता'

# ओडिशा में मुठभेड़ में 1.1 करोड़ के इनामी गणेश उइके समेत 6 नक्सली मारे गए

2 महिलाओं समेत 3 की पहचान नहीं हुई कई क्षेत्रों में अभियान अभी भी जारी

एजेंसी ▶▶ भुवनेश्वर

ओडिशा के कंधमाल जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में शीर्ष माओवादी गणेश उइके सहित छह नक्सली मारे गए। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इसे 'एक बड़ी सफलता' बताया, जबकि सीएम मोहन चरण माझी ने इसे 'नक्सल मुक्त भारत' के निर्माण की दिशा में एक 'उल्लेखनीय सफलता' बताया। राज्य में नक्सल विरोधी अभियानों का नेतृत्व कर रहे एक वरिष्ठ अधिकारी संजीव पांडा ने बताया कि भाकपा (माओवादी) केंद्रीय समिति के सदस्य उइके ओडिशा में प्रतिबंधित संगठन का प्रमुख था और उस पर 1.1 करोड़ रुपए का इनाम था। बुधवार रात बेलघर थाना क्षेत्र के गुम्मा जंगल में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में छत्तीसगढ़ के दो माओवादी मारे गए।



नक्सली गणेश उइके

उन्होंने बताया कि गुरुवार सुबह चकापाड थाना क्षेत्र के एक जंगल में फिर से मुठभेड़ हुई, जिसमें उइके समेत 4 अन्य माओवादी मारे गए। उनमें से एक की पहचान 69 वर्षीय गणेश उइके के रूप में हुई है। वह तेलंगाना के नलगोंडा जिले के चेंदूर मंडल के पुल्लेमाला गांव का निवासी था। गणेश उइके को पक्का हनुमंतु, राजेश तिवारी, चमरू और रूपा के नाम से भी जाना जाता है। अधिकारी ने बताया कि दो महिलाओं समेत अन्य तीन नक्सलियों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है।

### नक्सलवाद को जड़ से खत्म करेंगे: शाह



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि ओडिशा के कंधमाल में चलाये गये एक बड़े अभियान में केंद्रीय समिति के सदस्य गणेश उइके समेत छह नक्सलियों को मार गिराया गया है। इस बड़ी सफलता के साथ ओडिशा नक्सलवाद से पूरी तरह मुक्त होने की कगार पर है। हम 31 मार्च 2026 से पहले नक्सलवाद को जड़ से खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### हिडमा के बाद बड़ी कार्रवाई

गणेश उइके का मारा जाना हिडमा के बाद बड़ी कार्रवाई है। 18 नवंबर को कुख्यात माओवादी कमांडर माडवी हिडमा (43) को सुरक्षाबलों ने आंध्र प्रदेश में ढेर कर दिया था। उस पर 2013 के दरभा घाटी नरसंहार और 2017 का सुकमा हमला सहित कम से कम 26 सशस्त्र हमलों का जिम्मेदार था। उस पर एक करोड़ का इनाम था।

### सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्रथमिकता

*ओडिशा के सीएम मोहन चरण माझी ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा कि आज ओडिशा ने 'नक्सल मुक्त भारत' के निर्माण के अभियान में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। हम नक्सलवाद को पूरी तरह से खत्म करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। राज्य का विकास और जनता की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। शांति और प्रगति ही ओडिशा के भविष्य की दिशा तय करेगी।*



### दो राइफल जब्त

*पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) वाईबी खुरानिया ने कहा कि खुफिया जानकारी के आधार पर गुरुवार की सुबह कंधमाल जिले के चाकापड़ पुलिस थाना क्षेत्र और गंजाम जिले के राम्भा वन रेंज से सटे इलाकों में ओडिशा पुलिस के विशेष अभियान दल की 20, सीआरपीएफ की दो और बीएसएफ के एक दल समेत 23 दलों को शामिल करते हुए एक संयुक्त अभियान शुरू किया गया। बुधवार को दो नक्सली मारे गए और गुरुवार सुबह चार अन्य मारे गए। बुधवार रात मारे गए नक्सलियों की पहचान भाकपा (माओवादी) के क्षेत्र समिति सदस्य बारी उर्फ राकेश और दलम सदस्य अमृत के रूप में हुई है, दोनों छत्तीसगढ़ के रहने वाले थे। गुरुवार को मारे गए 4 लोगों के पास से दो राइफल और .303 की एक राइफल भी जब्त की गई।*

### अमेरिका से ट्रेड डील पर बनेगी बात!

# ट्रंप के खास सर्गियो से मिले क्वात्रा, व्यापार पर की चर्चा

### द्विपक्षीय साझेदारी पर ध्यान केंद्रित किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और अमेरिका ने आर्थिक संबंधों को और गहरा करने की दिशा में एक और कदम बढ़ाया है। वॉशिंगटन में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा ने सर्जियो गोर के साथ मुलाकात और बात की है। इसमें व्यापार संबंधों के साथ ही नई दिल्ली और वॉशिंगटन के बीच व्यापक द्विपक्षीय साझेदारी पर ध्यान केंद्रित किया गया। विनय मोहन क्वात्रा और सर्जियो गोर के बीच यह बैठक 'मार-ए-लागो' में हुई, जहां दोनों राजदूतों ने साझा प्राथमिकताओं पर चर्चा की।

ट्रंप के करीबी माने जाने वाले सर्जियो गोर भारत में अगले अमेरिकी राजदूत के रूप में कार्यभार संभालने की तैयारी कर रहे हैं। इसी बीच दोनों देशों के राजदूतों की मुलाकात हुई। भारत के राजदूत क्वात्रा ने एक्स पर एक पोस्ट में इस मीटिंग का जिक्र किया।

उन्होंने कहा कि मार-ए-लागो में सर्जियो गोर से मिलकर खुशी हुई। इस दौरान व्यापार संबंधों को मजबूत करने के हमारे साझा लक्ष्यों पर व्यापक चर्चा हुई, साथ ही, भारत में अमेरिका के राजदूत के तौर पर अपनी जिम्मेदारी संभालने की तैयारी कर रहे गोर ने अपनी योजनाओं और प्राथमिकताओं के बारे में भी बताया।



विनय क्वात्रा (बाएं), सर्जियो गोर

### रिश्तों में सुधार की कोशिश

*क्वात्रा ने कहा कि बातचीत में इंडिया-अमेरिका पार्टनरशिप के भविष्य की दिशा पर भी बात हुई। वहीं, वहीं, सर्जियो गोर ने भी एक्स पर अलग पोस्ट में इस मुलाकात को सकारात्मक बताया। उन्होंने कहा कि यह मार-ए-लागो में क्वात्रा की पहली यात्रा थी। अमेरिका में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा से मिलना हमेशा सुखद होता है। उन्होंने क्रिसमस और नव वर्ष की शुभकामनाएं भी दीं। भारत और अमेरिका के बीच एक बड़े व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की तैयारी है। भारत चाहता है कि कुछ भारतीय निर्यात पर लगे टैरिफ को हटाया जाए। बाजारों में अपनी पहुंच बढ़ाना चाहते हैं और निवेश को बढ़ावा देना चाहते हैं।*

### कंबोडिया में भगवान विष्णु की प्रतिमा गिराने पर भारत ने जताई थी चिंता

सीमा विवाद को बातचीत व कूटनीति के जरिए सुलझाएं: भारत

# थाईलैंड की सफाई, यह कार्रवाई 'धार्मिक' नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

थाईलैंड और कंबोडिया की सीमा पर थाईलैंड की सेना ने भगवान विष्णु की एक मूर्ति तोड़ दी, जिस पर भारत ने चिंता जताई। थाईलैंड ने इस मामले पर स्पष्टीकरण जारी कर कहा कि हिंदू देवता की मूर्ति जहां स्थापित थी वह जगह रिलीजियस प्रक्टिस के लिए रजिस्टर्ड नहीं थी। इसके अलावा थाईलैंड ने इसे सुरक्षा से जुड़ा मुद्दा भी बताया। इस मामले भारत ने कहा कि इस तरह के 'अपमानजनक' कृत्य से दुनिया भर में श्रद्धालुओं की भावनाएं आहत होती हैं। साथ ही भारत ने थाईलैंड और कंबोडिया से अपने सीमा विवाद को बातचीत व कूटनीति के जरिए सुलझाने का आग्रह किया। थाई-कंबोडियन बॉर्डर प्रेस सेंटर ने कहा कि हिंदू देवता की मूर्ति को तोड़ने का उद्देश्य धर्म या आस्था से संबंधित नहीं था। थाईलैंड ने इस बात पर भी जोर दिया कि वह हिंदू धर्म सहित सभी धर्मों का समान रूप से सम्मान करता है।



भगवान विष्णु की मूर्ति को गिराती थाईलैंड की सेना

### यह कृत्य ठेस पहुंचाने वाला

*विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हमने हाल के समय में बनाई गई एक हिंदू देवता की मूर्ति को तोड़े जाने की खबरें देखी हैं, जो थाईलैंड-कंबोडिया सीमा विवाद से प्रभावित क्षेत्र में स्थित थी। हिंदू और बौद्ध देवताओं को पूरे क्षेत्र में लोग गहरी श्रद्धा और भक्ति के साथ पूजते हैं और यह हमारी साझा सभ्यतागत विरासत का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय दावों से इतर, इस तरह के अपमानजनक कृत्य दुनिया भर के श्रद्धालुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाते हैं और ऐसा नहीं होना चाहिए।*

### सीमा पर तनाव बढ़ने की आशंका

थाईलैंड के अधिकारियों ने कहा कि यह प्रतिमा बाद में स्थापित की गई थी और इसे धार्मिक स्थल के रूप में आधिकारिक मान्यता प्राप्त नहीं थी। अगर इसे नहीं हटाया जाता तो संवेदनशील बॉर्डर पर तनाव बढ़ा सकते थे। अधिकारी के अनुसार, यह भगवान विष्णु की ये प्रतिमा विवादित सीमा के पास चोंग आन मा क्षेत्र में स्थित थी। थाईलैंड इसे कंबोडियाई सैनिकों द्वारा उसकी दावा की गई जमीन पर संप्रभुता जताने के लिए स्थापित एक प्रतीक के रूप में देखता था। कंबोडिया ने इसे लेकर नाराजगी जताते हुए कहा कि मूर्ति उसके इलाके में थी, जिसे थाईलैंड ने अवैध तरीके से गिरा दिया।

### नवी मुंबई एयरपोर्ट पर पहली फ्लाइट को वाटर कैनन सैल्यूट



*मुंबई। नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (एनएमआईए) से वाणिज्यिक उड़ानों का संचालन गुरुवार से शुरू हो गया। बेंगलुरु से इंडिगो की पहली उड़ान सुबह करीब आठ बजे यहां उतरी। आगमन पर फ्लाइट को पारंपरिक वाटर कैनन सैल्यूट दिया गया। इंडिगो की दूसरी फ्लाइट ने नवी मुंबई से हैदराबाद के लिए उड़ान भरी। इसके साथ ही एयरपोर्ट का पहला आगमन और प्रस्थान चक्र पूरा हुआ। एयरपोर्ट अथॉरिटी ने इसे एनएमआई की पहली कॉमर्शियल लैंडिंग और टेक-ऑफ बताया।*

# देसी-विदेशी शराब का जखीरा बरामद





### गोरखपुर में विदेशी शराब जप्त, पनागर में देसी महुया लाहन नष्ट

**जबलपुर।** जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, विक्रय और परिवहन पर प्रभावी रोक लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आबकारी विभाग ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। विभाग द्वारा की गई कार्रवाई में लगभग चार लाख रुपये मूल्य की अवैध विदेशी मदिरा एवं महुआ लाहन जब्त किया गया है। सहायक जिला आबकारी अधिकारी एवं नियंत्रण कक्ष प्रभारी परमानन्द कोरचे ने बताया आबकारी टीम ने थाना गोरखपुर अंतर्गत कालीबाड़ी कृपाल चौक, हाथीताल एवं गुप्तेश्वर क्षेत्र में सघन कार्रवाई की। मुखबिर से प्राप्त पुख्ता सूचना के आधार पर टीम ने एक रिहायशी मकान में दबिश दी, जहां अवैध रूप से विदेशी मदिरा का भंडारण किया जा रहा था। तलाशी के दौरान मौके से बड़ी मात्रा में उच्च श्रेणी की विभिन्न ब्रांड्स की विदेशी मदिरा बरामद की गई। जब्त की गई मदिरा में ओल्ड मॉन्क रम, बैगपाइपर व्हिस्की, सिग्नेचर, ब्लैक एंड व्हाइट, रॉयल चैलेंज, ब्लेंडर प्राइड, 8 पीएम, बकार्डी ब्लैक, ओल्ड मॉन्क रिजर्व, माइल स्टोन, रॉयल स्टैग, ऑल सीजन, मैकडवेल्स व्हिस्की, बकार्डी लेमन रम और व्हाइट मिसचीफ जैसी महंगी ब्रांड्स शामिल हैं। कुल 285.66 बल्क लीटर विदेशी मदिरा जब्त की गई।

इस मामले में आरोपी के विरुद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 (संशोधित 2000) की धारा 34(1)क एवं 34(2) के तहत गैर-जमानती अपराध पंजीबद्ध किया गया है। कार्रवाई के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

### पनागर क्षेत्र में महुआ लाहन नष्ट

इसी क्रम में आबकारी टीम ने थाना पनागर अंतर्गत ककरहाई तालाब के पास जंगल क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर दबिश दी। यहां से 10 लीटर हाथ भट्टी मदिरा एवं लगभग 800 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद किया गया। अवैध गतिविधियों को रोकने के उद्देश्य से महुआ लाहन को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। इस संबंध में मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)क एवं 34(च) के तहत तीन अलग-अलग प्रकरण कायम किए गए हैं।

**पाटीदार समाज भवन में उमा द्वार का किया लोकार्पण**

# मार्च तक विधानसभा क्षेत्र की कोई भी सड़क अधूरी नहीं रहेगी: लोक निर्माण मंत्री



**जबलपुर।** मध्यप्रदेश शासन के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने मदन महल स्थित कच्छ पाटीदार समाज भवन में नवनिर्मित 'उमा द्वार' का लोकार्पण किया। इस अवसर पर महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज और एमआईसी सदस्य राम सोनकर विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मंत्री श्री सिंह ने समाज के भवन में निर्माण कार्य के लिए अपनी निधि से 10 लाख रुपये देने की घोषणा की। समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री श्री सिंह ने कहा कि पाटीदार समाज के बीच आकर मुझे हमेशा अपनेपन का अहसास होता है। यह मेरा परिवार है और यहाँ आने के लिए मुझे किसी औपचारिकता की आवश्यकता नहीं होती। उन्होंने समाज के अनुशासन की सराहना करते हुए कहा कि पाटीदार समाज के लोग अत्यंत अनुशासित हैं और सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं।

### विकास कार्यों की झड़ी: मार्च तक सभी सड़कें होंगी पक्की

क्षेत्र में हुए विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि पिछले डेढ़ वर्षों में लगभग 2000 करोड़ रुपये के विकास कार्य स्वीकृत किए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश का सबसे बड़ा फ्लाईओवर शहर को मिल चुका है। इसके अलावा नर्मदा जी के किनारे देश का पहला और अनूठा घाट बनने जा रहा है। अन्य कई फ्लाईओवर भी इस विधानसभा में प्रस्तावित हैं। श्री सिंह ने आश्वस्त किया कि उनकी कोशिश है कि आगामी मार्च माह तक पश्चिम विधानसभा क्षेत्र की किसी भी कॉलोनी की कोई भी सड़क कच्ची या अधूरी न रहे। शेष बची सभी सड़कों के निर्माण कार्य स्वीकृत कर उन्हें पूर्ण कराया जाएगा। मंत्री श्री सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि उन्होंने समाज के प्रतिनिधियों से भवन की आवश्यकताओं के बारे में पूछा था, जिस पर उन्होंने अभी कोई मांग नहीं रखी। इस पर मंत्री श्री सिंह ने अपनी ओर से पहल करते हुए भवन परिसर में किसी भी आवश्यक निर्माण कार्य के लिए 10 लाख रुपये देने की घोषणा की। कार्यक्रम के अंत में खेल प्रतियोगिताओं की विजेता और उपविजेता टीमों को अतिथियों द्वारा ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान समाज के वरिष्ठ जन, मातृशक्ति और युवा बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# महाराष्ट्र शिक्षण मंडल का शताब्दी वर्ष समारोह 27 से 29 दिसंबर तक

**जबलपुर।** महाराष्ट्र शिक्षण मंडल जबलपुर अपने वर्ष 2025-26 को शताब्दी वर्ष के रूप में मना रहा है। इस अवसर पर 27 से 29 दिसंबर 2025 तक मानस भवन, राईट टाउन में त्रिदिवसीय मुख्य कार्यक्रम आयोजित होगा।

**पहला दिन – 27 दिसंबर (शनिवार):** कार्यक्रम की शुरुआत मराठी, हिंदी और अंग्रेजी माध्यम के पूर्व छात्रों के सम्मेलन से होगी। मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के पूर्व छात्र और जबलपुर कैंट क्षेत्र के विधायक अशोक रोहाणी उपस्थित रहेंगे। वरिष्ठ पूर्व छात्रों और बोर्ड/विश्वविद्यालय में उत्कृष्टता प्राप्त छात्रों का सम्मान किया जाएगा। नगर के हास्य-व्यंग कलाकार केके नायकर का हास्य-व्यंग कार्यक्रम और सहभोजन भी आयोजित होगा। सायंकाल 6 बजे मुंबई से विशेष रूप से आमंत्रित हास्यव्यंग कलाकार समीर चौघुले अपनी प्रस्तुति देंगे।

**दूसरा दिन – 28 दिसंबर (रविवार):** मुख्य कार्यक्रम का उद्घाटन मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अध्यक्षता में होगा। विशिष्ट अतिथि के रूप में राकेश सिंह, लोक निर्माण मंत्री और राव उदय प्रताप सिंह, शिक्षा मंत्री उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में शिक्षण मंडल के सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान, छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और पुणे से विशेष रूप से आमंत्रित गायक कलाकार हृषिकेश रानडे एवं मधुरा दातार के मराठी/हिंदी गीतों का कार्यक्रम शामिल है।

**तीसरा दिन – 29 दिसंबर (सोमवार):** अंतिम दिन महाकोशल विद्यालय एवं महाराष्ट्र महाविद्यालय के पूर्व छात्रों का सम्मेलन होगा। मुख्य अतिथि के रूप में महाकोशल विद्यालय के पूर्व छात्र और जबलपुर पूर्व क्षेत्र के विधायक लखन घनघोरिया उपस्थित रहेंगे। वरिष्ठ पूर्व छात्रों और प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त छात्रों का सम्मान किया जाएगा। इसके बाद छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। शाम 6 बजे पुणे से विशेष आमंत्रित गायक कलाकार हृषिकेश रानडे और मधुरा दातार हिंदी गीत प्रस्तुत करेंगे। रात्रि सहभोजन के साथ त्रिदिवसीय कार्यक्रम का समापन होगा। नगर के प्रबुद्ध नागरिक जो सायंकाल 6 बजे आयोजित कार्यक्रमों का आनंद लेना चाहते हैं, वे महाराष्ट्र विद्यालय, राईट टाउन स्थित शिक्षण मंडल कार्यालय, कमरा क्रमांक 9 से प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकते हैं।

## ओएफके स्पोर्ट्स क्लब की पहल: खमरिया में क्रिकेट अकादमी का शुभारंभ



### आधुनिक सुविधाओं से लैस अकादमी से निखरेंगी क्षेत्र की युवा खेल प्रतिभाएं

**जबलपुर।** आयुध निर्माणी खमरिया (ओएफके) स्पोर्ट्स क्लब द्वारा खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए क्रिकेट अकादमी का शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम सुभाष ग्राउंड में मुख्य महाप्रबंधक शैलेश वगेरवाल की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एमआईएल डब्लूडब्लूए खमरिया ब्रांच की अध्यक्षा सुषमा वगेरवाल रहीं, जिन्होंने विधिवत रूप से क्रिकेट अकादमी का उद्घाटन किया। शुभारंभ समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य महाप्रबंधक शैलेश वगेरवाल ने कहा कि खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने बताया कि ओएफके के पास दो सुव्यवस्थित एवं हरे-भरे क्रिकेट मैदान, आधुनिक बॉलिंग मशीन, पांच टर्फ विकेट तथा प्रशिक्षित और अनुभवी कोच की सुविधाएं उपलब्ध हैं। इन अत्याधुनिक संसाधनों के साथ शुरू की गई यह क्रिकेट अकादमी निश्चित रूप से आने वाले समय में उच्च स्तर की उपलब्धियां हासिल करेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि इस अकादमी के माध्यम से क्षेत्र के नवोदित खिलाड़ियों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्राप्त होगा, जिससे वे जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकेंगे। मुख्य महाप्रबंधक ने कहा कि खेल अनुशासन, टीम भावना, नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास जैसे गुणों को विकसित करते हैं, जो युवाओं के व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मुख्य अतिथि सुषमा वगेरवाल ने अपने उद्बोधन में इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि खेल गतिविधियां युवाओं को सकारात्मक दिशा प्रदान करती हैं और स्वस्थ समाज के निर्माण में अहम योगदान देती हैं।

## शुभ विवाह विप्र समाज संस्था का तृतीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन संपन्न



**जबलपुर।** शुभ विवाह विप्र समाज संस्था का तृतीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन गुरुवार को श्री साकेत धाम गौरीघाट जबलपुर में संपन्न हुआ। सर्वप्रथम श्री वेद वेदांग संस्कृत विद्यालय के वैदिक विद्वानों के शश्वर वेद पाठ के साथ कार्यक्रम प्रारंभ हुआ, इसके पश्चात पूज्य स्वामी गिरीशानंद सरस्वति महाराज के द्वारा सभी उपस्थितजनों को आशीर्वाद प्रदान किया गया। डॉ. राजीव लोचन त्रिपाठी ने भी विवाह संबंधित एवं शुभ विवाह विप्र समाज संस्था के कार्यों के बारे में भी जानकारी प्रदान की। आयोजन में संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित रामाधार प्यासी, सचिव पंडित विभव त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष पंडित किशोर कुमार तिवारी, संजय गर्ग, विद्याधर प्यासी, संजय तिवारी, आरके द्विवेदी, रश्मि अरुण तिवारी, संध्या प्यासी, हर्षिता प्यासी, शुभांगी प्यासी, माया उपाध्याय, आभा तिवारी आदि की उपस्थिति रही।

# खाटू वाले श्याम बाबा का दो दिवसीय वार्षिकोत्सव कल से




**जबलपुर।** श्री श्याम महिमा मंडल द्वारा आगामी 27 व 28 दिसम्बर को खाटू वाले श्याम बाबा का 21वां वार्षिकोत्सव काफी धूमधाम से मनाया जाने वाला है जिसके अन्तर्गत 27 दिसम्बर को विशाल शोभायात्रा पूर्वान्ह 11 बजे बलदाऊ जी मंदिर कोतवाली से प्रारंभ होकर बगला मुखी मंदिर मालवीय चौक में विधिवत समापन होगी। इस शोभा यात्रा में हजारों श्रद्धालु शामिल होंगे और भक्ति भाव से श्याम प्रभु के जयकारे लगाते हुए नगर भ्रमण करेंगे। इसके उपरांत 28 दिसम्बर को शाम 5 बजे से सिटी बंगाली क्लब, करमचंद चौक में भव्य भजन संध्या "एक शाम खाटू वाले श्याम के नाम" का आयोजन किया जाएगा। इस भजन संध्या में जयपुर, राजस्थान के सुप्रसिद्ध भजन गायक आयुष सोमानी व कार्तिक जैन म्यूजिकल ग्रुप, इंदौर अपनी प्रस्तुतियाँ देंगे और श्याम भक्तों को भक्तिरस में सराबोर करेंगे। भजन संध्या के अवसर पर अलौकिक पुष्प श्रृंगार, अखंड जोत, छप्पन भोग, फूलों की होली और श्याम की रसोई जैसी दिव्य झाँकियाँ भक्तों के दर्शन के लिए उपलब्ध रहेंगी। इस आयोजन को लेकर आज एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई, जिसमें समिति के अधयक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल, सचिव पवन बगदोरिया व अन्य पदाधिकारियों ने बताया कि यह निःशुल्क आयोजन पूरी तरह भक्तिमय माहौल में संपन्न होगा और नगर के श्रद्धालुओं के लिए एक अद्वितीय आध्यात्मिक अनुभव रहेगा। समस्त श्रद्धालुओं से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होकर इस भव्य आयोजन का लाभ उठाएँ।

## रामानुजन की विरासत को नमन: राष्ट्रीय गणित दिवस पर जिला स्तरीय 'गणित महापर्व' आयोजित



**जबलपुर।** महान भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की 138वीं जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय गणित दिवस 2025 के तहत जिला स्तरीय गणित महापर्व का भव्य आयोजन 24 दिसंबर 2025 को शासकीय प्रगति शैक्षिक अध्ययन संस्थान, जबलपुर में उत्साह और गणितीय रचनात्मकता के साथ संपन्न हुआ। इस आयोजन में जिले के 25 से अधिक शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने सहभागिता कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।कार्यक्रम मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, भोपाल के सहयोग तथा जिला निर्वाचन कार्यालय की स्वीप शाखा के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। विशेष अतिथि डॉ. प्रहलाद अग्रवाल, सदस्य जिला स्वीप कोर समिति ने कहा कि गणितीय सोच और जागरूक नागरिकता एक-दूसरे की पूरक हैं और यह आयोजन बौद्धिक सशक्तिकरण का उत्कृष्ट उदाहरण है। कार्यक्रम के जिला समन्वयक एवं संचालक डॉ. प्रमोद श्रीवास्तव ने बताया कि गणित महापर्व का उद्देश्य विद्यार्थियों में गणित के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना तथा दैनिक जीवन में गणित के उपयोग को बढ़ावा देना है। आयोजन के अंतर्गत डिजिटल प्रश्न मंच, स्पीड गणित प्रतियोगिता, मैजिक मैथ, मैथमेटिकल रंगोली, गणितीय मॉडल, पोस्टर निर्माण एवं आकस्मिक भाषण जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इस दौरान वैदिक गणित पर आधारित जादुई गणितीय प्रयोगों का सजीव प्रदर्शन भी किया गया। प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। डिजिटल प्रश्न मंच में दिव्या पटेल, अलका बरमैया, मधुसूदन साहू एवं कार्तिक रजक विजयी रहे। स्पीड गणित में नोमेश साहू प्रथम, प्रतिक तिवारी द्वितीय और आर्यन हर्दाहा तृतीय स्थान पर रहे। पोस्टर निर्माण, रंगोली, लघु भाषण एवं गणितीय मॉडल प्रतियोगिताओं में भी विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कीं।

## सेवानिवृत डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ के उमेश दुबे बने प्रांताध्यक्ष



**जबलपुर।** सेवानिवृत डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ म.प्र. के प्रांतीय अधिवेशन एवं निर्वाचन, सतना में इंजी. उमेश दुबे जबलपुर, प्रांताध्यक्ष, इंजी. आरबी नामदेव सतना, वरिष्ठ उपप्रांताध्यक्ष एवं इंजी. प्रदीप बक्शी भोपाल, कोषाध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुये। निर्वाचन के उपरांत प्रांताध्यक्ष इंजीनियर उमेश दुबे एवं वरिष्ठ उपप्रांताध्यक्ष इंजीनियर आरबी नामदेव के जबलपुर आगमन पर महाकौशल क्षेत्रीय समिति जबलपुर के अध्यक्ष इंजीनियर आर.पी. चौबे, क्षेत्रीय सचिव इंजीनियर एसके जैन, क्षेत्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष इंजीनियर आरके श्रीवास्तव एवं जिला समिति जबलपुर के अध्यक्ष इंजीनियर एसके खरे, सचिव इंजीनियर सतीश राय, कोषाध्यक्ष इंजीनियर भानु प्रकाश श्रीवास्तव, इंजीनियर एम.एम. दुबे ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत किया, पेंशनर्स की लंबित मागें म.प्र. राज्य के पेंशनर्स को केन्द्र के समान अंतरिम राहत, चिकित्सा सुविधा, राज्य पुनर्गठन वर्ष 2000 की धारा 49(6) के विलोपन, पेंशनर्स को 80 वर्ष पूर्ण करने पर 20% अंतरिम राहत की बृद्धि को 65 वर्ष में 5%,70 वर्ष में 5%,75 वर्ष में 5%,80 वर्ष में 5% राशि की वृद्धि क्रमबद्ध प्रति 5 वर्ष में की जावे 30 जून को सेवानिवृत्त पेंशनर्स को मान. न्यायालय के आदेशानुसार एक पुनरीक्षित वेतन वृद्धि के साथ ग्रेच्युटी एवं अवकाश नगदी करण के अंतर की राशि का भुगतान आदि संघ की मांगों पर शासन के ध्यानाकर्षण हेतु विचार विमर्श किया गया।

# भारत खेलों में भी सर्वश्रेष्ठ होगा : सिंह

### सांसद खेल महोत्सव का हुआ समापन



**जबलपुर:** रानीताल स्टेडियम में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह की अध्यक्षता में सांसद खेल महोत्सव का समापन समारोह संपन्न हुआ। मंत्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लक्ष्य है कि युवा प्रतिभाओं को मंच मिले और भारत खेलों में भी विश्व स्तर पर उत्कृष्ट बने। उन्होंने खिलाड़ियों से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने और जीवन को बेहतर बनाने का आह्वान किया। समारोह में सांसद आशीष दुबे ने महोत्सव की सफलता और युवाओं को देशभक्ति व खेल भावना से जोड़ने के महत्व पर जोर दिया। कार्यक्रम में पुरुष वर्ग में मझौली ने और महिला वर्ग में जबलपुर ने रस्साकसी प्रतियोगिता में जीत दर्ज की। साथ ही मलखम्ब खेल का शानदार प्रदर्शन भी हुआ। समारोह में राज्यसभा सदस्य सुमित्रा बाल्मिक, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक अशोक रोहाणी, जिला पंचायत अध्यक्ष आशा मुकेश गोटिया, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज और अन्य गणमान्य नागरिक व खिलाड़ी उपस्थित थे।

# यश नर्सरी हायर सेकेंडरी स्कूल का 6वां वार्षिक सांस्कृतिक समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न



**जबलपुर।** यश नर्सरी हायर सेकेंडरी स्कूल गोहलपुर का 6वां वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम उत्साह और उमंग के साथ आयोजित हुआ। कार्यक्रम में छोटे और बड़े विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से सामाजिक संदेश प्रभावी ढंग से मंच पर पेश किए। मुख्य अतिथि प्रो. प्रमोद कुमार मिश्रा, कुलपति जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय ने दीप प्रज्ज्वलन कर समारोह का शुभारंभ किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में नलिनकांत बाजपेई, तरुण कुमार सोनोने, डॉ. विजयकांत तिवारी, मुख्य आयुक्त भारत स्काउट एंड गाइड जिला जबलपुर और संस्था डायरेक्टर सोनल तिवारी सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना की और विद्यालय के प्रयासों को सराहा। इस वर्ष कार्यक्रम की थीम महिला सशक्तिकरण रही, जिसे विद्यार्थियों ने नृत्य, नाटिका और अभिनय के माध्यम से उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों के सामने बड़े ही प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में सालसा, गरबा, गोवा लोकनृत्य, गौनथल नृत्य, बिहू और हरियाणवी डांस जैसी प्रस्तुतियां दर्शकों का आकर्षण बनीं। विद्यालय के टैलेंटेड स्टूडेंट्स को शालेय उपलब्धियों के लिए मंच पर मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्कूल का नया कैलेंडर भी विमोचित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अतुल श्रीवास्तव और श्रेया तिवारी सहित समस्त स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा। अंत में विद्यालय प्रबंधन ने अतिथियों और अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया प्रभु यीशु का जन्मोत्सव

**जबलपुर।** "मैरी क्रिसमस" कहकर मसीहीजन एक दूसरे को प्रभू यीशु के जन्मदिन की बधाईयां दे रहे थे। कुछ ऐसे ही दृश्य गिरिजाघरों और मसीह समाज के बाहुल्य वाले क्षेत्रों में देखने को मिले। प्रभु यीशु के जन्मदिवस पर बड़े दिन पर लोगों ने अपने घरों में तैयारियां की। उन्होंने अपने घरों में गौशाला बनाई और घरों को खूबसूरती से सजाया, इसके साथ ही उन्होंने अपने घरों को विद्युत झालरों से रोशन करते हुए क्रिसमस स्टार को भी लगाया। आज गिरिजाघरों में देर रात तक कार्यक्रम चलते रहें। गिरिजाघरों में आराधना की शुरुआत क्रिसमस कैरोल से हुई। कैरोल का अर्थ है- आनंद के गीत। जब प्रभु येशु ने धरती पर जन्म लिया तो स्वर्ण दूतों ने खुशी के संदेश को भेड़ चराने वाले गडरिये को दिया और गडरियों ने यह संदेश सभी को दिया। क्रिसमस कैरोल -जॉय टू द वर्ल्ड, द लार्ड इज कम, हॉक द हीरल, ओ कम ओनली फेथ फुल, साइलेंट नाईट, ये प्यारी रात खुशी की रात आई है, आदि कैरोल हिंदी और अंग्रेजी भाषाओं में गाये गए। प्रत्येक गिरिजाघर सुंदर रंग-बिरंगी झालरों से नहा रहा था विभिन्न गिरिजाघरों में लोग नये परिधानों में सज-सज कर प्रभु येशु के जन्मदिवस क्रिसमस के पावन पर्व प्रार्थना सभाओं में भाग लेने के लिये के लिये पहुंचे। सेंट जार्ज आर्थोडॉक्स चर्च, सेंट्र एंड्रूज मारथोमा चर्चा, जबलपुर काथलिक डायसिस का सेंटपीटर एवं पाल केथोलिक चर्च कथीड्रल सीएनआई में प्रार्थना की गई एवं विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए।

# मालवीय चौक क्षेत्र में दुकानों का निरीक्षण

### सुव्यवस्थित बाजार के लिए नगर निगम की कार्रवाई



**जबलपुर।** शहर के प्रमुख व्यावसायिक केंद्र मालवीय चौक के समीपवर्ती क्षेत्र में दुकानों के निरीक्षण का विशेष अभियान चलाया गया। इस कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य बाजार में सुचारू यातायात सुनिश्चित करना और व्यापारियों को नियमों के प्रति जागरूक करना रहा। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने क्षेत्र की दुकानों के वैध लाइसेंसों की बारीकी से जांच की। इसके साथ ही, नगर निगम की टीम ने व्यापारियों से अत्यंत आत्मीय और सकारात्मक संवाद स्थापित किया। अधिकारियों ने दुकानदारों को समझाइश दी कि वे अपनी दुकानों का सामान निर्धारित सीमा के भीतर ही रखें और सड़क पर अतिक्रमण न करें, ताकि राहगीरों और वाहन चालकों को असुविधा न हो। इस महत्वपूर्ण अभियान के दौरान मौके पर स्थापना अधीक्षक संजय पटेल, बाजार अधीक्षक राजेंद्र दुबे, सहायक अतिक्रमण निरोधक अधिकारी अखिलेश सिंह भदौरिया आदि उपस्थित रहे।

# ब्राह्मण महासभा का 80वां वार्षिक अधिवेशन सम्पन्न



**जबलपुर।** मध्य प्रदेश प्रगतिशील ब्राह्मण महासभा का 80वां वार्षिक अधिवेशन रविवार को गोविंदगंज हितकारिणी स्कूल, दमोहनाका में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संतों और समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने ब्राह्मण समाज को संस्कार और मर्यादाओं को बनाए रखने का संदेश दिया। दंडी स्वामी इंदु भवानंद महाराज ने ब्राह्मणों से एकजुट होकर समाज के उत्थान में योगदान देने का आवाहन किया। अधिवेशन में बाल संस्कार शिविर आयोजित करने और संस्कृत को अनिवार्य पाठ्यक्रम में शामिल करने का संकल्प भी लिया गया। समाज की विभूतियों, महिलाओं और युवा प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। प्रमुख सम्मान प्राप्त करने वालों में ज्योतिर्विद पं. अशोक कुमार मिश्रा, डॉ. ओम प्रकाश त्रिवेदी, पं. वीरेन्द्र शुक्ला, श्रीमती सविता तिवारी और कु. शची गौतम शामिल हैं। स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोग लाभान्वित हुए।

# श्रद्धेय अटल जी ने राष्ट्र हित को सर्वोपरि रख कर राजनीति को सेवा का माध्यम बनाया: राकेश सिंह



## अटलजी की 101वीं जयंती: भाजपा ने किया अटल स्मृति प्रदर्शनी व विविध कार्यक्रमों का आयोजन

**जबलपुर।** राष्ट्रनायक, पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी की 101वीं जन्म जयंती पर भाजपा ने महानगर के 967 बूथों में विविध कार्यक्रम आयोजित किए। इस अवसर पर लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने कहा कि अटल जी ने राजनीति को सेवा का माध्यम बनाकर राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखा, जो हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। भाजपा कार्यालय में आयोजित अटल स्मृति प्रदर्शनी का उद्घाटन राकेश सिंह ने किया। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, राज्यसभा सांसद सुमित्रा वाल्मीकि, भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू सहित अन्य वरिष्ठ भाजपा नेता उपस्थित थे। राकेश सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अटल जी की विरासत को आगे बढ़ाते हुए वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प पर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने अटल जी की विराट दृष्टि, ओजस्वी वाणी और अटूट राष्ट्रभक्ति को सभी के लिए मार्गदर्शक बताया। प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी ने बताया कि अटल स्मृति पर्व के अंतर्गत प्रदर्शनी, स्वच्छता अभियान, दीपोत्सव, चित्रकला, भाषण, निबंध लेखन, रील व व्लॉग प्रतियोगिताएं आयोजित की गई हैं। उन्होंने अटल जी की राजनीतिक मर्यादा, वाकपाटुता और लोकतांत्रिक मूल्यों की प्रेरणा को कार्यकर्ताओं और आम जनता के लिए मार्गदर्शक बताया।

### महानगर के 967 बूथों में कार्यक्रम

भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने बताया कि जन्म जयंती के अवसर पर सभी बूथों पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें वक्ताओं ने अटल जी के कृतित्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष, जिला महामंत्री और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस तरह अटल बिहारी वाजपेयी की राजनीति में जनसेवा और राष्ट्रभक्ति की मिसाल को याद करते हुए भाजपा ने शहर भर में भव्य रूप से उनकी जयंती मनाई।

## पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर माल्यार्पण समारोह



**जबलपुर।** पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती पर विजय नगर स्थित शिव पार्क में उनकी नवीन प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम का नेतृत्व पं. धीरज पटेरिया ने किया। पं. धीरज पटेरिया ने अटल जी को याद करते हुए कहा कि उनकी विद्वता, दूरदर्शिता और जनसेवा की भावना उन्हें समकालीन राजनीति में विशेष बनाती थी। उन्होंने बताया कि अटल जी किसी के विरोधी नहीं थे और किसी का विरोधी भी नहीं था। विपक्ष और सत्ता दोनों के सांसद उनकी ओर अपनी समस्याओं के समाधान के लिए आते थे। उनके द्वारा दिए गए सूत्र आज भी आधुनिक युग में समस्या निवारण में कारगर हैं।माल्यार्पण समारोह में विधायक नीरज सिंह के साथ श्याम सिंह ठाकुर 'डबल', मुकेश पटेल 'बबलू' जायसवाल, आशीष साहू, राजीव बेंटिया, बबलू ठाकुर, महेंद्र पाण्डेय, हेमंत राय, फैसल अंसारी, दीपक पाण्डेय, दिलीप मिश्रा, अनूप तिवारी, प्रशांत महानूर, राजेश मोटवानी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जबलपुर में चतुर्थ वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस 2, 3, 4 जनवरी को




**जबलपुर।** गुरुवार को जबलपुर के सत्य अशोका होटल में चतुर्थ वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस के संबंध में पत्रकार वार्ता आयोजित की गई जिसमें उपस्थित पाटन विधानसभा के विधायक अजय विश्नोई ने बताया कि संस्कारधानी जबलपुर में चतुर्थ वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस का आयोजन स्थानीय ब्रह्मर्षि मिशन समिति, राम अवेयरनेस मूवमेंट एवं मध्यप्रदेश शासन के श्रीरामचंद्र पथ गमन न्यास भोपाल के संयुक्त तत्वावधान में 2, 3 एवं 4 जनवरी 2026 को मानस भवन जबलपुर में किया जाएगा। प्रत्येक तीन वर्ष में होने वाला यह आयोजन 2016, 2020 एवं 2023 में किया जा चुका है। आयोजन अध्यक्ष अजय विश्नोई ने बताया कि 2 जनवरी को म.प्र. के मुख्यमंत्री मोहन यादव एवं केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत उपस्थित रहेंगे, उन्होंने बताया कि श्री मोहन यादव श्री रामचंद्र पथ गमन न्यास के अध्यक्ष भी हैं जिसका मूल उद्देश्य म.प्र. में रामायण से जुड़े स्थानों को संरक्षित करना तथा पर्यटन को विकसित करना है। यह आयोजन विश्व में रामायण पर होने वाला एक अनूठा एवं विशिष्ट आयोजन है, जिसमें अकादमिक, साहित्यिक, आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक विधाओं से जुड़े विद्वान एक ही मंच पर एकत्रित होते हैं। पत्रकार वार्ता में नगर निगम के महापौर जगत बहादुर सिंह, डॉ अखिलेश गुमास्ता, साध्वी ज्ञानेश्वरी दीदी, प्रशांत पॉल आदि लोग़ उपस्थित थे।

# स्वयं सिद्ध श्रीहनुमान मंदिर गेट नं-2 में होगी रामलला की दिव्य आरती

## श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा वर्षगांठ पर 31 को होंगे विविध आयोजन



**जबलपुर।** स्वयं सिद्ध श्री हनुमान मंदिर गेट नंबर-2 राइट टाउन में आयोध्या में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर 31 दिसंबर को विविध कार्यक्रम आयोजित क़िए जाएंगे। पुजारी आचार्य पं. धर्मेन्द्र दुबे ने बताया कि पौष मास के शुक्ल पक्ष की द्वादशी तिथि पर प्रातः 6 बजे भगवान श्रीराम का पूजन-अभिषेक किया जाएगा। इसके बाद दिव्य श्रृंगार एवं आरती होगी। प्रातः 6 बजे से अयोध्या धाम में होने वाले आयोजन का सीधा प्रसारण प्रारंभ होगा। प्रातः 8:30 बजे मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम जी की महाआरती होगी। इसके बाद प्रभु श्रीराम जी के 51 राम रक्षा स्त्रोत का पाठ एवं 21 हनुमान चालीसा पाठ किए जाएंगे। श्री दुबे ने बताया कि सुबह 11 बजे सुदंरकाण्ड शुरू होगा उसकी पूर्णाहुति के पश्चात हवन होगा। 11:30 बजे संगीतमय महाआरती एवं दोपहर 12 बजे विशाल भंडारा होगा। पुजारी श्री धर्मेन्द्र दुबे से मिलने का समय सुबह 6 से दोपहर 2 बजे तक है। श्रद्धालुओं से अपील है कि वे इस आयोजन में शामिल होकर अपनी सहभागिता दें।

## डॉक्टरों की चेतावनी: छोटी सूजन को न करें नजरअंदाज, हर्निया बन सकता है गंभीर



**जबलपुर।** पेट में हल्की या बिना दर्द वाली सूजन को अक्सर लोग मामूली समस्या समझकर टाल देते हैं, लेकिन डॉक्टरों का कहना है कि यही लापरवाही हर्निया को गंभीर और जानलेवा स्थिति में बदल सकती है। समय पर इलाज न होने पर इमरजेंसी सर्जरी की नौबत भी आ सकती है। चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार, हर्निया तब होता है जब शरीर का कोई अंदरूनी अंग पेट की कमजोर मांसपेशियों से बाहर की ओर उभर आता है। यह सूजन खड़े होने, खांसने या वजन उठाने पर ज्यादा स्पष्ट दिखती है। गंभीर स्थिति में तेज दर्द, उल्टी, गैस या मल न निकलना जैसे लक्षण सामने आते हैं, जो खतरनाक संकेत हैं। नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अतुल कुमार पटेल ने हाल ही में हर्निया के एक जटिल इमरजेंसी मामले का सफल इलाज किया। उन्होंने बताया कि 60 वर्षीय महिला को पुराने ऑपरेशन के निशान के पास तेज दर्द और सूजन के साथ अस्पताल लाया गया था, जो स्ट्रैंगुलेटेड इन्सिशनल हर्निया का मामला निकला। मरीज की लैप्रोस्कोपिक सर्जरी कर पेट की दीवार को विशेष मेश से मजबूत किया गया। सर्जरी के बाद मरीज की हालत तेजी से सुधरी और चौथे दिन छुट्टी दे दी गई। डॉ. पटेल ने कहा कि हर्निया अपने आप ठीक नहीं होता और मोटापा, पुरानी खांसी या पहले की सर्जरी इसके खतरे को बढ़ा देती है। समय पर कराई गई प्लान्ड सर्जरी ज्यादा सुरक्षित होती है।विशेषज्ञों की सलाह है कि पेट में लगातार सूजन, दर्द या बेचैनी होने पर तुरंत डॉक्टर से जांच कराएं, ताकि गंभीर जटिलताओं से बचा जा सके।

## गड़रिया समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न



**जबलपुर।** श्रीपाल (गड़रिया) समाज कल्याण संगठन का प्रतिभा सम्मान समारोह श्रीपाल (गड़रिया) समाज धर्मशाला तिलवारा घाट शनि मंदिर के पास आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रम्मूलाल श्रीपाल (श्रीपाल समाज के प्रमुख), कार्यक्रम की अध्यक्षता अनंतराम श्रीपाल (श्रीपाल समाज के मुखिया), कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि मेलचंद श्रीपाल, प्रदीप श्रीपाल, कोमल श्रीपाल, चतुर श्रीपाल, झिरीलाल श्रीपाल, भोला श्रीपाल, रज्जू श्रीपाल (श्रीपाल समाज के मुखिया) विशेष रूप से उपस्थित थे।प्रतिभावान छात्र समारोह में कक्षा पाँचवीं, आँठवीं, दसवीं, बारहवीं, स्नातक, स्नातकोत्तर एवं समाज के सांस्कृतिक एवं खिलाड़ी 225 प्रतिभाओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया तथा श्रीपाल समाज के वरिष्ठ पंच एवं संगठन के प्रथम अध्यक्ष, संरक्षक विद्यारथी श्रीपाल को श्रीपाल समाज रत्न स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र व शॉल श्रीफल देकर सम्मानित किया गया तत्पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें माँ नर्मदा का प्रसाद सभी ने ग्रहण कर प्रतिभाओं को आशीर्वाद दिया इस अवसर पर समाज के हजारों की संख्या में लोग उपस्थित हुये। इस कार्यक्रम में संगठन के अध्यक्ष डॉ. एल. श्रीपाल, सचिव ब्रजलाल श्रीपाल, छोटेलाल श्रीपाल, लखनलाल श्रीपाल, ओ.पी. श्रीपाल, बेनीप्रसाद श्रीपाल, गौतम प्रसाद श्रीपाल, गणेश श्रीपाल, देवलाल श्रीपाल, श्यामलाल श्रीपाल, कधीलाल श्रीपाल,आदि स्वजातीय बंधुओं एवं माताओं बहनों ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित हुए।

# बेंच प्रेस प्रतियोगिता में अभिलाष अवस्थी का शानदार प्रदर्शन

## 125 किलो भार वर्ग में रहे अव्वल



**पनागर।** रॉयल हेल्थ क्लब द्वारा आयोजित 11वीं वार्षिक बेंच प्रेस प्रतियोगिता नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों और फिटनेस प्रेमियों के लिए उत्साह और प्रेरणा से भरपूर रही। प्रतियोगिता में विभिन्न क्षेत्रों से आए खिलाड़ियों ने अपनी ताकत, अनुशासन और खेल भावना का बेहतरीन प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का सबसे रोमांचक मुकाबला 125 किलोग्राम भार वर्ग में देखने को मिला। कड़े मुकाबले में अभिलाष अवस्थी ने शानदार तकनीक और शक्ति का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। आदित्य पटेल ने उत्कृष्ट लिफ्ट के साथ द्वितीय स्थान हासिल किया, जबकि तनिष्क केवट ने तीसरे स्थान पर रहकर अपनी मेहनत का परिचय दिया। पूरे आयोजन के दौरान खिलाड़ियों ने शारीरिक क्षमता के साथ मानसिक संतुलन और नियमों के प्रति अनुशासन का भी उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। जजों के कड़े मानकों के बीच सभी प्रतिभागियों ने बेंच प्रेस की बारीकियों का पालन करते हुए श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। मुख्य आयोजक रोहित नायक ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं को फिटनेस के प्रति जागरूक करना और उन्हें सकारात्मक मंच उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम के संरक्षक मयंक खंपरिया, ऋतुराज तिवारी एवं अभिषेक केवट ने सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए सहयोग देने वाले सभी साथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रतियोगिता युवाओं को स्वस्थ और अनुशासित जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा बनकर सामने आई।

## अपना दल (एस) का सातवां ऑनलाइन प्रशिक्षण सत्र 28 को

**जबलपुर।** अपना दल (एस) मध्य प्रदेश इकाई द्वारा संगठन को सशक्त बनाने की दिशा में रविवार, 28 दिसंबर 2025 को सातवां ऑनलाइन प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया जाएगा। यह सत्र पिछड़ा वर्ग मूल्यांकन एवं आरक्षण विषय पर केंद्रित होगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय राज्य मंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल के नेतृत्व तथा राष्ट्रीय महासचिव एवं मध्य प्रदेश प्रभारी आर.बी. सिंह पटेल के मार्गदर्शन में आयोजित इस सत्र में मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ नेता अपने विचार रखेंगे। सत्र का संचालन राजनीतिक रणनीतिकार डॉ. अतुल मलिकराम करेंगे।
विशेष अतिथियों में राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष ओ.पी. कटियार, उत्तर प्रदेश सरकार की राज्यमंत्री श्रीमती रेखा पटेल एवं राष्ट्रीय सलाहकार श्री राजेंद्र पाल शामिल होंगे। वहीं विभिन्न राष्ट्रीय पदाधिकारी प्रशिक्षक के रूप में सहभागिता करेंगे।

# सृजन कार्यक्रम में बच्चों की रचनात्मकता ने मोहा मन



**पाटन।** सीएम राइस उत्कृष्ट विद्यालय पाटन में आयोजित सृजन कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपनी कल्पनाशक्ति का शानदार प्रदर्शन करते हुए गणित, अंग्रेजी, सामाजिक विज्ञान, इतिहास, भूगोल सहित विभिन्न विषयों पर आकर्षक व क्रियाशील मॉडल प्रस्तुत किए। बच्चों के नवाचार और प्रस्तुति ने सभी अतिथियों को प्रभावित किया। कार्यक्रम में पार्षद दीपक जैन, पार्षद सत्यम मेहरा तथा अटल प्रगति के संपादक राजेश नायक विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों से संवाद कर उनके मॉडलों की जानकारी ली और उनकी रचनात्मक सोच की सराहना की। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों ने विद्यार्थियों को नए-नए आविष्कार और सृजन के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही 10वीं और 12वीं की परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम देने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां वीणापाणि के पूजन-अर्चन से हुआ। अध्यक्षता प्राचार्य अनुज सेन ने की। कार्यक्रम में श्रीमती वंदना साहू, अजय चादर, संतोष सुलेखा पाल, अंजली यादव, नीतू दुबे, हेमलता कुशवाहा, पूर्णिमा अग्रवाल, रतन तिवारी, रश्मि साहू, रजनी ठाकुर, पी.एस. परिहर, तौसीफ खान सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। अंत में आभार प्रदर्शन प्राचार्य अनुज सेन द्वारा किया गया।

## निधन

**श्री अभिनेंद्र अरोरा-** गोरखपुर निवासी श्री अभिनेंद्र अरोरा (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।
**श्री ओम प्रकाश सिंह-** रतन नगर इंद्रा बस्ती गुप्तेश्वर निवासी श्री ओम प्रकाश सिंह (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।
**श्रीमती तारा बाई प्रजापति-** बदनपुर शक्तिनगर निवासी श्री टीकाराम प्रजापति की धर्मपत्नी श्रीमती तारा बाई प्रजापति (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।
**श्री नरेंद्र पाल सिंह-** शुक्ला नगर गढ़ा निवासी श्री नरेंद्र पाल सिंह (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।
**श्री नंद लाल शर्मा-** लालमाटी चांदमारी टेस्टिंग रोड निवसी श्री नंद लाल शर्मा (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।
**श्री पंकज श्रीवास्तव-** कंचन विहार विजयनगर निवासी श्री पंकज श्रीवास्तव (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।
**श्री कल्लू चौधरी-** भोला नगर राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री कल्लू चौधरी (46) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।
**श्रीमती कमला यादव-** देवरी रेलवे स्टेशन के पास पनागर रोड निवासी श्री मातादीन यादव की धर्मपत्नी श्रीमती कमला यादव (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।
**श्रीमती राम देवी गुप्ता-** हनुमान टोरिया कांचघर निवासी श्री शिव रतन गुप्ता की धर्मपत्नी श्रीमती राम देवी गुप्ता (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।
**श्री राम सिंह मेहरा-** ग्राम जमुनिया सेमरी हरचांद (सोहागपुर) निवासी श्री राम सिंह मेहरा (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।
**सुश्री लक्ष्मी छाया-** गोरखपुर जार्ज डिसल्वा वार्ड निवासी श्री भोला प्रसाद की पुत्री सुश्री लक्ष्मी छाया (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।
**श्री राजकुमार तिवारी-** गौरीघाट निवासी श्री राजकुमार तिवारी (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।
**श्रीमती धन्नो बाई बेन-** गोरखपुर कुम्हार मोहल्ला निवासी श्री कल्लन प्रसाद बेन की धर्मपत्नी श्रीमती धन्नो बाई बेन (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।
**श्री राम चरण गर्ग-** ग्राम कारहिनोता मझौली निवासी श्री राम चरण गर्ग (95) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।
**श्री नरबद प्रसाद कोरी-** प्रेमसागर झंडा चौक निवासी श्री नरबद प्रसाद कोरी (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।
**श्रीमती मुन्नी बाई झारिया-** बढ़ई मोहल्ला दमोहनाका निवासी श्री हरी लाल झारिया की धर्मपत्नी श्रीमती मुन्नी बाई झारिया (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।
**रूद्र ठाकुर-** लकडग़ंज निवासी श्री संदीप सिंह ठाकुर के अल्पायु पुत्र रूद्र का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।
**श्री दिनेश गोंटिया-** महाराजपुर बावली के पास निवासी श्री दुलारे गोंटिया के पुत्र श्री दिनेश गोंटिया (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।
**श्रीमती उर्मिला बजाज-** आईडियल हिल्स नर्मदा रोड निवासी श्री इंद्र मोहन बजाज की धर्मपत्नी श्रीमती उर्मिला बजाज (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।
**श्री फागुनमल कोटवानी-** ब्यौहारबाग पांडे अस्पताल के पीछे निवासी श्री फागुनमल कोटवानी (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।
**श्री राम स्वरूप कोरी-** वल्दी कोरी की दफाई सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री राम स्वरूप कोरी (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।
**श्रीमती विमला श्रीवास्तव-** अभिषेक अपार्टमेंट शास्त्री ब्रिज के पास नेपियर टाउन निवासी श्री जगदीश प्रसाद श्रीवास्तव की धर्मपत्नी श्रीमती विमला श्रीवास्तव (94) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।
**श्रीमती प्यारी बाई राजपूत-** सिद्धनगर मानेगांव रांझी निवासी श्री बलवान सिंह राजपूत की धर्मपत्नी श्रीमती प्यारी बाई राजपूत (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।
**श्री पूरन लाल दुबे-** पुष्पक नगर अधारताल निवासी श्री पूरन लाल दुबे (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।
**श्रीमती अंजली दास-** शास्त्री विहार त्रिमूर्ति नगर निवासी श्री सत्य रंजन दास की धर्मपत्नी श्रीमती अंजली दास (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।
**श्रीमती शीला तिवारी-** आमनपुर मदनमहल निवासी श्री राम चरण तिवारी की धर्मपत्नी श्रीमती शीला तिवारी (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति कॉलम से.मी.
फिक्स साइज:- [illegible] से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- [illegible] से.मी. रंगीन 900/-
फिक्स साइज [illegible] से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303508294, 9407362160

## मुख्यमंत्री के आदेशों की अनदेखी का आरोप भेड़ाघाट मार्ग पर शराब दुकान से आक्रोश

**भेड़ाघाट।** नर्मदा तट से पांच किलोमीटर की दूरी के भीतर शराब दुकान न खोलने के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशों के बावजूद भेड़ाघाट पर्यटन मार्ग पर देशी-विदेशी मदिरा दुकान संचालित होने का आरोप लगाते हुए स्थानीय लोगों में नाराजगी है। बताया जा रहा है कि सरस्वती घाट से मात्र तीन किलोमीटर की दूरी पर यह दुकान खुली है, जबकि यही मार्ग नर्मदा परिक्रमा वासियों, श्रद्धालुओं और पर्यटकों का मुख्य आवागमन मार्ग है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि शाम ढलते ही शराबियों का जमावड़ा लग जाता है, जिससे महिलाओं और श्रद्धालुओं का पैदल निकलना भी मुश्किल हो जाता है। नवरात्रि, दशहरा, जवारा विसर्जन, धार्मिक यात्राओं और भागवत जैसे आयोजनों के दौरान भी इसी मार्ग से श्रद्धालु नर्मदा दर्शन के लिए जाते हैं, जिससे क्षेत्र की धार्मिक और पर्यटन छवि धूमिल हो रही है। आरोप है कि भेड़ाघाट क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री भी धड़ल्ले से हो रही है, लेकिन आबकारी विभाग और पुलिस द्वारा प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही, जिससे शराब कारोबारियों के हौसले बुलंद हैं।

### इनका कहना है

राज्य शासन के आदेश अनुसार 5 किलोमीटर की दूरी पर शराब मदिरा दुकान होना चाहिए लेकिन भेड़ाघाट में तीन किलोमीटर में शराब दुकान खुली है धार्मिक आस्था को देखते हुए शासन प्रशासन द्वारा शीघ्र बंद कराई जाने चाहिए।

**चतुर सिंह लोधी, अध्यक्ष, नगर परिषद भेड़ाघाट**

भेड़ाघाट क्षेत्र में शराब गांव गांव में बिक रही है। पर्यटन स्थल में शराब की बिक्री पर प्रतिबंध लगाया जाना अति आवश्यक हैं जिससे क्षेत्र में शराबखोरों से क्षेत्र में अमन-चैन कायम रहे सके।

**समाज सेवी विजय पाण्डेय शिल्पी नगर भेड़ाघाट**

# वाराह मंदिर में अव्यवस्थित पार्किंग से भक्त परेशान



**मझौली।** भगवान विष्णु वाराह मंदिर के प्रांगण और मंदिर तक आने वाले रास्ते में अव्यवस्थित रूप से खड़े वाहनों के कारण दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। संकरे मार्ग पर वाहन खड़े होने से पैदल आने-जाने में दिक्कत होती है, वहीं भीड़ के समय स्थिति और गंभीर हो जाती है। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि नए वर्ष के अवसर पर मंदिर में श्रद्धालुओं की संख्या में काफी वृद्धि होती है। बाहर से आने वाले भक्तों को दर्शन के दौरान वाहन पार्किंग को लेकर विशेष कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, जिससे धार्मिक वातावरण भी प्रभावित होता है।
नगरवासियों ने नगर परिषद मझौली और पुलिस प्रशासन से मांग की है कि नए वर्ष से पहले मंदिर क्षेत्र के आसपास सुव्यवस्थित पार्किंग की उचित व्यवस्था की जाए तथा यातायात नियंत्रण के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं, ताकि श्रद्धालु बिना किसी परेशानी के भगवान विष्णु वाराह के दर्शन कर सकें।

# विहिप, बजरंग दल ने फूंका बांग्लादेश सरकार का पुतला




**सिहोरा।** बंगलादेश में हिंदुओं की क्रूरता पूर्ण हत्या के विरोध में विश्व हिन्दू परिषद,बजरंग दल जिला सिहोरा के नेतृत्व में रुकमणि पैलेस कटरा मोहल्ला,झंडा बाजार,आजाद चौक,गौरी तिराहा से होकर रैली निकाली गई जिसमें बांग्लादेश सरकार के पुतले को घसीटते हुए पुराना बस स्टेंड पोस्ट आफिस तिराहा लाया गया यहां पर सकल हिन्दू समाज ने उग्र प्रदर्शन कर पुतला दहन किया तथा बांग्लादेश सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि वहां अगर हिन्दुओं पर अत्याचार नहीं रुके तो बांग्लादेश को इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। जघन्य पूर्ण ढंग से दलित हिन्दू युवक दीपू चन्द्र दास एंव राजवाड़ी जिले में अमृत मंडल की पीट पीट कर की गई हत्या यह दर्शाती है कि वहां की यूनुस सरकार हिन्दुओं की रक्षा करने में नाकाम है। इस अवसर पर संत ब्रह्मनंद दास जी महाराज,विश्व हिन्दू परिषद के प्रांत सह मंत्री प्रदीप गुप्ता,बजरंग दल विभाग संयोजक सुमित सिंह ठाकुर,विहिप जिला अध्यक्ष पवन मिश्रा,जिला मंत्री अर्जुन कुशवाहा,बजरंग दल जिला संयोजक कान्हा पांडे,नितिन ठाकुर,कन्हैया रजक,रामस्वरूप चक्रवर्ती,अंजलि पांडे,निशा ठाकुर,राखी तिवारी सहित ब्राह्मण समाज सिहोरा के पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं DEEPA S उम्र लगभग 29 वर्ष पति 15820390H, Rank SEP, NAME SATHYARAJ M निवासी- VILLAGE & POST- PALNANKUPPAM, TALUKA TIRUPATTUR DIST. VELLORE, STATE- TAMIL NADU 635851 शपथपूर्वक कथन मैं उपरोक्त पते की स्थायी निवासी हूँ। मेरे पति SATHYARAJ M भारतीय थल सेना में SEP के पद पर पदस्थ है, जिनका आर्मी नं.15820390H है। मेरा विवाह SATHYARAJ M के साथ हिन्दू रीति रीवाज से दिनांक 04/09/2016 को संपन्न हुआ है। विवाह के उपरांत मेरा नाम DEEPA M से बदलकर DEEPA S हो गया है। मेरे आधार कार्ड (5515 2270 6684) एवं पैन कार्ड (CQKPD7283C) में मेरा पूरा व सही नाम DEEPA S दर्ज है, जो कि सत्य व सही है। DEEPA M एवं DEEPA S ये दोनो नाम मेरे ही है, किसी अन्य महिला के नही है। मैं SATHYARAJ M की एक मात्र विवाहिता पत्नी हूँ। मेरे पति SATHYARAJ M के PART II ORDER: 0/0009/0002/2017 DATED 08/01/2017 में मेरा नाम DEEPA S दर्ज किया जाये। भविष्य में मुझे DEEPA S पति SATHYARAJ M के नाम से ही जाना-पहचाना, पढ़ा-लिखा व समझा जायें। इस हेतु शपथपत्र प्रस्तुत है।
BU 802451

## खबर संक्षेप

### नेशनल टेस्ट हाउस का भारतीय डाक से करार




**नई दिल्ली।** गुणवत्ता परीक्षण सेवा प्रदाता नेशनल टेस्ट हाउस (एनटीएच) ने कच्चे माल और औद्योगिक उत्पादों के नमूनों के संग्रह तथा उन्हें अधिकृत प्रयोगशालाओं तक सुरक्षित और समय पर पहुंचाने के लिए भारतीय डाक के साथ एक समझौता किया है। आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई।

### नाल्को से उत्पादन लक्ष्य पूरा करने का आग्रह




**नई दिल्ली।** खान सचिव पीयूष गोयल ने सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी नाल्को की विस्तार योजनाओं और उनके प्रदर्शन की समीक्षा करते हुए विस्तार परियोजनाओं को समय पर पूरा करने, उत्पादन लक्ष्यों को हासिल करने और परिचालन दक्षता को व्यवस्थित रूप से बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

### मैजिकपिन ने दिल्ली, मुंबई में मेट्रो टिकट बुकिंग की शुरू




**नई दिल्ली।** ई-कॉमर्स कंपनी मैजिकपिन ने दिल्ली और मुंबई में मेट्रो टिकट बुकिंग सेवा शुरू करने की बृहस्पतिवार को जानकारी दी। कंपनी सरकार समर्थित 'ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स' के माध्यम से अपने मंच पर बेहद रियायती दरों पर टिकट उपलब्ध करा रही है। प्रतिस्पर्धियों पेटीएम, अमेजन, फोनपे, रैपिडो के मंच पर भी उपलब्ध है।

### यातायात कारपोरेशन का आईपीओ के लिए आवेदन




**नई दिल्ली।** लॉजिस्टिक एवं परिवहन सेवा कंपनी यातायात कारपोरेशन इंडिया लिमिटेड ने आईपीओ के जरिये कोष जुटाने के लिए बाजार नियामक सेबी के पास शुरुआती दस्तावेज दाखिल किए हैं। प्रस्तावित आईपीओ में 77 लाख नए शेयर और एक प्रवर्तक की तरफ से 56 लाख इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) की जाएगी।

### अक्टूबर-दिसंबर में घरों की बिक्री 16 प्रतिशत घटी



**नई दिल्ली।** देश के शीर्ष नौ शहरों में घरों की बिक्री मांग में कमी और आवासीय संपत्तियों की नई पेशकश में गिरावट के कारण अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 16 प्रतिशत घटकर 98,019 इकाई रहने का अनुमान है। कंपनी ने कहा कि यह जुलाई-सितंबर, 2021 के बाद दर्ज की गई तिमाही आधार पर सबसे कम बिक्री है।

### सिग्नेचर ग्लोबल करेगी 4,800 करोड़ रुपए का निवेश




**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी सिग्नेचर ग्लोबल मजबूत उपभोक्ता मांग के मद्देनजर कारोबार विस्तार की रणनीति के तहत गुरुग्राम में एक लक्जरी आवासीय परियोजना विकसित करने के लिए 4,800 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। रियल एस्टेट कंपनी ने हाल ही में 13.56 एकड़ में फैली एक नई परियोजना 'सर्वम एट डीएक्सपी एस्टेट' का शुभारंभ किया है। गुरुग्राम के सेक्टर 37डी में द्वारका एक्सप्रेसवे पर स्थित इस परियोजना में 1,798 अपार्टमेंट होंगे।

# भारत में पेट्रोल पंप की संख्या एक लाख पार, एक दशक में हुई दोगुना

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

देश में पेट्रोल पंप की संख्या 2015 से दोगुना होकर 1,00,000 के पार पहुंच चुकी है। सार्वजनिक क्षेत्र के ईंधन खुदरा विक्रेताओं ने बाजार हिस्सेदारी को बनाए रखने तथा ग्रामीण एवं राजमार्ग क्षेत्रों में ईंधन की पहुंच को और अधिक बढ़ाने के लिए तेजी से पेट्रोल पंप का विस्तार किया है।

- अमेरिका और चीन के बाद तीसरा सबसे बड़ा आंकड़ा

पेट्रोलियम मंत्रालय के अंतर्गत आने वाला पेट्रोलियम योजना एवं विश्लेषण प्रकोष्ठ से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, नवंबर के अंत तक देश में 1,00,266 पेट्रोल पंप थे। यह अमेरिका और चीन के बाद तीसरा सबसे बड़ा आंकड़ा है।

## नवंबर के अंत तक देश में 1,00,266 पेट्रोल पंप थे

### देश में 2015 में 50,451 पेट्रोल पंप थे

पीपीएसी के आंकड़ों के अनुसार, पेट्रोल पंप नेटवर्क 2015 में 50,451 स्टेशन से लगभग दोगुना हो गया है। उस वर्ष, निजी कंपनियों के स्वामित्व वाले 2,967 पेट्रोल पंप कुल बाजार का लगभग 5.9 प्रतिशत थे। वर्तमान में, वे कुल बाजार का 9.3 प्रतिशत हिस्सा हैं। भारत में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा पेट्रोल पंप नेटवर्क है।

*नायरा एनर्जी के 6921 पेट्रोल पंप : रूस की रोसनेफ्ट समर्थित नायरा एनर्जी लिमिटेड 6,921 पेट्रोल पंप के साथ सबसे बड़ी निजी ईंधन खुदरा विक्रेता है। इसके बाद रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड और बीपी के संयुक्त उद्यम के स्वामित्व वाले 2,114 पेट्रोल पंप हैं। शेल के 346 पेट्रोल पंप हैं।*



### चीन में 1,15,228 पेट्रोल पंप बताए जा रहे

अमेरिका में सबसे बड़ा नेटवर्क है। अमेरिका में पेट्रोल पंप की संख्या के बारे में कोई आधिकारिक आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं लेकिन 2024 की एक रिपोर्ट के अनुसार देश में खुदरा पेट्रोल पंप की संख्या 1,96,643 थी। तब से कुछ पंप बंद हो चुके होंगे। चीन के लिए पिछले साल की एक रिपोर्ट में पेट्रोल पंप की संख्या 1,15,228 बताई गई थी। सिनोपेक की वेबसाइट पर मौजूद जानकारी के अनुसार वह 30,000 से अधिक चालू पेट्रोल पंप के साथ चीन का सबसे बड़ा ईंधन खुदरा विक्रेता है।

### पीएसयू के पास 90 फीसदी पेट्रोल पंप

सार्वजनिक क्षेत्र की इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) जैसी सरकारी कंपनियों के पास 90 प्रतिशत से अधिक पंप हैं।

### आईओसी के 41,664 पेट्रोल पंप

चाइना पेट्रोकेमिकल कॉरपोरेशन (सिनोपेक) आकार में हालांकि बड़ी है लेकिन भारतीय बाजार की अग्रणी कंपनी आईओसी के 41,664 पेट्रोल पंप के सामने इसके पेट्रोल पंप की संख्या बहुत कम लगती है। बीपीसीएल का नेटवर्क दूसरे नंबर पर है जिसके 24,605 स्टेशन हैं। इसके बाद एचपीसीएल का स्थान है जिसके 24,418 पेट्रोल पंप हैं।

## व्यापक सुधार के तहत जीएसटी दरों में भारी कटौती की गई

# भारत ने 2025 में कर व्यवस्था में किया बदलाव नया आयकर अधिनियम 1 अप्रैल से होगा लागू

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत ने 2025 में अपने कर ढांचे में व्यापक सुधार किया जिसमें माल एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों में भारी कटौती और आयकर छूट शामिल है। अब ध्यान आगामी बजट में सीमा शुल्क में तर्कसंगत सुधार और प्रक्रियाओं को सरल बनाने पर है।

अगले वर्ष एक अप्रैल से नया सरलीकृत आयकर अधिनियम, 2025 लागू होगा जो छह दशक से अधिक पुराने, वर्तमान आयकर अधिनियम 1961 की जगह लेगा। साथ ही दो नए कानून, सिगरेट पर अतिरिक्त उत्पाद शुल्क लगाने के लिए और पान मसाला पर जीएसटी दरों के अतिरिक्त शुल्क लगाने के लिए सरकार द्वारा तय की गई तिथि से लागू किए जाएंगे। सरकार द्वारा 2025 में लागू किए गए कर सुधारों का उद्देश्य चुनौतीपूर्ण वैश्विक आर्थिक वातावरण के बीच मांग को प्रोत्साहित करना था।

- सरकार ने चालू वित्त वर्ष में आयकर छूट का दायरा बढ़ाया
- आगामी बजट में सीमा शुल्क में तर्कसंगत सुधार व प्रक्रिया सरल बनाने पर होगा जोर
- एक अप्रैल से नया सरलीकृत आयकर अधिनियम लागू होगा जो छह दशक पूराना है

### सामान्य उपभोग की वस्तुओं पर कर बोझ कम हुआ

शुल्क से जुड़ी अनिश्चितताओं के कारण आर्थिक निर्णय लेने पर असर पड़ने से भारत के कर सुधार उपायों ने घरेलू मांग बढ़ाने, उपभोग को प्रोत्साहित करने और वृद्धि का समर्थन करने पर ध्यान केंद्रित किया। इस साल एक प्रमुख विशेषता सितंबर 22 से लगभग 375 माल एवं सेवाओं पर जीएसटी दरों में कटौती रही जिससे सामान्य उपयोग की वस्तुओं पर कर का बोझ कम हुआ और लंबे समय से जारी उल्टी कर संरचनाओं (इनवर्टेड ड्यूटी स्ट्रक्चर) की चिंताओं का समाधान हुआ।




### सीमा शुल्क सरलीकरण पर जोर

इस कदम को उपभोग को बढ़ावा देने वाला माना गया (विशेष रूप से शहरी परिवारों के लिए) साथ ही सरलीकृत कर व्यवस्था के तहत स्वैच्छिक अनुपालन को मजबूत करने वाला भी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने हाल ही में कहा कि सीमा शुल्क का सरलीकरण सरकार का सुधार का अगला बड़ा लक्ष्य होगा।

### जीएसटी संग्रह अप्रैल में रिकॉर्ड 2.37 लाख करोड़ रहा

संग्रह की दृष्टि से, अप्रैल में जीएसटी संग्रह ने रिकॉर्ड 2.37 लाख करोड़ रुपये को छुआ और चालू वित्त वर्ष 2025-26 में इसका औसत 1.9 लाख करोड़ रुपये रहा। व्यापक दर कटौतियों के कारण जीएसटी राजस्व पर कुछ दबाव बना, साथ ही वृद्धि दर धीमी हुई। भारत में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का संग्रह नवंबर में साल के निचले स्तर 1.70 लाख करोड़ रुपये पर आ गया। यह सालाना आधार पर केवल 0.7 प्रतिशत की मामूली वृद्धि दर्शाता है।

### फेसलेस असेसमेंट सीमा शुल्क में लागू करने की जरूरत

पारदर्शिता के संदर्भ में आयकर के गुणों जैसे कि 'फेसलेस असेसमेंट' को सीमा शुल्क में भी लागू करने और शुल्क दरों के युक्तिकरण को सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। भारत जैसे-जैसे कर सुधारों के अगले चरण की ओर बढ़ रहा है और इसमें सरलीकरण, पूर्वानुमानशीलता तथा व्यापार करने में आसानी के नीतिगत लक्ष्य के केंद्र में रहने की उम्मीद है।

### सीमा शुल्क के डिजिटलीकरण पर जोर

नांगिया ग्लोबल के अप्रत्यक्ष कर साझेदार राहुल शेखर ने कहा कि सीमा शुल्क प्रक्रियाओं के संपूर्ण डिजिटलीकरण पर जोर दिया जाना चाहिए जिसमें दस्तावेजीकरण में एकरूपता, पूर्वानुमानित वर्गीकरण पद्धतियां और जोखिम-आधारित त्वरित मंजूरी शामिल हैं जिससे व्यापार सुगमता एवं निवेशकों का विश्वास बढ़ेगा।

# पश्चिमी देशों के मुकाबले भारत में एआई से नौकरियों पर खतरा कम

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सचिव एस कृष्णन ने कहा है कि कृत्रिम मेधा (एआई) के कारण ज्ञान-आधारित नौकरियों के प्रभावित होने का जोखिम पश्चिमी अर्थव्यवस्थाओं के मुकाबले भारत में कम है।



- आईटी सचिव कृष्णन ने कहा, दफ्तरी नौकरियों पर खतरा कम
- भारत में दफ्तर वाली नौकरियों का अनुपात पश्चिमी देशों से कम

कुल कार्यबल में दफ्तर वाली नौकरियों की अपेक्षाकृत कम हिस्सेदारी और विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग एवं गणित (स्टेम) आधारित रोजगारों का वर्चस्व होने के कारण ऐसा है। कृष्णन नेकहा कि रोजगार पर एआई के संभावित प्रभावों को लेकर जो आशंकाएं जताई जा रही हैं, भारत के संदर्भ में उन्हें उसी तीव्रता से नहीं देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत में दफ्तर वाली नौकरियों का अनुपात पश्चिमी देशों की तुलना में काफी कम है, जिससे दिमाग से किए जाने वाले कार्यों पर आधारित नौकरियों पर एआई से पड़ने वाला जोखिम सीमित रहता है। कृष्णन ने कहा, "भारत में अन्य नौकरियों की तुलना में दफ्तर वाली नौकरियों की संख्या कम है। इसलिए ज्ञान-आधारित नौकरियों पर एआई का जोखिम उतना गंभीर नहीं है जितना अन्य देशों में है। इसके अलावा, दफ्तर वाले अधिकांश रोजगार स्टेम क्षेत्र में हैं, जो हमारे लिए अवसर भी पैदा करते हैं।

### इंसानी मौजूदगी की जरूरत बनी रहेगी

आईटी सचिव ने यह भी रेखांकित किया कि एआई से गलत या भ्रामक जानकारी मिलना यानी 'हैलुसिनेशन' अब भी चुनौती बनी हुई है। ऐसे में एआई से तैयार सामग्री की निगरानी और सत्यापन के लिए मानवीय हस्तक्षेप की जरूरत लंबे समय तक बनी रहेगी। सचिव ने कहा, "यह देखना जरूरी है कि दी गई जानकारी सही है या नहीं और कहीं वह हैलुसिनेशन तो नहीं है। इसलिए इस प्रक्रिया में लंबे समय तक इंसानी मौजूदगी की जरूरत बनी रहेगी।"

# ओला को पीएलआई योजना में 367 करोड़ की राशि मिलेगी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

इलेक्ट्रिक दोपहिया कंपनी ओला इलेक्ट्रिक ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसे भारी उद्योग मंत्रालय से 'उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन' (पीएलआई) योजना के तहत 366.78 करोड़ रुपये की अनुदान राशि जारी किए जाने का आदेश मिला है।




- बिक्री मूल्य पर आधारित मांग प्रोत्साहन के तहत दी गई

कंपनी के बयान के मुताबिक, यह भुगतान आदेश वित्त वर्ष 2024-25 के लिए निर्धारित बिक्री मूल्य पर आधारित मांग प्रोत्साहन के तहत है और उसे भुगतान आईएफसीआई लिमिटेड के माध्यम से किया जाएगा, जो इस योजना के तहत कोष वितरण के लिए नामित वित्तीय संस्थान है। ओला इलेक्ट्रिक ने कहा कि यह भुगतान वाहन क्षेत्र के लिए संचालित पीएलआई योजना की लागू शर्तों और नियमों के अनुरूप अनुमोदित किया गया है। कंपनी ने कहा कि यह उपलब्धि उन्नत वाहन विनिर्माण प्रणाली में ओला इलेक्ट्रिक के योगदान को मजबूती देती है और पैमाना, स्थानीयकरण और प्रौद्योगिकी-आधारित एकीकृत विनिर्माण में कंपनी की मजबूती को दर्शाती है।

ओला इलेक्ट्रिक के एक प्रवक्ता ने कहा, "पीएलआई-वाहन योजना के तहत 366.78 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन मंजूरी से हमारी विनिर्माण क्षमता को मजबूत समर्थन मिलता है और यह भारत में विश्व स्तरीय ईवी प्रौद्योगिकी बनाने की प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है।"

### देश की वैश्विक प्रतिस्पर्धा क्षमता बढ़ाना

इसके साथ ही कंपनी प्रवक्ता ने कहा, "हम भारत सरकार के दृष्टिकोण का समर्थन जारी रखेंगे, जो देश को उन्नत वाहन विनिर्माण और स्वच्छ परिवहन का वैश्विक केंद्र बनाने का है। पीएलआई योजना सरकार की एक प्रमुख पहल है, जिसका उद्देश्य घरेलू विनिर्माण को मजबूत करना, उन्नत वाहन प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देना और वाहन एवं वाहन कलपुर्जा क्षेत्र में भारत की वैश्विक प्रतिस्पर्धा क्षमता को बढ़ाना है।

# भारत 1 जनवरी से किम्बर्ली प्रक्रिया की करेगा अध्यक्षता

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत अगले साल एक जनवरी से तीसरी बार किम्बर्ली प्रक्रिया (केपी) की अध्यक्षता करेगा। यह वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला से विवादित हीरों को हटाने की एक वैश्विक पहल है।




- भारत तीसरी बार केपी की अध्यक्षता करेगा
- विवादित हीरों को हटाने की एक वैश्विक पहल है

वाणिज्य मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को बयान में यह बात कही। केपी विभिन्न देशों, उद्योग एवं नागरिक समाजों की एक संयुक्त पहल है। इसका उद्देश्य उन विवादित हीरों के प्रवाह को नियंत्रित करना है जिनका इस्तेमाल दुनिया भर में वैध सरकारों के खिलाफ विद्रोही आंदोलन को वित्त पोषित करने के लिए किया जाता है। भारत हीरा काटने और पॉलिश करने के क्षेत्र में एक वैश्विक खिलाड़ी है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों के अनुसार विवादित हीरे, वे कच्चे हीरे हैं जिनका उपयोग विद्रोही समूह या उनके सहयोगी दुनिया भर में वैध सरकारों को कमजोर करने वाले संघर्षों को वित्तपोषित करने के लिए करते हैं।

वाणिज्य मंत्रालय ने कहा, "भारत 25 दिसंबर 2025 से केपी उपाध्यक्ष का पदभार ग्रहण करेगा और नव वर्ष में अध्यक्ष का पदभार संभालेगा। यह तीसरी बार होगा जब भारत को किम्बर्ली प्रक्रिया की अध्यक्षता सौंपी जाएगी।

### *प्रक्रिया में वर्तमान में 60 भागीदार*

*इसमें वर्तमान में 60 भागीदार हैं जिनमें यूरोपीय संघ और उसके सदस्य देशों को एक ही भागीदार माना जाता है। ये सभी भागीदार मिलकर वैश्विक कच्चे हीरे के व्यापार के 99 प्रतिशत से अधिक हिस्से का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिससे यह इस क्षेत्र को नियंत्रित करने वाला सबसे व्यापक अंतरराष्ट्रीय तंत्र बन जाता है।*

### सन फार्मा ने अमेरिका में कवक नाशक शैम्पू वापस मंगाया

**नई दिल्ली।** भारतीय दवा कंपनी सन फार्मा की इकाई टारो फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज ने अमेरिका में अपने कवक-नाशक शैम्पू की 17,000 से अधिक बोतलों को वापस मंगाने का निर्णय लिया है। यह कदम उत्पादन में आई खराबी के कारण उठाया गया है। अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन (यूएसएफडीए) ने एक ताजा रिपोर्ट में कहा कि टारो फार्मास्यूटिकल इंडस्ट्रीज अपने सिक्लोपाइरॉक्स शैम्पू की 17,664 बोतलें वापस मंगा रही है। इस कवक-नाशक शैम्पू का इस्तेमाल सेबोरहियक डर्मेटाइटिस नामक त्वचा रोग के इलाज में होता है। इस रोग में त्वचा सूखी, खुरदरी और खुजली वाली हो जाती है। यूएसएफडीए ने कहा कि इस शैम्पू को वापस मंगाने का कारण निर्माण प्रक्रिया में मानकों का उल्लंघन है।

## सरकार जल्द ही स्वामी-2 कोष की करेगी शुरुआत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सरकार स्वामी-2 कोष की रूपरेखा को अंतिम रूप दे रही है और जल्द ही इसको चालू कर दिया जाएगा ताकि अटकी पड़ी आवासीय परियोजनाओं को पूरा करने के लिए अंतिम चरण का वित्तपोषण उपलब्ध कराया जा सके। सूत्रों ने यह जानकारी दी। इस 15,000 करोड़ रुपये के कोष के शुरू होने से करीब एक लाख मध्यमवर्गीय मकान खरीदारों को राहत मिलेगी जिनके निवेश, अपार्टमेंट के लिए लिए गए ऋणों की ईएमआई (समान मासिक किस्त) का भुगतान करने के बावजूद अटके हुए हैं। इसके लिए सरकार ने बजट 2025-26 में 'किफायती और मध्यम आय वाले आवास के लिए विशेष व्यवस्था' (स्वामी) के लिए 1,500 करोड़ रुपये की प्रारंभिक पूंजी पहले ही आवंटित कर दी है। नए कोष के लिए रूपरेखा को अंतिम रूप दिया जा रहा है और जल्द ही मंजूरी मिल जाएगी। यह कोष व्यावसायिक रूप से व्यवहारिक परियोजनाओं को अंतिम चरण का वित्त पोषण प्रदान करेगा और अटकी हुई।



- अटकी परियोजनाओं में एक लाख मकानों का निर्माण होगा
- 15,000 करोड़ रुपए के कोष से मकान खरीदारों को राहत मिलेगी

## सैमसोनाइट के लिए भारत बना बड़ा विनिर्माण केंद्र



**नासिक।** अमेरिकी सूटकेस एवं बैग विनिर्माता सैमसोनाइट ने भारत को अपना सबसे बड़ा विनिर्माण केंद्र बनाते हुए करीब 250 करोड़ रुपये के निवेश से नासिक स्थित संयंत्र की उत्पादन क्षमता को तीन गुना बढ़ाकर सात लाख इकाई प्रति माह कर दिया है। सैमसोनाइट साउथ एशिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (भारत) जय कृष्णन ने कहा कि नासिक इकाई अब उत्पादन के मामले में कंपनी के हंगरी और बेल्जियम स्थित वैश्विक संयंत्रों से आगे निकल गई है। उन्होंने कहा, "इकाइयों की संख्या के लिहाज से यह सैमसोनाइट समूह के सबसे बड़े कारखानों में से एक है और आने वाले वर्षों में इसका आकार और बढ़ेगा। दुनिया भारत की ओर देख रही है और हमारी कंपनी भी भविष्य की वृद्धि के लिए भारत पर भरोसा कर रही है।

## कंपनी का 32,000 करोड़ से ज्यादा टैक्स विवाद में नाम उछला

# इमेज सुधारने चली इन्फोसिस, फ्रेशर्स को 21 लाख तक ऑफर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

को-फाउंडर्स के बेतुके बयान, 300 ट्रेनीज की छंटनी और 32,000 करोड़ से ज्यादा टैक्स विवाद में नाम उछलने के बाद अब इन्फोसिस इमेज मेकओवर करती दिख रही है।

- 300 से अधिक ट्रेनीज की छंटनी व को-फाउंडर्स के बेतुके बयान से विवाद रहा

इस दिशा में सबसे पहला कदम कंपनी ने नई हायरिंग को लेकर ही उठाया है। इन्फोसिस अब न्यू हायर्स को 21 लाख रुपए तक ऑफर कर रही है। यह इस क्षेत्र में किसी भी और कंपनी के मुकाबले अधिक है। हालांकि, यह पैकेज हर फ्रेशर को नहीं दिया जा रहा।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, इन्फोसिस ने कुछ खास रोल्स में फ्रेशर्स के लिए सैलरी पैकेज बढ़ा दिए हैं, क्योंकि कंपनी अपनी एआई-फर्स्ट क्षमताओं को मजबूत करना चाहती है। अब इन्फोसिस स्पेशलाइज्ड टेक्नोलॉजी रोल्स के लिए सालाना 21 लाख रुपए तक का पैकेज दे रही है, जो भारत की आईटी कंपनियों में सबसे ज्यादा एंट्री-लेवल सैलरी है।

### किन छात्रों के लिए मौका?

रिपोर्ट में बताया गया है कि इन्फोसिस 2025 के इंजीनियरिंग और कंप्यूटर साइंस ग्रेजुएट्स के लिए ऑफ-कैंपस हायरिंग ड्राइव शुरू करेगी ताकि खास टेक्नोलॉजी रोल्स के लिए टैलेंट मिल सके। जिन रोल्स के लिए भर्ती हो रही है, उनमें स्पेशलिस्ट प्रोग्रामर (एल1 से एल3) और डिजिटल स्पेशलिस्ट इंजीनियर (ट्रेनी) शामिल हैं। ये पोजीशन बीई, बीटेक, एमई, एमटेक, एमसीए और कंप्यूटर साइंस, आईटी और कुछ सर्किट ब्रांच जैसे ईसीई और ईईई के इंटीग्रेटेड एमएस ग्रेजुएट्स के लिए खुली हैं।




### जारी वित्त वर्ष 20,000 हायरिंग का टारगेट

आईटी कंपनियों में एंट्री-लेवल सैलरी कम होने और ऊंचे पदों की सैलरी ज्यादा होने पर अक्सर बहस होती रही है, जहां लोग सीईओ और फ्रेशर्स की सैलरी में बड़े अंतर की आलोचना करते हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, इन्फोसिस ने वित्त वर्ष 2026 की पहली छमाही में 12,000 फ्रेशर्स हायर किए हैं और साल के लिए 20,000 फ्रेशर्स हायर करने का टारगेट पूरा करने की राह पर है।

### किसे कितना पैकेज

स्पेशलिस्ट प्रोग्रामर एल3 (ट्रेनी) के लिए इन्फोसिस 21 लाख रुपए तक का पैकेज दे रही है। स्पेशलिस्ट प्रोग्रामर एल2 (ट्रेनी) के लिए 16 लाख और एल1 (ट्रेनी) के लिए 11 लाख रुपए सालाना पैकेज है। डिजिटल स्पेशलिस्ट इंजीनियर (ट्रेनी) रोल के लिए 7 लाख रुपए सालाना मिलेंगे।

### कंपनी का कहना

इन्फोसिस ग्रुप के सीएचआरओ शाजी मैथ्यू ने कहा कि कंपनी सभी सर्विस लाइनों में एआई-फर्स्ट स्ट्रैटेजी अपना रही है, जिससे मौजूदा कर्मचारियों को अपस्किल करने और खास स्किल वाले नए टैलेंट को हायर करने की जरूरत बढ़ गई है। उन्होंने कहा, "हमारी अर्ली-करियर हायरिंग कैंपस और ऑफ-कैंपस दोनों चैनल्स से होती है। हमने स्पेशलिस्ट प्रोग्रामर ट्रैक में भी मौके बढ़ाए हैं, जिसमें सैलरी 21 लाख रुपए सालाना तक जा रही है।"

### घाटे में चल रही पाकिस्तान एयरलाइन 135 करोड़ में बिकी




**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने अपनी राष्ट्रीय एयरलाइन पीआईए के निजीकरण की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी कर ली। एयरलाइन को 135 अरब रुपये में एक स्थानीय निवेश कंपनी के नेतृत्व वाले गठजोड़ को बेचा गया। राजधानी इस्लामाबाद में आयोजित निजीकरण कार्यक्रम में तीन पात्रता-पूर्व बोलीदाताओं- आरिफ हबीब समूह, लकी सीमेंट और निजी एयरलाइन एयरब्लू ने अपनी-अपनी सीलबंद बोलियां जमा कीं।

चिंतन

# रहमान की बांग्लादेश वापसी भारत के लिए मिश्रित संकेत

बांग्लादेश की सबसे मजबूत राजनीतिक पार्टी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के कार्यवाहक अध्यक्ष एवं पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के बेटे तारिक रहमान आखिरकार 17 साल के वनवास के बाद स्वदेश लौट आए हैं। उनका लौटना सीधे राजनीति में उनकी वापसी के तौर पर देखा जा रहा है। रहमान 12 फरवरी को बांग्लादेश में होने वाले आम चुनावों में भाग लेंगे। उन्हें बीएनपी में पीएम पद का दावेदार भी माना जा रहा है। बता दें कि रहमान की बांग्लादेश वापसी भारत के लिए एक मिश्रित संकेत माना जा रहा है। एक ओर, उनकी वापसी से बांग्लादेश में लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूती मिल सकती है, जो भारत के हित में होगी, क्योंकि उन्होंने वतन लौटते ही कहा कि उनकी विदेश नीति बांग्लादेश के हितों को प्राथमिकता देगी, जो भारत के साथ संबंधों में एक सकारात्मक संकेत हो सकता है। हालांकि संकेत यह भी मिल रहे हैं कि रहमान की वापसी से कट्टरपंथी जमात-ए-इस्लामी के प्रभाव में वृद्धि हो सकती है, जो भारत के लिए बड़ी चुनौती बन सकती है। जमात-ए-इस्लामी के साथ रहमान के गठबंधन से भारत-बांग्लादेश संबंधों में तनाव और बढ़ सकता है। बांग्लादेश में राजनीतिक अस्थिरता बढ़ सकती है, जो भारत के लिए एक गंभीर चिंता का विषय है। हालांकि क्या होगा, यह सब तो फिलहाल भविष्य के गर्भ में है, लेकिन भारत को हर हाल में चौकन्ना रहना होगा और पड़ोसी देश में हो रही हलचलों पर कड़ी नजर रखनी होगी। बता दें कि 2008 में जब रहमान पर भ्रष्टाचार और अन्य आरोप लगे, तो वह लंदन चले गए थे। शेख हसीना सरकार गिरने के बाद अदालतों ने उन्हें बरी कर दिया, जिससे उनकी वापसी का रास्ता साफ हुआ है। इसे भारत के नजरिये से देखें तो बांग्लादेश की सत्ता से शेख हसीना के हटने के बाद अंतरिम सरकार के प्रमुख मुहम्मद यूनुस के कार्यकाल में भारत-बांग्लादेश संबंधों में तनाव बढ़ा है। यूनुस सरकार ने पाकिस्तान से नजदीकियां बढ़ाई हैं, जबकि भारत से दूरी बनाई है। अल्पसंख्यकों, खासकर हिंदुओं पर हमले बढ़े हैं और कट्टरपंथी ताकतें मजबूत हुई हैं। रहमान ने पहले भारत-विरोधी बयान दिए हैं, लेकिन हाल के संकेत सकारात्मक हैं। उन्होंने कहा है, न दिल्ली, न इस्लामाबाद, बांग्लादेश पहले। भारत ने बीएनपी नेतृत्व से बातचीत की है और रहमान की मां खालिदा जिया की बीमारी पर सहानुभूति जताई है। भारत ने उनके इलाज की भी पेशकश की थी। कयास लगाए जा रहे हैं कि बीएनपी सत्ता में आई तो भारत के साथ संतुलित संबंध रखेगी, क्योंकि उनके भाषण में पाकिस्तान से भी दूरी बनाए रखने के संकेत मिल रहे हैं। वहीं, भारत भी चाहता है कि बांग्लादेश में स्थिर और लोकतांत्रिक सरकार आए, जो क्षेत्रीय सुरक्षा और व्यापार के लिए फायदेमंद हो। बीएनपी की जीत से विदेश नीति में बदलाव आ सकता है, जो भारत के हित में होगा। भारत शांतिपूर्ण चुनाव और स्थिर पड़ोसी की उम्मीद कर रहा है। आगे के दिन बांग्लादेश की दिशा तय करेंगे। इस समय परिस्थिति ऐसी है कि भले बीएनपी के भारत के साथ तनावपूर्ण संबंध रहे हों, लेकिन मौजूदा वक्त में बीएनपी को ही भारत अधिक उदार और लोकतांत्रिक विकल्प के रूप में देख रहा है। अवामी लीग का पत्ता पहले ही काटा जा चुका है और ऐसे में भारत को उम्मीद होगी कि रहमान की वापसी से बीएनपी कार्यकर्ताओं में जोश आएगा और पार्टी अगली सरकार बनाएगी। यहां भारत के लिए स्थिति ऐसी है कि उसे दो बुरे में से एक कम बुरा चुनना होगा।



एफटीए
प्रमोद भार्गव

# न्यूजीलैंड से निर्यात पर भारत की दृढ़ता

> विश्व कारोबार पटल पर भारत की महता की स्वीकार्यता लगातार बढ़ती दिखाई दे रही है। भारत ने न्यूजीलैंड के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) में किसान हितों का पूरा ख्याल रखते हुए इस समझौते को अंतिम रूप दिया है। दरअसल भारत में किसान और दुग्ध उत्पादक ग्वालों की प्रकृति पर निर्भरता होने के कारण आर्थिक स्थिति अपेक्षाकृत कमजोर है। अतएव अमेरिका हो या न्यूजीलैंड यदि उनके सस्ते उत्पादों को भारत में बेचने की अनुमति मिल जाती है तो इन लोगों को रोटियों के लाले पड़ सकते हैं ? भारत इन उत्पादों की बजाय न्यूजीलैंड से सेब, कीवी, शहद और वाइन आयात करेगा। इनके आयात में टैरिफ में भी बड़ी राहत दी गई है।

विश्व कारोबार पटल पर भारत की महत्ता की स्वीकार्यता लगातार बढ़ती दिखाई दे रही है। भारत ने न्यूजीलैंड के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) में किसान हितों का पूरा ख्याल रखते हुए इस समझौते को अंतिम रूप दिया है। याद रहे अमेरिकी कृषि उत्पाद निर्यात पर भारत ने दो टूक मना कर दी थी। इस कारण राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नाराजगी का भारत ने बढ़ाए गए टैरिफ के रूप में सामना किया। इसकी भरपाई के लिए धैर्य से काम लेते हुए ब्रिटेन, ओमान और अब न्यूजीलैंड से अपनी शर्तों पर एफटीए करके किसान हितों को साधते हुए उल्लेखनीय समझौते कर लिए। इसी माह दिसंबर 2025 में भारत ने ओमान के साथ कॉम्प्रेहेन्सिव इकोनॉमिक पार्टनरशिप एग्रीमेंट (सीपा) किया था और अब भारत की न्यूजीलैंड से चली 9 माह की वार्ता में न्यूजीलैंड से इस बात पर सहमति हो गई कि इस समझौते में कृषि और डेयरी उत्पादों को पूरी तरह बाहर रखा जाएगा। यह उपलब्धि इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारत से 5000 अभियंता न्यूजीलैंड काम करने के लिए जाते हैं। बावजूद यह समझौता शून्य टैरिफ पर होना भारत के दोनों हाथों में लड्डू होने जैसा है।

इस समझौते से अमेरिका को इसलिए भी झटका लगा है, क्योंकि पांच साल पहले एशिया-प्रशांत व्यापार क्षेत्र के रूप में उभर रहे 15 देशों के व्यापार पटल आरईसीपी (रिजनल कॉम्प्रेहेन्सिव इकोनॉमिक पार्टनरशिप) का सदस्य बनने से भारत ने इनकार कर दिया था। इसका मुख्य कारण था कि न्यूजीलैंड के सस्ते दूध और कृषि उत्पादों का भारत में निर्यात रोकना। अब भारत ने न्यूजीलैंड से स्वतंत्र रूप में समझौता करके किसान हितों को साध लिया है। दरअसल भारत में किसान और दुग्ध उत्पादक ग्वालों की प्रकृति पर निर्भरता होने के कारण आर्थिक स्थिति अपेक्षाकृत कमजोर है। अतएव अमेरिका हो या न्यूजीलैंड यदि उनके सस्ते उत्पादों को भारत में बेचने की अनुमति मिल जाती है तो इन लोगों को रोटियों के लाले पड़ सकते हैं ? भारत इन उत्पादों की बजाय न्यूजीलैंड से सेब, कीवी, शहद और वाइन आयात करेगा। इनके आयात में टैरिफ में भी बड़ी राहत दी गई है। साथ ही न्यूजीलैंड सेब, कीवी और डेयरी क्षेत्र में भारतीय उत्पादकता को बढ़ाने में अपनी तकनीकि मदद भी देगा। अतएव यह समझौता पूर्ण रूप से भारतीय हितों को साधने वाला है। वे भारतीय ऋषि ही थे, जिन्होंने सबसे पहले जाना था कि गाय के दूध में ऐसे पोषक तत्व हैं, जो शरीर और दिमाग दोनों को ही स्वस्थ रखते हैं। यह दूध ही है, जिससे दही, मठा, मक्खन और घी जैसे सह-उत्पाद निकलते हैं। ये उत्पाद मिठाई की दुकानों से लेकर डेयरी उद्योग के जरिए करोड़ों लोगों के रोजगार का मजबूत माध्यम बने हुए हैं। लंबे समय तक गाय से पैदा बैल पर ही भारतीय कृषि निर्भर रही है। इसी कृषि की जीडीपी में 24 प्रतिशत की भागीदारी है। भारतीय दुग्ध उत्पादन से लेकर दूध पीने में दुनिया में पहले स्थान पर हैं। इसी दूध पर कब्जे के लिए अमेरिका अपने यहां उत्पादित मांसाहारी दूध बेचना चाहता है। अन्य यूरोपीय देशों की निगाह भी इस दूध के व्यापार पर टिकी रही है, जिनमें से एक न्यूजीलैंड भी रहा है। अमेरिका और भारत के बीच 500 बिलियन डॉलर के व्यापार समझौते की बात चली थी। इस समझौते की सूची में अमेरिकन मांसाहारी दूध के उत्पाद शामिल थे। भारत



सरकार ने इस बाबत दो टूक कह दिया था कि अमेरिकी दुग्ध उत्पादों को भारतीय बाजार का हिस्सा नहीं बनाया जा सकता है। यह हमारे दुग्ध उत्पादक किसानों की आजीविका और उनकी संस्कृति की सुरक्षा से जुड़ा बड़ा प्रश्न है, जो स्वीकार योग्य नहीं है। इस मनाही के बाद अमेरिका ने भारत पर अनर्गल टैरिफ संबंधी शर्तें थोपना शुरू कर दी थीं। भारत में 13 जनवरी 1970 को फ्लड ऑपरेशन के साथ दूध का उत्पादन शुरू हुआ था। इसे ही श्वेत क्रांति का नाम दिया गया। यह केवल भारत में ही नहीं विश्व में सबसे बड़े ग्रामीण कार्यक्रमों में से एक है। इसी की बदौलत भारतीय डेयरी उद्योग का चेहरा बदला और लाखों दुग्ध उत्पादक किसानों की आर्थिकी में क्रांतिकारी बदलाव आया। दरअसल, फिरंगी हुकूमत के दौरान पोल्सन नाम की ब्रिटिश कंपनी का इस क्षेत्र का दूध खरीदने पर एकाधिकार था। कंपनी दुग्ध उत्पादकों का लगातार शोषण कर रही थी। इस शोषण की शिकायत किसानों ने सरदार पटेल से की। पटेल गोधन, गोरस और गोदान की हिंदू जीवन शैली के अनुयायी थे। पटेल शोषण की जानकारी से बेचैन हुए और लौहपुरुष के अवतार में आ गए, उन्होंने तत्काल कंपनी को दूध बेचने से मना कर दिया। उनका मानना था कि जब कंपनी को दूध मिलेगा ही नहीं, तो उसे किसानों की शर्तें मानने को मजबूर होना पड़ेगा। साथ ही पटेल ने सभी किसानों को मिलकर सहकारी संस्था बनाकर स्वयं दूध और दूध के उत्पाद बेचने की सलाह दी। पटेल के इस सुझाव से किसान सहमत हो गए और अंग्रेजों को दूध न देने की चुनौती दे दी। बाद में 1946 में पटेल ने अपने भरोसे के साथ ही मोरारजी देसाई और त्रिभुवन दास पटेल की सहायता से भारत की पहली दुग्ध सहकारी संस्था की स्थापना की, इसे ही बाद में जिला सहकारी दुग्ध उत्पादन संघ के नाम से जाना गया। 250 लीटर दूध का प्रतिदिन कारोबार करने वाली इसी संस्था को आज विश्वव्यापी संस्था 'अमूल' के नाम से जाना जाता है।

दूध का 30 फीसदी कारोबार संगठित ढांचा, मसलन डेयरियों के माध्यम से होता है। देश में दूध उत्पादन में 96 हजार सहकारी संस्थाएं जुड़ी हैं। 14 राज्यों की अपनी दुग्ध सहकारी संस्थाएं हैं। देश में कुल कृषि खाद्य उत्पादों व दूध से जुड़ी प्रसंस्करण सुविधाएं महज दो फीसदी हैं, किंतु वह दूध ही है, जिसका सबसे ज्यादा प्रसंस्करण करके दही, मठा, घी, मक्खन, मावा, पनीर आदि बनाए जाते हैं। इस कारोबार की सबसे बड़ी खूबी यह है कि इससे आठ करोड़ से भी ज्यादा लोगों की आजीविका जुड़ी है। करीब 1.5 करोड़ परिवार ही सहकारी दुग्ध उत्पादकता से जुड़े हैं, जबकि 6.5 करोड़ ग्रामीण परिवार आज भी सहकारिता के दायरे से वंचित हैं। दूध उत्पादन में ग्रामीण महिलाओं की अहम भूमिका रहती है। रोजाना दो लाख से भी अधिक गांवों से दूध एकत्रित करके डेयरियों में पहुंचाया जाता है। बड़े पैमाने पर ग्रामीण सीधे शहरी एवं कस्बाई ग्राहकों तक भी दूध बेचने का काम करते हैं। इसी दूध के बाजार पर अमेरिका समेत अनेक दुग्ध उत्पादक पश्चिमी देशों की निगाहें टिकी रहती हैं। हालांकि अब दुग्ध उत्पादकों की आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाए रखने के लिए केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कुछ माह पहले ही दस हजार नई कृषि सहकारी समितियों को हरी झंडी दिखाई है। अगले पांच साल में इनकी संख्या दो लाख तक पहुंचाने की है। इन्हीं सहकारी संस्थाओं के जरिए कृषि और दुग्ध उत्पादों को भारत से लेकर एशिया और यूरोप तक बाजार में पहुंचाने की तैयारी है। ऐसे में यदि अमेरिकी या अन्य देशों के लिए दुग्ध उत्पाद बेचने के लिए भारतीय बाजार खोल दिए जाते तो इन समितियों की मुश्किलें तो बढ़ती हीं, दुग्ध उत्पादक आठ करोड़ लोगों की आजीविका पर भी संकट के बादल गहरा जाते।

( लेखक वरिष्ठ साहित्यकार और पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

दिव्य कला मेला
विवेक शुक्ला



# दिव्यांगजनों की प्रतिभा व रचनात्मकता का उत्सव

नेताजी सुभाषचंद्र बोस की इंडिया गेट पर जहां आदमकद मूर्ति स्थापित है, उसके आसपास बीते दिनों रोज हजारों लोग पहुंच रहे थे। ये सब नेताजी की मूर्ति को नमन करने के बाद दिव्यांगजनों की प्रतिभा, रचनात्मकता और उद्यमिता को देखकर मंत्रमुग्ध हो रहे थे। मौका था दिव्य कला मेला 2025 का। अब इस तरह के मेले देश के सभी राज्यों में आयोजित हो रहे हैं। इस मेले में आए दिव्यांग कलाकारों और उद्यमियों के स्टॉल लगे, जहां वे हस्तशिल्प, चित्रकला, ज्वेलरी, खाद्य उत्पाद और अन्य हस्तनिर्मित वस्तुओं का प्रदर्शन कर रहे थे। यह मेला दिव्यांगों की क्षमताओं को मुख्यधारा में लाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। ऐसे मेलों का आयोजन न केवल दिव्यांगजनों को आर्थिक अवसर प्रदान करता है, बल्कि समाज में समावेशिता की भावना को मजबूत करता है। इसके साथ ही, अपने पास ही नेताजी सुभाष चंद्र बोस की मूर्ति को देखकर इनमें जोश आता, अवरोधों को पार करने का। दिव्य कला मेला जैसे आयोजनों के लाभ बहुआयामी हैं। सबसे पहले, ये आर्थिक सशक्तिकरण के सशक्त माध्यम हैं। भारत में करोड़ों दिव्यांगजन हैं, जिनमें से कई ग्रामीण क्षेत्रों से आते हैं और रोजगार के अवसरों से वंचित रहते हैं। ऐसे मेलों में स्टॉल लगाने का अवसर मिलने से वे अपने उत्पादों को सीधे उपभोक्ताओं तक पहुंचा सकते हैं।

उदाहरण के लिए, इस वर्ष के मेले में 28वें संस्करण में सैकड़ों दिव्यांग उद्यमी भाग लेने आए, जो अपने हस्तशिल्प को बेचकर आय अर्जित कर रहे हैं। यह न केवल उनकी आर्थिक स्वतंत्रता बढ़ाता है, बल्कि उन्हें बाजार की समझ भी देता है। सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली सहायता, जैसे यात्रा भत्ता और स्टॉल की सुविधा, इन व्यक्तियों को बिना किसी अतिरिक्त बोझ के भाग लेने की अनुमति देती है। इन्हें रहने के लिए प्रतिदिन 2200 रुपये मिले। परिणामस्वरूप, कई दिव्यांगजन छोटे व्यवसाय स्थापित कर आत्मनिर्भर बनते हैं, जो गरीबी उन्मूलन में योगदान देता है। दूसरा प्रमुख लाभ सामाजिक समावेशिता का है। समाज में दिव्यांगजनों के प्रति अक्सर पूर्वाग्रह और दया की भावना रहती है, लेकिन ऐसे मेलों से यह धारणा बदलती है। मेले में एक 'एक्सेसिबिलिटी सिमुलेशन जोन' जैसी सुविधाएं हैं, जहां सामान्य लोग दिव्यांगता की चुनौतियों का अनुभव कर सकते हैं। इससे सहानुभूति और समझ बढ़ती है, जो एक समावेशी समाज की नींव रखती है। दिल्ली जैसे महानगर में इंडिया गेट पर आयोजित होने से यह मेला बहुत बड़ी संख्या में पर्यटकों और स्थानीय निवासियों को आकर्षित करता रहा, जो दिव्यांग कलाकारों की प्रतिभा को देखकर प्रेरित हुए। इससे दिव्यांगजन मुख्यधारा में शामिल महसूस करते हैं और उनका आत्मविश्वास बढ़ता है। ऐसे आयोजन विकलांगता के प्रति जागरूकता फैलाते हैं, जो शिक्षा और रोजगार नीतियों में सुधार लाते हैं। उदाहरणस्वरूप, देश में पिछले दशक में दिव्यांगजनों के लिए आरक्षण और योजनाएं बढ़ी हैं, और मेलों जैसे प्लेटफॉर्म इन योजनाओं का प्रचार करते हैं। दिव्य कला मेला में प्रदर्शित उत्पाद भारतीय संस्कृति की विविधता को भी दर्शाते हैं, राजस्थानी हस्तकला से लेकर पूर्वोत्तर के बांस उत्पाद तक। यह न केवल सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करता है, बल्कि दिव्यांग कलाकारों को अपनी कला को वैश्विक स्तर पर ले जाने का मौका देता है। मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम, नृत्य और संगीत प्रदर्शन होते रहे, जो दिव्यांगजनों की बहुमुखी प्रतिभा को उजागर करते हैं।

इससे युवा पीढ़ी प्रेरित होती है और दिव्यांग बच्चे अपने सपनों को साकार करने के लिए उत्साहित होते हैं। पर्यावरणीय दृष्टि से भी ये मेला लाभदायक है, क्योंकि कई उत्पाद पर्यावरण-अनुकूल सामग्रियों से बने होते हैं, जो सतत विकास को बढ़ावा देते हैं। कुल मिलाकर, ऐसे मेलों से समाज का सामूहिक विकास होता है, जहां हर व्यक्ति की क्षमता का सम्मान किया जाता है। यह मेला सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा आयोजित किया जा रहा है, जो दिव्यांगों की क्षमताओं को मुख्यधारा में लाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। ऐसे मेलों का आयोजन दिव्यांगजनों को आर्थिक अवसर प्रदान करता है।

इन कलाकारों की सफलता ने यह साबित कर दिया कि दिव्यांगजन किसी भी क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त कर सकते हैं, बशर्ते उन्हें सही दिशा और अवसर मिले। दिव्य कला मेला जैसे प्लेटफॉर्म इन सफलताओं को और बढ़ावा दे सकते हैं। इंडिया गेट में देशभर से आए दिव्यांगजनों को प्रेरणा मिलती रही नेताजी सुभाष चंद्र बोस से, जिनकी मूर्ति वहां ही स्थापित हैं।

( लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## पसंद और नापसंद से मुक्त होना जरूरी



संकलित
दर्शन

आपने देखा होगा कि लोग बड़े गर्व से अक्सर कहते हैं, 'मुझे यह पसंद है, इसलिए मैं यह करके रहूंगा और वह मुझे पसंद नहीं है, इसलिए उसे मैं बिल्कुल नहीं करूंगा, क्योंकि मैं स्वाधीन हूं।' क्या आपने कभी ध्यान दिया है कि यह सोच सचमुच आपकी स्वाधीनता से जन्मा है? यह स्वाधीनता नहीं है, यह तो बेबसी है, लाचारी है। पसंद और नापसंद की बेड़ियों में आज लगभग पूरी मानवता जकड़ी हुई है। सभी पारिवारिक झगड़ों की जड़ में लोगों की व्यक्तिगत पसंद और नापसंद ही होती हैं। पसंद और नापसंद को लेकर समाज, राष्ट्र और धर्म तक बंटे हुए हैं। जब हमारे सोच का दायरा बहुत सीमित होता है, हम कई तरह के पूर्वाग्रहों से ग्रस्त हो जाते हैं, फिर हम पर पसंद और नापसंद की सनक सवार हो जाती है। तब हम उसे नहीं देख पाते, जिसकी जरूरत है। हम वही करते हैं, जिसे हम पसंद करते हैं। वह नहीं करते, जिसे किए जाने की आवश्यकता है। फिर शुरू होता है अविराम झंझटों व विवादों का सिलसिला और उसी में उलझकर रह जाता है हमारा लघु-जीवन। योग परंपरा में भीतरी आयाम को बहुत गहराई से देखा गया और भीतरी पराधीनता से मुक्त होने की कई तकनीकों का आविष्कार किया गया, क्योंकि जो भीतरी पराधीनता का शिकार नहीं है, उसे कोई बाहरी शक्ति उस पर नियंत्रण नहीं कर सकती। पसंद और नापसंद की सनक से मुक्त होने के लिए हमें अपनी चेतना पर काम करना होगा। एक जागरूक व्यक्ति ही यह देख पाने में सक्षम होता है कि किसी विशेष परिस्थिति में क्या आवश्यक है और क्या किया जाना चाहिए।

## गुरु की कृपा से असंभव काम पूरे हो पाते हैं



संकलित
प्रेरणा

महाभारत और श्रीमद् भागवद् कथा के रचियता महर्षि वेदव्यास भगवान विष्णु के अवतार माने गए हैं। इनका पूरा नाम कृष्णद्वैपायन था। इन्होंने ही वेदों का संपादन किया। इसलिए इनका नाम वेदव्यास पड़ा। इनके पिता महर्षि पाराशर और माता सत्यवती थीं। पैल, जैमिन, वैशम्पायन, सुमन्तु मुनि, रोमहर्षण आदि महर्षि वेदव्यास के महान शिष्य थे। एक बार महर्षि वेदव्यास हस्तिनापुर गए। उस समय गांधारी और धृतराष्ट्र ने उनकी बहुत सेवा की थी। उनकी सेवा से प्रसन्न होकर महर्षि ने सौ पुत्रों की माता होने का वरदान गांधारी को दिया था। कुछ समय बाद जब गांधारी गर्भवती हुईं। जब संतान के जन्म का समय आया तो संतान की जगह एक मांस पिंड प्रकट हुआ। जब ये बात वेदव्यास जी को मालूम हुई तो वे तुरंत गांधारी के पास पहुंचे। वेद व्यास जी ने अपनी विद्या से उस मांस पिंड से सौ पुत्र बना दिए। गुरु की कृपा से गांधारी सौ पुत्रों की माता बन गई। महर्षि के आशीर्वाद से ही गांधारी को सौ पुत्र हुए जो आगे जाकर कौरव कहलाए। जिनके सेनापति दुर्योधन हुए। महाभारत के युद्ध में दुर्योधन ने ही कौरव सेना की कमान संभाली थी। गुरु की कृपा हो जाती है तो असंभव काम भी पूरा हो जाता है। इसी लिए हम गुरु की आराधना सच्चे मन से करनी चाहिए ताकि उसका फल हमें मिले। कहा गया है की बिना गुरु ज्ञान अधूरा है। गुरु ही हमारा विपत्ति के समय मार्ग दर्शन करते हैं।

क्रिसमस




क्रिसमस त्योहार पर ओडिशा के पुरी समुद्रतट में रेत कलाकार सुदर्शन पटनायक द्वारा बनाई गई सांता क्लॉज की रेत की मूर्ति।

आज की पाती

### उचित जीवनशैली बचाएगी कैंसर से

राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस पहली बार यह दिवस वर्ष 2014 में मनाया गया था। कहा जाता है कि यह नोबेल पुरस्कार विजेता वैज्ञानिक मैरी क्यूरी के जन्मदिन के दिन मनाया जाता है। मैरी क्यूरी को भौतिक विज्ञान के क्षेत्र में भी नोबेल पुरस्कार दिया गया था, यह रेडियो एक्टिविटी की खोज करने के कारण भी प्रसिद्ध थी। इस दिवस के मनाए जाने का मुख्य कारण लोगों को कैंसर से बचने के तौर तरीकों के प्रति जागरूक करना भी है। दुनिया में ही नहीं, बल्कि हमारे देश में भी इसके मरीजों की संख्या बढ़ी है। यह ऐसी बीमारी है जिसके बारे में लोगों को तब पता चलता है जब यह व्यक्ति को मौत के करीब ले आती है। बहरहाल, उचित जीवनशैली को अपनाकर हम कैंसर से बच सकते हैं। *- प्रकाश ठाकुर, बिलासपुर*

करंट अफेयर

## वर्ष 2025 में संयुक्त राष्ट्र 80 वर्ष का हुआ

दुनिया के कई इलाकों में जारी संघर्षों, वित्तीय संकट और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की आलोचना के बीच, संयुक्त राष्ट्र ने 2025 में अपनी 80वीं वर्षगांठ मनाई, जबकि भारत ने विश्व निकाय से ''नेतृत्व और आशा'' पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया और एक बड़ी भूमिका निभाने की इच्छा व्यक्त की। यूक्रेन और गाजा में संघर्ष, सूडान से लेकर म्यांमा तक दुनिया भर के कई अन्य हिस्सों में युद्ध की स्थिति ने 2025 में भी वैश्विक चुनौतियों से निपटने में संयुक्त राष्ट्र और उसकी शक्तिशाली, लेकिन ध्रुवीकृत, सुरक्षा परिषद की अक्षमता को उजागर किया। जैसे-जैसे राष्ट्र मानवीय आपात स्थितियों, जलवायु संकट और आर्थिक असमानता से जूझ रहे हैं, वैसे-वैसे संयुक्त राष्ट्र की प्रासंगिकता पर सवाल और मुखरता से उठाए जा रहे हैं जिनमें प्रमुख सवाल यह है कि क्या 1945 में स्थापित 80 साल पुराने इस संगठन के पास 21वीं सदी में अस्थिर दुनिया की समस्याओं का समाधान है। इस पृष्ठभूमि में, भारत ने इस बहुपक्षीय संगठन में सुधार के लिए जोरदार आह्वान किया है। सितंबर में संयुक्त राष्ट्र महासभा के मंच से विश्व नेताओं को संबोधित करते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इस बात पर जोर दिया कि एक 'निष्पक्ष रिपोर्ट कार्ड' से पता चलेगा कि संयुक्त राष्ट्र संकट की स्थिति में है।




ऑफ बीट

## आम पकने के पहले ही क्यों गिर जाते हैं ?

ऑस्ट्रेलिया में हर मौसम में आम उत्पादकों को उस समय भारी नुकसान होता है, जब पेड़ों से बड़ी संख्या में फल पकने से पहले ही गिर जाते हैं। शोध में वैज्ञानिकों ने पाया है कि तनाव के दौरान पेड़ों में हार्मोनल असंतुलन और कार्बोहाइड्रेट की कमी पैदा हो जाती है। फल के विकास के लिए आवश्यक शर्करा की आपूर्ति बाधित होने पर पेड़ अपने अस्तित्व को प्राथमिकता देता है और फल गिर जाता है। शोधकर्ताओं ने इसे एक आणविक क्विट सिग्नल बताया है, जो पेड़ को फल का साथ छोड़ने का संदेश देता है। यह संकेत जीन गतिविधि और हार्मोनल संकेतों के जटिल नेटवर्क से जुड़ा है। इस प्रक्रिया को समझने के लिए वैज्ञानिक आम के डंठल (पेडिसल) के ऊतकों में जीन गतिविधियों का अध्ययन कर रहे हैं, जहां पेड़ और फल के बीच पोषक तत्वों और संकेतों का आदान-प्रदान होता है। फल झड़ने की समस्या के लिए शोध में पौध वृद्धि नियामकों (प्लांट ग्रोथ रेगुलेटर्स) के उपयोग को एक प्रभावी उपाय बताया गया है। ये हार्मोन के कृत्रिम रूप होते हैं, जो तनाव की स्थिति में पेड़ों में संतुलन बनाए रखने में मदद करते हैं। परीक्षणों में पाया गया कि फूल आने के शुरुआती चरण में इनका प्रयोग अधिक प्रभावी रहा, जिससे पैदावार में 17 प्रतिशत तक की वृद्धि दर्ज की गई।



X ट्रेंड f

### गगनयान मिशन



भारत के युवाओं की बदौलत हमारा अंतरिक्ष कार्यक्रम अधिक उन्नत और प्रभावशाली होता जा रहा है। एलवीएम3 की विश्वसनीय भारी भार वहन क्षमता के साथ, हम गगनयान जैसे भविष्य के मिशनों की नींव मजबूत कर रहे हैं।
- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### सांस्कृतिक परियोजना



महापुरुष श्रीमंत शंकरदेव के जीवन से जुड़ी बटद्रवा सत्र की भूमि को असम सरकार ने अतिक्रमणमुक्त किया। वहां एक सांस्कृतिक परियोजना को साकार रूप दिया है, जहां सनातन परंपरा और असम की समृद्ध संस्कृति को सुंदर रूप में प्रदर्शित किया है।
- हिमंता बिस्वा सरमा, सीएम, असम

### नए कॉरिडोर मंजूर



दिल्ली के लिए दीर्घकालिक समाधानों पर स्पष्ट ध्यान केंद्रित करते हुए एक नया मार्ग प्रशस्त किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दिल्ली मेट्रो के चरण-5 (ए) के तहत तीन नए कॉरिडोर को मंजूरी दी है।
- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

### उपेक्षा से तिरस्कार तक



भाजपा राज में 'बाटी-चोखा' भी नहीं केवल 'माटी-धोखा' खाने को मिलता है। अब बात 'हाता नहीं भाता' से बहुत आगे निकल गयी है। जब बात उपेक्षा से तिरस्कार तक पहुँच जाती है तो कोई भी समाज सह नहीं पाता है।
- अखिलेश यादव, सांसद, सपा

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## नगर निगम की गलत कार्यप्रणाली को ठहराया जिम्मेदार

# महिला की मौत से परिजनों का हंगामा, किया चकाजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा



नरसिंहपुर नाके में रहने वाली श्रीमती शीलू माहेश्वरी की गुरूवार को एक दुर्घटना में निधन हो गया। दरअसल नगर निगम की सड़कों पर गिट्टी की वजह से महिला योगा क्लास जा रही थी तभी वह गिट्टी के कारण गाड़ी से गिर पड़ी और तेजी से आ रहे ट्रक की चपेट में आ गई जिससे घटनास्थल पर ही महिला की मौत हो गई जिसके बाद परिजन और क्षेत्रवासियों ने हंगामा खड़ा कर दिया।

हादसे के बाद कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों व नरसिंहपुर नाका के पास हादसे के पीड़ित परिवार के साथ ही आमजन ने व्यक्त किए। आंदोलनरत कांग्रेसजन व आक्रोशित आमजन ने कहा कि नरसिंहपुर रोड स्थित शॉपिंग जोन के ठीक सामने एक नाला का निर्माण होना है। जिसके लिए मुख्य सड़क को बीच से गोदा गया और उसका मलबा सड़क पर ही फेंक दिया। इसके पश्चात से कार्य पूरी तरह बंद है और 6 माह बीत चुके हैं। इस अधूरे कार्य की वजह से 25 दिसम्बर दिन गुरुवार को यहां एक अप्रिय सड़क दुर्घटना घटित हुई जिसमें गांधी गंज निवासी अतुल माहेश्वरी की धर्मपत्नी श्रीमती शीलू माहेश्वरी की मौत हो गई। पीड़ित माहेश्वरी समाज व क्षेत्रीय लोगों ने सार्वजनिक रूप आक्रोश व्यक्त किया।

### कांग्रेस ने सौंपा पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन

दर्दनाक हादसे से दुखी कांग्रेस ने नरसिंहपुर नाका पहुंचकर आंदोलन व चक्का जाम कर दोषियों पर तत्काल कार्रवाई की मांग करते हुए पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन कलेक्टर, एसपी व निगम कमिशनर के नाम सौंपा। .नरसिंहपुर रोड शॉपिंग जोन के सामने नगर निगम ने सड़क को खोद और मलबा वहीं छोड़ दिया। 06 माह से यहां आवागमन प्रभावित हो रहा। आए दिन दुर्घटनाएं घटित हो रही। .माहेश्वरी परिवार की एक महिला की सड़क दुर्घटना में जान चली गई। इसके पूर्व भी यह कार्य पूरा कराने हेतु ननि से कहा गया था, किन्तु उन्होंने ध्यान नहीं दिया। इसीलिये हादसे के जिए पूर्ण जिम्मेदार नगर पालिक निगम छिन्दवाड़ा है। .दुर्घटनाग्रस्त स्थल चौराहा, शॉपिंग जोन व पेट्रोल पम्प भी है। यातायात के बढ़ते दबाव को दृष्टिगत रखते हुए तत्काल ट्रेफिक पाइंट लगाया जाए। ताकि दुर्घटनाओं को रोका जा सके। अधूरा नाला निर्माण तत्काल पूरा किया जाए। आस-पास रखे बड़े पत्थरों को तत्काल हटाया जाए। .न्यू पंजाब लॉन के सामने रोड डिवाइडर छोटा होने से भी वाहन चालकों दिखाई नहीं देता। यहां नाला भी जिसके एक ओर मवेशी बंधे हुए रहते हैं तो दूसरी ओर पटरी पर मलबा पड़ा है। इन सभी को तत्काल हटाया जाए। .चौराहे को विकसित किया जाए ताकि रात्रि के सामने आवागमन सुगम हो साथ ही यहां उजाले के लिए हाई मास्ट प्राथमिकता के आधार पर लगाया जाए।



## केंद्रीय गृह मंत्री का रीवा एयरपोर्ट पर हुआ आत्मीय स्वागत

रीवा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के गुरुवार को रीवा एयरपोर्ट आगमन पर उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने अगवानी कर स्वागत किया। गृह मंत्री के साथ विमान में मुख्यमंत्री डा मोहन यादव और प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल भी रीवा आए। विमानतल पर जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने पुष्प गुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया।केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह,मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ,प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल और उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल रीवा एयरपोर्ट से अपरान्ह 3.20 बजे बसामन मामा के लिए हेलीकॉप्टर से रवाना हुए।रीवा एयरपोर्ट पर स्वागत करने वालों में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक देवतालाब गिरीश गौतम ,विधायक मऊगंज प्रदीप पटेल, पूर्व मंत्री पुष्पराज सिंह, डॉ. अजय सिंह,विद्याप्रकाश श्रीवास्तव, अरुण द्विवेदी, आईजी गौरव राजपूत,संयुक्त कमिश्नर सुदेश मालवीय, शामिल हैं।

### डुंगरिया चौकी क्षेत्र का मामला

## कुएं में गिरकर डूबने से युवक की मौत, पुलिस कर रही जांच



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

डुंगरिया चौकी के अंतर्गत आने वाले ग्राम सारेकाढाना में कुआं में गिर कर इत्तुलाल लाल पिता पीरुमुलाल इवनाती उम्र 37 वर्ष गुरुवार को मौत हो गयी. वहीं डूंगरिया चौकी प्रभारी अंजना मरावी को मृतक की पत्नी गीता बाई से सूचना मिलने पर घटनास्थल पर पहुंच कर शव को कुए से निकालकर कर पीएम कर परिजनों को सोपा. घटना के संबंध में चौकी प्रभारी ने बताया कि मृतक एक दिवस पूर्व खेत में बने समतल कुंऐ के समीप मटर इत्यादि हेतु कृषि कार्य खेत में कर रहा था जिस दौरान इसके पैर फिसलने के पश्चात यह कुएं में गिर गया.मृतक ने डूबने के दौरान आवाज भी लगाई जिस पर पत्नी दौड़कर कुएं के समीप पहुंची जहां ग्रामीणों की मदद से मृतक को निकालने का प्रयास किया गया जो असफल हुआ जिसके पश्चात सूचना पुलिस को दी लेकिन में पानी अत्यधिक होने के कारण मृतक नीचे जा चुका था. कार्रवाई के दौरान आरक्षक कमलेश धुर्वे भी उपस्थिति थे।

## घर के भीतर से एक्टिवा पार करने वाला चोर गिरफ्तार

शहडोल। जिले की बुढ़ार पुलिस ने वाहन चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए एक शातिर चोर को सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई एक्टिवा बरामद कर ली है। जानकारी के अनुसार, टिकुरी टोला निवासी शुभम नामदेव ने 11 दिसंबर को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनके घर की परछी (आंगन) से अज्ञात चोर ने रात के सन्नाटे में होंडा एक्टिवा पार कर दी है। पुलिस ने तत्काल अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच शुरू की। थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर घेराबंदी की और 25 दिसंबर को आरोपी दीपक सिंह उम्र 19 वर्ष निवासी ठाकुर बाबा रोड को गिरफ्तार कर लिया। चौंकाने वाली बात यह है कि आरोपी पीड़ित के ही वार्ड का निवासी है। पुलिस ने आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

# घर में अकेली पाकर नाबालिग से दुष्कर्म जान से मारने की धमकी देकर आरोपी फरार

**उमरिया। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र में मानवता को शर्मसार करने वाली एक हृदयविदारक घटना सामने आई है। यहाँ एक नाबालिग बच्ची को उसके अपने ही घर में अकेला पाकर एक दरिंदे ने न केवल उसकी अस्मत लूटी, बल्कि घटना के बाद उसे जान से मारने की धमकी देकर दहशत में डाल दिया। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए पॉक्सो एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है, लेकिन आरोपी अब भी कानून की गिरफ्त से बाहर है।**

### दोपहर के सन्नाटे में दिया वारदात को अंजाम

खबर है कि घटना 23 दिसंबर 2025 की दोपहर की है। जब नाबालिग पीड़िता अपने घर पर मौजूद थी, तभी आरोपी ने सूनेपन का फायदा उठाकर घर के भीतर जबरन प्रवेश किया। पीड़िता के विरोध के बावजूद आरोपी ने उसके साथ दुराचार किया। दरिंदगी की हदें पार करने के बाद आरोपी ने पीड़िता को मुंह खोलने पर जान से मारने की धमकी दी। आरोपी के खौफ के कारण पीड़िता कुछ समय तक सहमी रही, लेकिन बाद में उसने साहस जुटाकर परिजनों को अपनी आपबीती सुनाई।

### पुलिस की सक्रियता

परिजनों के साथ कोतवाली थाने पहुंची पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने तत्काल संज्ञान लिया है। पुलिस ने अपराध दर्ज करते हुए आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 64(1), 65(1), 351(3), पॉक्सो एक्ट की धारा 3/4 के तहत मामला पंजीबद्ध किया। नाबालिग से जुड़ा मामला होने के कारण पुलिस प्रशासन पर भी आरोपी को जल्द पकडऩे का दबाव है।

### पुलिस की ताबड़तोड़ दबिश

घटना के बाद से ही आरोपी फरार है। कोतवाली थाना प्रभारी मदनलाल मरावी ने बताया कि पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीमें गठित की हैं। पुलिस की टीमें आरोपी के संभावित ठिकानों, रिश्तेदारों और संदिग्ध ठिकानों पर लगातार छापेमारी कर रही हैं। थाना प्रभारी ने स्पष्ट किया कि आरोपी की पहचान हो चुकी है और उसे बहुत जल्द सलाखों के पीछे भेज दिया जाएगा।

### पुलिस ने की शांति की अपील

जैसे ही यह खबर क्षेत्र में फैली, स्थानीय नागरिकों में भारी आक्रोश देखा गया। महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को लेकर लोगों ने चिंता व्यक्त की है। हालांकि, पुलिस अधिकारियों ने स्थिति को संभालते हुए कानून-व्यवस्था को सामान्य बताया है। पुलिस प्रशासन ने आम जनता से धैर्य रखने और शांति बनाए रखने की अपील की है, साथ ही आश्वासन दिया है कि अपराधी को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

### पीड़िता को कानूनी और मेडिकल सहायता

प्रशासन द्वारा पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया जा चुका है और उसके बयान दर्ज किए जा रहे हैं।पुलिस का कहना है कि पीड़िता को हर संभव सुरक्षा और कानूनी सहायता प्रदान की जा रही है,ताकि वह इस सदमे से बाहर आ सके। वरिष्ठ अधिकारियों ने कड़े निर्देश दिए हैं कि विवेचना में कोई भी चूक न हो, जिससे आरोपी को न्यायालय में कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जा सके। महिला सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। नाबालिग के साथ हुई इस घृणित घटना में पुलिस पूरी तत्परता से कार्य कर रही है। आरोपी को पकडऩे के लिए घेराबंदी की जा रही है और उसे जल्द ही गिरफ्तार कर सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## 16 दिन से लापता नाबालिग दस्तयाब

शहडोल

जिले की देवलोंद थाना पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए 16 दिनों से लापता एक नाबालिग बालिका को सुरक्षित बरामद करने में सफलता हासिल की है। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से पीड़ित परिवार ने राहत की सांस ली है। मामला 8 दिसंबर 2025 का है, जब थाना देवलोंद क्षेत्र की एक 14 वर्षीय छात्रा सुबह घर से सेहरा हाई स्कूल जाने के लिए साइकिल से निकली थी। शाम तक वापस न लौटने और परिजनों द्वारा काफी खोजबीन के बाद भी सुराग न मिलने पर थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। परिजनों ने आशंका जताई थी कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने नाबालिग को बहला-फुसलाकर अगवा किया है। थाना प्रभारी के नेतृत्व में गठित टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिरों की मदद से खोजबीन शुरू की। पुलिस की घेराबंदी और निरंतर प्रयासों के चलते दिनांक 24 दिसंबर 2025 को नाबालिग बालिका को सुरक्षित दस्तयाब कर लिया गया। इस सराहनीय कार्रवाई में आरक्षक ओमप्रसाद तिवारी, शिवेश त्रिपाठी, सौरभ मिश्रा और महिला आरक्षक महक कुशवाहा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अब मामले के अन्य पहलुओं की जांच कर रही है।

## बाइक पर युवक को आया हार्ट अटैक, डॉक्टर ने सीपीआर देकर बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले से मानवता और त्वरित सूझबूझ की एक ऐसी मिसाल सामने आई है, जिसने हर किसी का दिल जीत लिया है. शहर के व्यस्त सत्कार तिराहे के पास सड़क पर मौत से जंग लड़ रहे एक युवक के लिए मेडिकल कॉलेज के डॉ. दिनेश ठाकुर 'देवदूत' बनकर सामने आए। जानकारी के अनुसार, चलती बाइक पर युवक को अचानक हार्ट अटैक आया और वह बेहोश होकर गिर पड़ा. जिसे डॉक्टर ने तत्काल सीपीआर (CPR) देकर मौत के मुंह से बाहर निकाल लिया. इस घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जानकारी के अनुसार, सोमवार शाम करीब 6 बजे गुलाबरा निवासी सतीश वर्मा अपनी बाइक से सत्कार तिराहे के समीप से गुजर रहे थे. तभी अचानक उन्हें सीने में तेज दर्द उठा और वे अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर पड़े. उसी समय जिला अस्पताल के मेडिकल कॉलेज में पदस्थ एमडी मेडिसिन डॉ. दिनेश ठाकुर अपने क्लिनिक के बाहर खड़े थे. बाइक गिरने की आवाज सुनकर वे तुरंत मौके की ओर दौड़े. उन्होंने देखा कि युवक पूरी तरह अचेत था और उसकी धड़कनें थम रही थीं.



### 3-4 मिनट की मशक्कत और लौट आई सांसें

डॉ. ठाकुर ने बिना एक पल गंवाए पेशेवर कुशलता का परिचय दिया और युवक को सड़क पर सीधा लिटाकर सीपीआर देना शुरू किया. लगभग 3 से 4 मिनट तक लगातार चेस्ट कंप्रेशन देने के बाद युवक के शरीर में हलचल हुई और उसे होश आ गया. होश आने पर स्थानीय लोगों की मदद से उसे क्लिनिक ले जाया गया. जांच में पता चला कि युवक को 'माइनर अटैक' आया था. लेकिन सही समय पर प्राथमिक उपचार मिलने के कारण बड़ा खतरा टल गया. फिलहाल सतीश पूरी तरह स्वस्थ हैं।

## मऊगंज की 5 वर्षीय बच्ची का फेल हुआ लीवर, डिप्टी सीएम के हस्तक्षेप से एयर एंबुलेंस द्वारा भोपाल रेफर

**मऊगंज। जिले की एक 5 वर्षीय मासूम बच्ची के गंभीर लिवर फेलियर का मामला सामने आया है। हालत नाजुक होने पर डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल के हस्तक्षेप से प्रधानमंत्री एयर एंबुलेंस के माध्यम से बच्ची को रीवा से भोपाल भेजा गया है, जहां उसका उन्नत इलाज किया जा रहा है।प्राप्त जानकारी के अनुसार मऊगंज निवासी रोहित दुबे की 5 वर्षीय पुत्री की अचानक तबीयत बिगड़ गई थी।**

परिजन बच्ची को इलाज के लिए करीब पांच दिन पहले रीवा स्थित संजय गांधी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां जांच के दौरान डॉक्टरों ने बच्ची का लीवर फेल होने की पुष्टि की। लगातार हालत बिगड़ने पर विशेषज्ञ उपचार की आवश्यकता को देखते हुए भोपाल रेफर करने की सलाह दी गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए डिप्टी सीएम के निर्देश पर त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रधानमंत्री एयर एंबुलेंस की व्यवस्था की गई। इसके बाद बच्ची को सुरक्षित रूप से एयर एंबुलेंस से रीवा से भोपाल भेजा गया।परिजनों ने शासन-प्रशासन और डिप्टी सीएम का आभार जताते हुए कहा कि समय पर मिली सहायता से बच्ची को नया जीवन मिलने की उम्मीद जगी है। फिलहाल भोपाल में डॉक्टरों की निगरानी में बच्ची का इलाज जारी है।



## दादी की बरसी में पोते पर कुल्हाड़ी से हमला

रीवा । जिले के गोविंदगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत एक परिवार में आयोजित बरसी कार्यक्रम के दौरान युवक पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया गया। हमलावर कोई और नहीं बल्कि घायल का चाचा और चचेरा भाई था, जो बरसी में निमंत्रण ना देने से नाराज थे। आरोपियों द्वारा कुल्हाड़ी से किए गए हमले में घायल युवक को उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है और घटना की शिकायत थाने में दर्ज कराई गई ,गोविंदगढ़ थाना क्षेत्र टीकर गांव में बुधवार की शाम यादव परिवार में आयोजित बरसी कार्यक्रम के दौरान हुए विवाद में युवक पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया गया।घटना के संबंध में घायल उद्रमणि यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि घर में बुधवार को उसकी दादी की बरसी का कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जिस दौरान वह मेहमानों को खाना खिला रहा था, तभी उसके चाचा अपने पुत्र के साथ मौके पर पहुंचे और गाली गलौज करते हुए कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। बताया गया कि आरोपी का उनके परिवार से पूर्व से ही विवाद चल रहा था, ऐसे में बरसी कार्यक्रम में निमंत्रण ना देने से वह नाराज थे, और इसी बात को लेकर विवाद करते हुए घटना को अंजाम दिया गया। फिलहाल पीड़ित ने मामले की शिकायत गोविंदगढ़ थाने में दर्ज कराई है, जिस पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं घायल को उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## बुढ़ार में बुजुर्ग के साथ बड़ी धोखाधड़ी

शहडोल। जिले के बुढ़ार थाना क्षेत्र में एक बुजुर्ग की मेहनत की कमाई पर हाथ साफ करने वाले शातिर अपराधियों के खिलाफ पुलिस ने कड़ा प्रहार किया है। विक्रमपुर निवासी एक 70 वर्षीय बुजुर्ग के घर से एटीएम कार्ड चोरी कर लाखों रुपये पार करने वाले गिरोह के एक सदस्य को पुलिस ने दबोच लिया है। पुलिस ने बताया कि वार्ड क्रमांक 15 निवासी जोधेलाल यादव उम्र 70 वर्ष के घर के बाहर चारपाई पर रखे एक्सिस बैंक के एटीएम कार्ड को आरोपियों ने शातिर तरीके से चोरी कर लिया था। इसके बाद 5 जून से 9 जून 2025 के बीच आरोपियों ने विभिन्न एटीएम बूथों का उपयोग कर बुजुर्ग के खाते से 2,30,000 रुपये की विशाल राशि अवैध रूप से आहरित कर ली। ठगी का अहसास होने पर पीड़ित ने थाने में न्याय की गुहार लगाई। बुढ़ार पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच शुरू की। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी आयुष उर्फ अर्जुन बारी 33 वर्ष निवासी बरियान टोला को 23 दिसंबर को गिरफ्तार कर लिया।

## लापता स्कूली छात्रा को कोतवाली पुलिस ने किया 24 घंटे के अंदर दस्तयाब

### पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता द्वारा नाबालिग बालिकाओं की सकुशल दस्तयाबी हेतु हरसंभव प्रयास किये जाते रहे है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जिनके कुशल नेतृत्व एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्रीमती श्रृध्दा सोनकर के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस द्वारा नाबालिक बालक बालिकाओं के अपहरण की रिपोर्ट पर त्वरित कार्यवाही करते हुए लगातार दस्तयाब कर उनके परिजनों को सुपुर्द किया जा रहा है। विगत माह ऑपरेशन मुस्कान में काफी अधिक संख्या में बालक बालिकाओं की दस्तयाबी सिवनी पुलिस द्वारा की गयी थी, इसी क्रम में उल्लेखनीय है कि दिनांक 21/12/2025 को प्रार्थिया अपहता की मां द्वारा नाबालिग बालिका उम्र 15 वर्ष को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर कहीं ले जाने कि रिपोर्ट थाना कोतवाली में दर्ज कराने पर अज्ञात आरोपी के विरूध्द धारा 137(2) बीएनएस के अंतर्गत अपराध पंजीबध्द किया गया है। उक्त प्रार्थिया कि रिपोर्ट पर तत्काल अपहता की तलाश पतासाजी हेतु थाना स्तर पर अलग-अलग टीम गठित कर संभावित स्थानों पर अपहता की तलाश पतासाजी की जाकर अपहता को 24 घंटे के अंदर दिनांक 22/12/2025 को दस्तयाब कर बालिका की कउंसलिंग करवाकर परिजनों को सकुशल सुपुर्द किया गया है। नाम अपहताः- नाबालिग बालिका उम्र 15 वर्ष। सराहनीय कार्यः थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सतीश तिवारी, उनि. दयाराम शरणागत, उनि देवेन्द्र उइके, प्र.आर. लक्ष्मी बागडे. म. आर. मंजूलता डोंगरे की विशेष भूमिका रहीं हैं।

# नाइट सफारी पर निकला तेंदुआ

### रिहायशी इलाकों के मुहाने पर वन्य जीवों की दहशत

**शहडोल। जिले में वन्यजीवों और इंसानों के बीच संघर्ष की चिंगारी अब शोला बनती जा रही है। जंगल की सीमाएं लांघकर हिंसक वन्यजीव अब सीधे इंसानी बस्तियों में घुसपैठ कर रहे हैं। ताजा घटनाक्रम में शहडोल का ब्यौहारी वन परिक्षेत्र उस वक्त थर्रा उठा, जब देर रात एक खूंखार तेंदुआ बेखौफ अंदाज में सडक़ पर नाइट सफारी करता नजर आया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही समूचे इलाके में हडक़ंप मच गया है।**



### गांव की दहलीज पर शिकारी की दस्तक

वायरल वीडियो तीखवा-डबरौहा मार्ग का बताया जा रहा है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि एक विशालकाय तेंदुआ बिना किसी डर के सडक़ पार कर रहा है। रोंगटे खड़े कर देने वाली बात यह है कि जिस स्थान पर तेंदुआ दिखाई दिया, वहां से ग्रामीणों की बस्ती महज 50 मीटर की दूरी पर है। राहगीरों ने जब अपनी गाडिय़ों की रोशनी में इस शिकारी को देखा, तो उनके हाथ-पांव फूल गए। अगर उस वक्त कोई पैदल यात्री या दोपहिया वाहन सवार वहां होता, तो अंजाम भयावह हो सकता था।

### एक तरफ तेंदुआ, दूसरी तरफ हाथियों का तांडव

ब्यौहारी अंचल के ग्रामीण इन दिनों दोहरी मुसीबत से जूझ रहे हैं। एक ओर तेंदुए की चहलकदमी ने रातों की नींद उड़ा दी है, तो दूसरी ओर हाथियों का दल लगातार तबाही मचा रहा है। हाथियों ने कई ग्रामीणों के आशियाने उजाड़ दिए हैं और खेतों में खड़ी फसल समेत घरों में रखे अनाज को पैरों तले रौंद डाला है। जंगली जानवरों के इस बढ़ते हस्तक्षेप ने ग्रामीणों को अपने ही घरों में कैद होने पर मजबूर कर दिया है।

### वन विभाग की कुंभकर्णी नींद पर भडक़े ग्रामीण

हादसे का इंतजार कर रहे वन विभाग के रवैये को लेकर जनता में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों का आरोप है कि रिहायशी इलाकों में हिंसक जानवरों की आमद की सूचना के बावजूद विभाग केवल कागजी घोड़े दौड़ा रहा है। न तो इलाके में नियमित गश्त बढ़ाई गई है और ना ही वन्यजीवों को जंगल की ओर खदेडऩे के ठोस इंतजाम किए गए हैं।

### जनहानि के बाद जागेगा प्रशासन?

लगातार हो रही इन घुसपैठों ने यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या वन विभाग किसी बड़ी जनहानि का इंतजार कर रहा है? ग्रामीणों ने दो टूक चेतावनी दी है कि यदि सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए और हिंसक जानवरों की निगरानी के लिए टीमें तैनात नहीं की गईं, तो वे उग्र प्रदर्शन को बाध्य होंगे। फिलहाल, समूचा ब्यौहारी क्षेत्र दहशत के साये में है और सूर्यास्त होते ही सन्नाटा पसर जाता है।

## मंदिर और घरों के बाड़े से चंदन के 20 पेड़ रातोंरात चोरी, चोरों की तलाश जारी



**अनूपपुर।** भालूमाड़ा थाना क्षेत्र में देर रात अज्ञात चोरों ने मंदिर परिसर समेत कई घरों के बाड़ों से 15 से 20 सफेद चंदन के पेड़ काटकर चोरी कर लिए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ति नीरज मिश्रा ने बताया कि चोरी की यह वारदात रात करीब 11 बजे के बाद हुई। चोरों ने उनके घर के बाड़े के अलावा पास स्थित मंदिर और आसपास के अन्य घरों में लगे चंदन के पेड़ों को भी निशाना बनाया। नीरज मिश्रा के मुताबिक इलाके में इससे पहले भी कई बार चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। इन मामलों की शिकायत भालूमाड़ा थाने में दर्ज कराई गई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी। उन्होंने बताया कि पहले उनके घर के पास स्थित पंप हाउस से पाइप भी चोरी हो चुका है, जिससे क्षेत्र में असुरक्षा और दहशत का माहौल है। भालूमाड़ा थाना प्रभारी विपुल शुक्ला ने बताया कि नीरज मिश्रा की शिकायत पर चंदन के पेड़ों की चोरी का मामला दर्ज कर लिया गया है। फिलहाल आरोपियों की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस आसपास के इलाकों में तलाश कर रही है और जल्द ही खुलासे का दावा कर रही है।



# जापान में रिलीज होगी एनिमल, 1000 करोड़ क्लब में हो जाएगी शामिल

**मुंबई।** रणबीर कपूर की अदाकारी वाली फिल्म 'एनिमल' ने 2023 में रिलीज के वक्त बॉक्स ऑफिस पर काफी धमाल मचाया था। दो साल बाद अब यह फिल्म फिर से सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस बार यह फिल्म भारत में नहीं बल्कि जापान में रिलीज होने वाली है। मेकर्स ने बुधवार को सोशल मीडिया पर ऐलान किया कि रणबीर कपूर स्टारर यह फिल्म फरवरी 2026 में जापान में रिलीज होगी। भारत में इसने 553 करोड़ रुपये की कमाई की थी। वर्ल्डवाइड इसने 915 करोड़ रुपये कमाए थे। यह फिल्म भारत में अब तक सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक है। उम्मीद की जा रही है कि जापान में रिलीज होने के बाद यह फिल्म 1000 करोड़ के क्लब में शामिल हो जाएगी।

## लाइफ Style

# चित्रांगदा

## गलवान सिर्फ फिल्म नहीं, बल्कि इमोशन

नेटफ्लिक्स की 'रात अकेली है-द बंसल मर्डर्स' में चित्रांगदा सिंह के किरदार को सराहा जा रहा है। जल्द वह बॉलीवुड के भाईजान यानी सलमान खान संग 'बैटल ऑफ गलवान' में भी नजर आएंगी। उन्होंने फिल्म के लेकर बात की।

एजेंसी ▸▸ मुंबई

चित्रांगदा ने उम्मीद जताई है कि ये फिल्म उनके कॅरियर को नई दिशा देगी। 'रात अकेली है-द बंसल मर्डर्स' सोशल मीडिया पर छा चुकी है। फिल्म में नवाजुद्दीन सिद्दीकी और चित्रांगदा सिंह की एक्टिंग को बहुत सराहा जा रहा है। अपने किरदार और फिल्म पर बात करते हुए चित्रांगदा सिंह ने कहा कि फिल्म में उनके किरदार में दुख है, टेंशन है, सस्पेंस है, और पावर भी है। एक ही समय पर एक किरदार अलग-अलग इमोशंस से जूझ रहा है और मेरे लिए एक एक्ट्रेस होने के नाते, मुझे इस किरदार के जरिए अपनी कला को दिखाने का मौका मिला है। अपनी फिल्म को मिल रही तारीफ को लेकर चित्रांगदा ने कहा कि ये दर्शकों का प्यार और हमारी टीम की मेहनत है, जहां दर्शकों ने हर किरदार को प्यार दिया है। मैं सबसे ज्यादा श्रेय राइटर्स को दूंगी, क्योंकि उन्होंने एक-एक लाइन को ऐसा लिखा है कि कुछ बदलाव करने की जरूरत ही नहीं थी और फिल्म थ्रिलर थी, तो किरदार के साथ एक्सपेरिमेंट भी नहीं कर सकते हैं।' सलमान खान के साथ फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' में काम करने के अनुभव पर चित्रांगदा ने कहा, 'गलवान' फिल्म सिर्फ फिल्म नहीं है, ये एक इमोशन है, क्योंकि फिल्म में मसाला देखने को नहीं मिलेगा। फिल्म में कई ऐसे सीन्स हैं जो आपको इमोशनल कर देंगे। ये एक कमर्शियल फिल्म है और उम्मीद है कि इससे मेरा कॅरियर और बेहतर होगा।



## हॉलीवुड मसाला



# बड़ी कीमत चुकाने का लिया फैसला

**लॉस एंजिल्स।** जुलाई महीने में कोल्ड प्ले के म्यूजिक कॉन्सर्ट में एक किस कंट्रोवर्सी हुई। जिसमें एक कंपनी एस्ट्रोनॉमर के सीईओ और एचआर का अफेयर चर्चा का विषय बन गया। दोनों को अपनी नौकरियां तक गंवानी पड़ी। अब महीनों बाद कंपनी की पूर्व एचआर एग्जीक्यूटिव क्रिस्टिन कैबोट ने इस मामले पर चुप्पी तोड़ी है। क्रिस्टिन कैबोट कहती हैं, 'मैंने एक गलत फैसला लिया। उस दिन थोड़ा ड्रिंक किया था। फिर अपने बॉस के साथ गलत तरीके से डांस किया, बिहेव किया।



# स्पेनिश गायक एनरिक ने किया चौथे बच्चे का स्वागत

**लॉस एंजिल्स।** स्पेनिश गायक-गीतकार एनरिक इग्लेसियस एक बार फिर पिता बन गए हैं। 50 वर्षीय एनरिक ने पूर्व टेनिस स्टार एना कोर्निकोवा के साथ 17 दिसंबर को अपने चौथे बच्चे का स्वागत किया। इंस्टाग्राम पर एना ने एक संयुक्त पोस्ट के जरिए फैंस के साथ इस गुड न्यूज को साझा किया है। साथ ही कपल ने बच्चे की पहली झलक भी दिखाई है। अपने बच्चे की झलक दिखाते हुए एना कोर्निकोवा और एनरिक ने कैप्शन में सिर्फ लिखा है, 'हमारी जिंदगी की रोशनी। कपल ने जो तस्वीर साझा की है, उसमें बच्चा सफेद रंग के एक ब्लेंकेट में लिपटा हुआ है। सिर पर टोपी लगाए बच्चे के पास एक टेडी बीयर भी रखा है। हालांकि, कपल ने अभी ये कंफर्म नहीं किया है कि ये बेटा है या बेटी। नए बच्चे का स्वागत करते ही एनरिक और एना का परिवार अब छह सदस्यों का हो गया है।



# आज तक ऐसे अवतार में नजर नहीं आईं

**मुंबई।** अभिनेत्री रश्मिका मंदाना की नई फिल्म 'मैसा' का टीजर रिलीज हो चुका है। फिल्म से रश्मिका की पहली झलक सामने आ गई है। एक ऐसे अवतार में रश्मिका नजर आ रही हैं जो आजतक नजर नहीं आया है। मंदाना ने अब तक अपनी मासूम मुस्कान, चुलबुले किरदारों और रोमांटिक भूमिकाओं से दर्शकों के दिल जीते हैं, लेकिन उनकी आने वाली पैन-इंडिया फिल्म 'मैसा' का टीजर यह साफ कर देता है कि अभिनेत्री अब अपने करियर के एक बिल्कुल नए और साहसी मोड़ पर कदम रख चुकी हैं। हाल ही में रिलीज हुए टीजर में रश्मिका का ऐसा रूप देखने को मिला है, जिसने फैंस और इंडस्ट्री दोनों को चौंका दिया है। टीजर की शुरुआत में ही आवाज सुनाई देती है जो बताती है कि ये कहानी एक ऐसी बेटी की है जो मौत के सामने झुकने से इनकार कर देती है।



# 26 साल पुराना डांस वीडियो वायरल

**मुंबई।** अक्षय खन्ना एक तरफ जहां 'धुरंधर' को लेकर तारीफें बटोरने में जुटे हुए हैं वहीं उनके कई पुराने वीडियोज़ और इंटरव्यू अब सुर्खियों में हैं। अक्षय खन्ना ऐश्वर्या के साथ कई फिल्मों में काम कर चुके हैं और उन दिनों उनके अफेयर की भी खूब खबरें रही थीं। अब ऐश्वर्या के साथ अक्षय का 26 साल पुराना स्टेज परफॉर्मेंस वाला वीडियो सामने आया है, जिसमें दोनों अपनी ही फिल्म के फेमस गाने पर डांस करते दिख रहे हैं। अक्षय और ऐश्वर्या का ये वीडियो साल 1999 में हुए मियामी में स्टेज पर परफॉर्मेंस का है, जिसमें दोनों अपनी फिल्म के पॉप्युलर गाने पर डांस करते दिख रहे हैं। दोनों के इस वीडियो पर एक बार फिर से दर्शकों और फैन्स का प्यार बरस रहा है। आदित्य धर की फिल्म 'धुरंधर' की रिलीज के साथ ही अक्षय की सादगी पर लोग एक बार फिर से फिदा हैं।

## टीवी मसाला




# द ग्रेट इंडियन कपिल शो में महिला क्रिकेट टीम

**नई दिल्ली।** कपिल शर्मा का शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' का नया सीजन नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रहा है। पहले एपिसोड में प्रियंका चोपड़ा ने शिरकत की थी। अब वीकेंड एपिसोड में कॉमेडी और क्रिकेट के गौरव का रंग जमेगा। दूसरे एपिसोड में महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ी आने वाली हैं, जिन्होंने हाल ही में ऐतिहासिक वर्ल्ड कप जीता है। पर फैंस के लिए बुरी खबर ये है कि स्मृति मंधाना नहीं आएंगी। कुछ दिनों पहले ही पलाश मुच्छल के साथ उनकी शादी टूटी है। 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' में कैप्टन हरमनप्रीत कौर के साथ ऋचा घोष, जेमिमा रोड्रिग्स, शेफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, रेणुका सिंह, हरलीन देओल, राधा यादव, प्रतिका रावल और मुख्य कोच अमोल मजूमदार नजर आएंगी। पर भारतीय क्रिकेट टीम की उप-कप्तान स्मृति मंधाना नदारद हैं। प्रोमो में दिखाया गया है कि ट्रॉफी उठाने से पहले हरमनप्रीत ने भांगड़ा किया था, जिसके बारे में उन्होंने बताया कि उन्हें स्मृति मंधाना ने ही प्रेरित किया था। जेमिमा ने कहा, 'हैरी दीदी हम लोगों की बात नहीं सुनती हैं। पर स्मृति ने बोला था कि अगर भांगड़ा नहीं किया तो मैं पूरी लाइफ बात नहीं करूंगी।' आप इस शो को 27 दिसंबर को रात 8 बजे नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं। प्रोमो वीडियो पर फैंस के रिएक्शन भी आ रहे हैं। एक ने कहा, 'स्मृति मिसिंग हैं।' दूसरे ने कहा, 'ये बहुत एंटरटेनिंग एपिसोड होगा।' एक और फैन ने स्मृति का जिक्र करते हुए कहा कि वो नहीं हैं।

## दे दे प्यार दे 2 ओटीटी पर हो रही रिलीज

**नई दिल्ली।** बाप की उम्र का अधेड़ और अमीर आदमी, एक नए जमाने की चुलबुली लड़की। दोनों का इश्क, शादी की प्लानिंग और इस चक्कर में मची अफरा-तफरी। अजय देवगन और रकुल प्रीत सिंह स्टारर 'दे दे प्यार दे 2' सिनेमाघरों में बीते महीने 14 नवंबर 2025 को रिलीज हुई थी। 150 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर भले ही 74.21 करोड़ रुपए की कमाई की, लेकिन इसने दर्शकों को थिएटर्स में हंसाया जरूर। अब यह फिल्म अगले महीने 9 जनवरी, 2026 को ओटीटी पर स्ट्रीमिंग की तैयारी कर रही है। 'दे दे प्यार दे 2' साल 2019 की पॉपुलर हिट रोमांटिक कॉमेडी फिल्म 'दे दे प्यार दे' का सीक्वल है। अंशुल शर्मा के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म की कहानी तरुण जैन और 'प्यार का पंचनामा' फेम लव रंजन ने लिखी है। यह लंदन में बसे आशीष चावला और उसकी गर्लफ्रेंड आयशा चौधरी की लव स्टोरी को आगे बढ़ाती है। पिछली फिल्म में हमने देखा था कि आशीष अपनी गर्लफ्रेंड को अपनी एक्स वाइफ और बच्चों से मिलवाता है।



# नौशाद अली की यादों में हमेशा जिंदा रहा नवाबों का शहर...

**नई दिल्ली।** मशहूर संगीतकार नौशाद अली हिंदी फिल्मों के सबसे बड़े नामों में से एक हैं। उन्होंने सिर्फ 65-67 फिल्मों में ही संगीत दिया, लेकिन उनका संगीत आज भी लोगों के दिलों में बसता है। उन्होंने हिंदी सिनेमा में शास्त्रीय संगीत को लोकप्रिय बनाया और फिल्म संगीत को एक नई ऊंचाई दी। नौशाद अली का जन्म 25 दिसंबर 1919 को उत्तर प्रदेश के लखनऊ शहर में हुआ था। लखनऊ को नवाबों का शहर कहा जाता है, जो संस्कृति और संगीत का बड़ा केंद्र रहा है। उनके पिता वाहिद अली एक मुंशी थे। घर में संगीत को अच्छा नहीं माना जाता था, लेकिन नौशाद को बचपन से ही संगीत का बहुत शौक था।

**लखनऊ की यादें :** वह देवा शरीफ के मेले में जाते थे, जहां बड़े कव्वाल और संगीतकार गाते थे। उन्होंने उस्तादों से हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत सीखा। साइलेंट फिल्में देखकर नोट्स बनाते थे और हारमोनियम बजाने का मौका पाने के लिए एक दुकान पर काम करते थे। लखनऊ की गलियां और मुहल्ले उनकी यादों में हमेशा जिंदा रहे। उन्होंने एक गजल में लिखा था- 'वह गलियां, वह मुहल्ले, सब बन गए कहानी, मैं भी था लखनऊ का, यह बात है पुरानी।'



**संघर्ष के दिन और मुंबई का सफर :** 17 साल की छोटी उम्र में 1937 में नौशाद लखनऊ छोड़कर मुंबई चले गए। शुरुआती दिनों में बहुत संघर्ष किया। फुटपाथ पर सोना पड़ा। पहले बड़े संगीतकारों के सहायक बने। फिर 1940 में फिल्म 'प्रेम नगर' से स्वतंत्र संगीतकार के रूप में शुरुआत की। असली सफलता 1944 में फिल्म 'रतन' से मिली। इसके गाने इतने हिट हुए कि वह रातोंरात स्टार बन गए।

***कॅरियर की चमक और मशहूर फिल्में :*** *नौशाद ने शकील बदायुनी जैसे गीतकारों और मोहम्मद रफी और लता मंगेशकर जैसे गायकों के साथ काम किया। उन्होंने रफी और लता को बहुत मौके दिए। उन्होंने उनकी फिल्मों में शास्त्रीय रागों का इस्तेमाल किया, जो उस समय नया था। उनकी कुछ मशहूर फिल्में हैं- 'बैजू बावरा', 'अंदाज', 'मदर इंडिया', 'मुगल-ए-आजम', 'गंगा जमुना' और राम और श्याम'। उन्होंने अपने संगीत से लोगों को कई फिल्मों में झूमने पर मजबूर किया।*

***सम्मान और आखिरी सफर :*** *मुगल-ए-आजम को जब रंगीन किया गया, तो नौशाद बहुत खुश हुए। उनकी आखिरी फिल्म 'ताज महल' (2005) थी। उनके योगदान के लिए 1981 में दादासाहेब फाल्के पुरस्कार और 1992 में पद्म भूषण मिला। 5 मई 2006 को उनका निधन हो गया।*

# वेलकम टू द जंगल में अक्षय का दिखा अलग अंदाज



**मुंबई।** अक्षय कुमार ने गुरुवार को क्रिसमस की शुभकामनाएं देते हुए अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने लिखा, 'वेलकम टू द जंगल की पूरी कास्ट की तरफ से आप सभी को क्रिसमस की हार्दिक शुभकामनाएं। फिल्म 2026 में सिनेमाघरों में आ रही है। मैं कभी इतने बड़े प्रोजेक्ट का हिस्सा नहीं रहा। हममें से कोई भी नहीं। हम आपको अपना तोहफा देने के लिए बेताब हैं। शूटिंग पूरी हो गई। शाबाश, दोस्तों! इसे साकार करने में शामिल सभी लोगों का बहुत बड़ा योगदान रहा। हमारी तरफ से आप सभी को 2026 के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं।'इसके साथ ही अक्षय ने एक वीडियो भी पोस्ट किया है। इस वीडियो में 'वेलकम टू द जंगल'की पूरी कास्ट नजर आ रही है। जाहिर है कि इस फिल्म में अब तक की सबसे बड़ी कास्ट नजर आ रही है, जिसमें कई दिग्गज कलाकार शामिल हैं। अक्षय के इस वीडियो में उनके अलावा सुनील शेट्टी, अरशद वारसी, रवीना टंडन, तुषार कपूर, राजपाल यादव, परेश रावल, आफताब शिवदसानी, जैकलीन फर्नांडीज, जॉनी लीवर, पुनीत इस्सर, दिशा पाटनी समेत कई और एक्टर्स भी नजर आ रहे हैं।

## क्रिसमस डे के मौके पर कई सेलेब्स ने करीबियों और दोस्तों को दी बधाई

# तमन्ना ने सजाया ट्री, बिग बी ने उठाया कुकीज का लुत्फ

*मुंबई। गुरुवार को पूरी दुनिया में क्रिसमस डे मनाया गया। इसे लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह रहा। कोई चर्च गया तो कोई क्रिसमस ट्री सजाया। क्रिसमस ईसाई धर्म का खास त्यौहार है, हालांकि इस दौर में इसे लगभग सभी लोग मनाते हैं। लोग अपने करीबियों और दोस्तों को बधाई देते हैं और सोशल मीडिया पर स्टेटस लगाते हैं। इसी तरह से कई सेलेब्स ने सोशल मीडिया पर क्रिसमस डे के मौके पर पोस्ट की है।*

**तमन्ना भाटिया :** अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने क्रिसमस डे के मौके पर इंस्टाग्राम पर अपनी खूबसूरत तस्वीरें शेयर की हैं। तस्वीरों में देखा जा सकता है कि वह क्रिसमस ट्री सजा रही हैं और उसके साथ पोज दे रही हैं। पोस्ट के कैप्शन में उन्होंने लिखा है 'हो हो हो मेरी क्रिसमस'।

**बिग बी ने उठाया कुकीज का लुत्फ :** क्रिसमस के अवसर पर अमिताभ बच्चन ने भी एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने अपने एक्स अकाउंट से पोस्ट साझा कर लिखा क्रिसमस पर उन्होंने खास कुकीज मंगाकर खाईं। उन्हें इसका स्वाद इतना पसंद आया कि थोड़ी देर बाद फिर से मंगवाएंगे। उन्होंने जहां से ऑर्डर किया, उस दुकान का नाम भी बताया है।



**शिल्पा शेट्टी :** शिल्पा शेट्टी ने अपने पति और अपने बच्चों के साथ क्रिसमस मनाया है। वह अपने परिवार के साथ बाहर घूमने गई हैं और पोज दिए हैं।

**बिपाशा बसु :** अभिनेत्री बिपाशा बसु ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में वह अपने पति करण ग्रोवर के साथ रेड ड्रेस में डांस कर रही हैं। पोस्ट के कैप्शन में उन्होंने लिखा है 'मेरी क्रिसमस।'

**मौनी रॉय :** मौनी रॉय ने क्रिसमस के मौके पर लहंगे में पोज दिए हैं। पोस्ट शेयर करते हुए उन्होंने फैंस को क्रिसम की बधाई दी है।

**सोनाक्षी सिन्हा-जहीर इकबाल :** सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल ने क्रिसमस डे मनाया है। दोनों ने क्रिसमस ट्री के साथ अपनी तस्वीरें शेयर की हैं और क्रिसमस की बधाई दी है।

***कृति शेट्टी :*** *कृति शेट्टी ने क्रिसमस के मौके पर शानदार पोज दिए हैं। उन्होंने फैंस को क्रिसमस की बधाई दी है।*

***सोफी चौधरी :*** *रंग-बिरंगी ड्रेस में सोफी चौधरी ने क्रिसमस ट्री के साथ बेहतरीन पोज दिए हैं। उन्होंने पोस्ट शेयर करते हुए लिखा है 'आप पर एक्स मास का आशीर्वाद बना रहे।'*

***करिश्मा शर्मा :*** *करिश्मा शर्मा ने क्रिसमस ट्री के पास पोज दिए हैं। उन्होंने इस साल मिले प्यार और सबक के लिए सांता को धन्यवाद कहा है।*

***अहाना कुमरा :*** *अहाना कुमरा ने क्रिसमस ट्री के साथ कई पोज दिए हैं। उन्होंने अपने फैंस को क्रिसमस पर बधाई दी है।*

# मंत्रियों, बड़े पुलिस अफसरों को अब नहीं मिलेगी सलामी, खत्म हुआ गार्ड ऑफ ऑनर का सिस्टम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ में अब सरकार के गृहमंत्री, सभी मंत्री, पुलिस महानिदेशक और अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी जब जिलों में भ्रमण करने जाएंगे, दौरा करेंगे या निरीक्षण, इस दौरान उन्हें सलामी यानी गार्ड ऑफ ऑनर नहीं दिया जाएगा। राज्य सरकार के गृह विभाग ने यह आदेश जारी कर इसे तत्काल प्रभाव से लागू करने का निर्देश दिया है।

**ये है मामला:** दरअसल अब राज्य शासन के गृह विभाग ने सलामी की समीक्षा करने के बाग सलामी गारद (गार्ड ऑफ ऑनर) की प्रक्रिया में बदलाव कर दिया है। सरकार का मानना है कि पुलिस बल की कार्य क्षमता बढ़ाने के लिए यह किया जा रहा है। इसके साथ ही सरकार ये भी मानती है कि यह उपनिवेशवाद कोलोनियल सिस्टम का हिस्सा है।

## छत्तीसगढ़ सरकार के गृह विभाग ने जारी किया आदेश

### इन्हें जारी रहेगी सलामी

सरकार ने निर्देश में ये भी कहा है कि गृहमंत्री, अन्य सभी मंत्रियों और पुलिस अधिकारियों को भले ही अब सलामी नहीं दी जाएगी, लेकिन संवैधानिक एवं अन्य विशिष्ट व्यक्तियों के लिए सलामी की व्यवस्था लागू रहेगी। इनमें प्रोटोकॉल अनुसार संवैधानिक पदों पर आसीन महानुभाव एवं अतिथियों के लिये सलामी गारद (गार्ड ऑफ ऑनर) की व्यवस्था पूर्वानुसार यथावत रहेगी।

### ये है ऐतिहासिक पृष्ठभूमि

गार्ड ऑफ ऑनर का मूल विचार भारत में ब्रिटिश शासन के दौरान आया, जो राष्ट्रमंडल देशों (की सैन्य परंपरा का हिस्सा था। प्राचीन काल में भी राजा-महाराजाओं के आगमन पर सैनिकों द्वारा लाइन में लगकर स्वागत करने की परंपरा रही है, लेकिन आधुनिक सैन्य प्रोटोकॉल अंग्रेजों के समय से विकसित हुआ।

### भारत में कब से शुरू हुआ गार्ड ऑफ ऑनर

भारत में गार्ड ऑफ ऑनर की परंपरा का इतिहास काफी पुराना है, जिसे मुख्य रूप से दो चरणों में समझा जा सकता है। इसके आधुनिक स्वरूप की शुरुआत (1947) में हुई। स्वतंत्र भारत में औपचारिक 'ट्राई-सर्विसेज गार्ड ऑफ ऑनर' की शुरुआत 1947 में आजादी के तुरंत बाद हुई थी। भारत के स्वतंत्र होने के बाद, तीनों सेनाओं (थल सेना, नौसेना और वायु सेना) को मिलाकर एक विशेष टुकड़ी बनाई गई, जिसका काम भारत आने वाले राष्ट्राध्यक्षों और वीवीआईपी को सलामी देना था। ऐतिहासिक रूप से 1947 में पहली बार भारतीय तिरंगे को औपचारिक रूप से गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया था।

### सलामी गारद (गार्ड ऑफ ऑनर) की समाप्ति

गृह विभाग द्वारा जारी निर्देश में कहा गया कि राज्य के भीतर सामान्य दौरों, आगमन,प्रस्थान एवं निरीक्षण के दौरान निम्नलिखित को अब सलामी गारद (गार्ड ऑफ ऑनर) नहीं दिया जायेगा। राज्य के गृहमंत्री एवं सभी मंत्री, पुलिस महानिदेशक सहित अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी जिला में भ्रमण, दौरे, निरीक्षण के समय इन मंत्रियों एवं अधिकारियों के लिये पूर्व में प्रचलित सलामी की व्यवस्था पूरी तरह समाप्त कर दी गई है।

### यहां ये नियम नहीं होगा लागू

राष्ट्रीय एवं राजकीय समारोह के अवसर पर लागू नहीं होगें। इन अवसरों पर औपचारिक सलामी गारद पूर्ववत दी जाएगी। गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) एवं स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त)। शहीद पुलिस स्मृति दिवस (21) अक्टूबर) एवं राष्ट्रीय एकता दिवस (31 अक्टूबर)। राजकीय समारोह, पुलिस दीक्षांत परेड।

# राजकीय सम्मान के साथ पंचतत्व में विलीन हुए साहित्य साधक

- मुख्यमंत्री साय, सांसद अग्रवाल, प्रसिद्ध कवि कुमार विश्वास सहित कई नेता-अधिकारी हुए अंतिम संस्कार कार्यक्रम में शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ के माटीपुत्र एवं प्रसिद्ध साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल का पार्थिव शरीर बुधवार को पंचतत्व में विलीन हो गया। उनका अंतिम संस्कार राजधानी रायपुर के मारवाड़ी मुक्तिधाम में पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया। उनका पार्थिव शरीर को उनके निज निवास स्थान से तिरंगा में लपेटकर सम्मानपूर्वक मुक्तिधाम तक लाया गया, जहां गार्ड ऑफ ऑनर देकर उन्हें भावपूर्ण रूप से अंतिम विदाई दी गई। उनके अंतिम संस्कार कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक अनुज शर्मा, पंकज झा, प्रसिद्ध कवि कुमार विश्वास के अलावा राजनैतिक दलों के जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी सहित अन्य लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए।



### ये भी शामिल हुए अंतिम संस्कार कार्यक्रम में

दिवंगत शुक्ल की अंतिम यात्रा एवं अंत्येष्टी कार्यक्रम में कलेक्टर गौरव सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लाल उम्मेद सिंह, नगर निगम आयुक्त विश्वदीप, जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन, एसडीएम नंदकुमार चौबे, सहित जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी भी शामिल हुए।

### मुख्यमंत्री ने दिया अर्थी को कंधा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी साहित्यकार विनोद शुक्ल के अंतिम संस्कार कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने पहले दिवंगत शुक्ल के निवास स्थान पहुंचे, जहां उनके पार्थिव शरीर को पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। श्रद्धांजलि के बाद मुख्यमंत्री दिवंगत शुक्ल की अंतिम यात्रा में भी शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने दिवंगत शुक्ल की अर्थी को कंधा भी दिया।

# सीधे अंतरिक्ष से मोबाइल को मिलेगा नेटवर्क

**'बाहुबली' ने 6,100 किलोग्राम वजनी अमेरिकी उपग्रह को किया लांच**

एजेंसी ▶▶| श्रीहरिकोटा

एक ऐतिहासिक मिशन के तहत इसरो के सबसे भारी प्रक्षेपण यान 'एलवीएम-3 एम6' ने एक अमेरिकी संचार उपग्रह को उसकी निर्धारित कक्षा में बुधवार को सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया, जिसे अंतरिक्ष एजेंसी प्रमुख ने देश के लिए तोहफा करार दिया। प्रक्षेपण यान एलवीएम-3 एम6 'बाहुबली' ने 6,100 किलोग्राम वजनी 'ब्लूबर्ड ब्लॉक-2' उपग्रह को उसकी निर्धारित कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित किया। मिशन का उद्देश्य उपग्रह के जरिए सीधे मोबाइल कनेक्टिविटी उपलब्ध कराना है।

### जानें क्या है ब्लूबर्ड मिशन



जिस ब्लूबर्ड सैटेलाइट को भारत के बाहुबली रॉकेट से स्पेस में भेजा गया है, उसे अमेरिका की एएसटी स्पेस मोबाइल कंपनी ने बनाया है। यह काफी उन्नत किस्म का सैटेलाइट है।

यह स्पेस से डायरेक्ट ब्रॉडबैंड नेटवर्क या फिर मोबाइल फोन में नेटवर्क मुहैया कराएगा।

भविष्य में इस सैटेलाइट के जरिए मोबाइल टावर के बिना ही सीधे फोन पर इंटरनेट चलाने के साथ-साथ कॉल किया जा सकेगा और डेटा सेवाएं भी उपलब्ध हो सकेंगी।

# संतूर बना भारत का सबसे बड़ा साबुन ब्रांड

**बेंगलुरु।** विप्रो कंज्यूमर केयर एंड लाइटिंग का संतूर देश का सबसे बड़ा साबुन ब्रांड बनकर उभरा है, यह इसकी लगभग चार दशक लंबी यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

चंदन और हल्दी की अनूठी खुशबू वाले इस ब्रांड को 1985 में बेंगलुरु में एक छोटे से परीक्षण के तौर पर लॉन्च किया गया था, जिसके बाद 1986 में इसे पूरे देश में लॉन्च किया गया। पिछले 12 महीनों के कंपनी इनवॉइस बिक्री के हिसाब से संतूर आज 2850 करोड़ रुपये का एक विशाल पर्सनल वॉश ब्रांड बन गया है और अब यह सबसे बड़ा साबुन ब्रांड है।संतूर ने आम भारतीय महिला के लिए "जवान दिखने वाली त्वचा" के वादे को बढ़ावा दिया। यह पहचान प्रतिष्ठित 'संतूर मॉम' के माध्यम से साकार हुई, जिसका लगातार उपयोग किया जाता रहा है, लेकिन महिलाओं की बदलती आकांक्षाओं के साथ तालमेल बिठाते हुए और उनके द्वारा निभाई जाने वाली अनेक भूमिकाओं का जश्न मनाते हुए, समय के साथ इसका चित्रण भी बदलता रहा है - जिसने उपभोक्ताओं को गहराई से प्रभावित किया। ब्रांड ने वर्षों से उत्पाद की गुणवत्ता और पैकेजिंग को लगातार बेहतर बनाने के लिए कड़ी मेहनत की है और संतूर को उसके जीवंत नारंगी रंग का पर्याय बना दिया है। संतूर की यात्रा मजबूत परिचालन निष्पादन और प्रमुख बाजारों में शीर्ष स्थान हासिल करने के गहन लक्ष्य पर आधारित है। इस शानदार उपलब्धि पर विचार करते हुए, विप्रो कंज्यूमर केयर एंड लाइटिंग के सीईओ और विप्रो एंटरप्राइजेज के प्रबंध निदेशक विनीत अग्रवाल ने कहा, "भारत का सबसे बड़ा साबुन ब्रांड बनना विप्रो कंज्यूमर केयर एंड लाइटिंग में हम सभी के लिए गर्व का क्षण है। संतूर की यात्रा उपभोक्ताओं की गहरी समझ, अनुशासित क्रियान्वयन और इस विश्वास पर आधारित है कि निरंतर मूल्य सृजन समय के साथ सफलता दिलाता है। हमने उपभोक्ता को उत्कृष्ट गुणवत्ता प्रदान करने के लिए अथक प्रयास किया है, उत्पाद को लगातार उन्नत बनाते हुए, चाहे वह सुगंध हो, बेहतर अनुभव हो या कठोर पानी में प्रदर्शन हो, और इन सभी ने आकर्षक विज्ञापन के साथ मिलकर ब्रांड की सफलता को आकार देने में योगदान दिया है।"

# सावनसुख ग्रुप ने वंचित लड़कियों के लिए कौशल विकास कार्यशाला कर मनाया क्रिसमस, दिए उपहार

**कोलकाता।** सावनसुख ज्वैलर्स ने सावनसुख इंस्टीट्यूट के सहयोग से क्रिसमस की भावना को एक सुविचारित आभूषण निर्माण कार्यशाला के माध्यम से कोलकाता की 50 वंचित लड़कियों को सशक्त बनाकर मनाया। कार्यशाला का संचालन सावनसुख इंस्टीट्यूट के छात्रों और शिक्षकों द्वारा किया गया, जिन्होंने लड़कियों को हस्तनिर्मित कंगन बनाने की प्रक्रिया में मार्गदर्शन दिया। इस व्यावहारिक अनुभव ने उन्हें आभूषण शिल्प कौशल की बुनियादी बातों से परिचित कराया और साथ ही रचनात्मकता, आत्मविश्वास और आत्म-अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित किया।क्रिसमस के हार्दिक उपहार के रूप में सिद्धार्थ सावनसुख (सावनसुख ज्वैलर्स के प्रबंध निदेशक और सावनसुख इंस्टीट्यूट के संस्थापक) ने प्रत्येक लड़की को उनके द्वारा बनाया गया कंगन और कई अन्य उपहार भेंट किए, जिससे यह उत्सव आनंदमय और अर्थपूर्ण बन गया। 15 वर्ष पूर्व स्थापित सावनसुख संस्थान, आभूषण निर्माण और डिजाइन के क्षेत्र में कुशल पेशेवरों को तैयार करने की दृष्टि से स्थापित किया गया था। इस मिशन के प्रति प्रतिबद्ध रहते हुए, संस्थान का मानना है कि कौशल विकास सशक्तिकरण के सबसे शक्तिशाली साधनों में से एक है।



सावनसुख ज्वैलर्स के प्रबंध निदेशक और सावनसुख संस्थान के संस्थापक सिद्धार्थ सावनसुख ने कहा, "हमारा उद्देश्य संस्थान की विरासत को कक्षाओं से आगे ले जाना है—युवा प्रतिभाओं के साथ ज्ञान और शिल्प कौशल साझा करना, जो सही मार्गदर्शन से भविष्य में राष्ट्र का गौरव बन सकते हैं।"

# एपस्टीन फाइल्स की नई खेप, ट्रंप पर रेप का आरोप

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन



अमेरिका के कुख्यात यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से जुड़े मामले में एक बार फिर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का नाम सामने आया है। अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट (डीओजे) ने मंगलवार रात इस केस से जुड़े करीब 30 हजार पन्नों के नए दस्तावेज जारी किए हैं। इन फाइलों में ट्रंप और एपस्टीन की पुरानी जान-पहचान, निजी यात्राओं और कुछ गंभीर लेकिन अप्रमाणित आरोपों का जिक्र है। नए जारी हुए पन्नों में ट्रंप पर रेप के भी आरोप लगे हैं। हालांकि, जस्टिस डिपार्टमेंट ने साफ कहा है कि ट्रंप पर लगाए गए रेप के आरोप बिना सबूत के हैं और इन्हें सच नहीं माना जाना चाहिए।

# 'हम दिल्ली में बैठे दो लोगों को रोकने के लिए साथ आए

**एजेंसी:मुंबई।** महाराष्ट्र के स्थानीय निकाय चुनाव में करारी हार के बाद विपक्षी पार्टियां बीएमसी चुनाव को लेकर एक्टिव मोड में आ गई हैं। उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना (यूबीटी) और राज ठाकरे की पार्टी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) ने बीएमसी समेत महाराष्ट्र के कुल 29 नगर निगम चुनावों के लिए हाथ मिला लिया है। ठाकरे बंधु (उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे) मुंबई में संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दोनों दलों के बीच गठबंधन का औपचारिक ऐलान किया। उद्धव ने कहा कि महाराष्ट्र का नेतृत्व केवल ठाकरे ही कर सकते हैं। उन्होंने महाराष्ट्र आंदोलन का जिक्र करते हुए कहा कि हमें 107 लोगों की शहादत के बाद महाराष्ट्र मिला। जो लोग पहले महाराष्ट्र चाहते थे, वही लोग अब नए प्रयास शुरू कर रहे हैं।



हम दिल्ली में बैठे दो लोगों को रोकने आए हैं। हम एकसाथ रहने के लिए साथ आए हैं। हमारी सोच एक है। इससे पहले, ठाकरे ब्रदर्स मुंबई के शिवाजी पार्क पहुंचे. उद्धव के साथ उनके पुत्र आदित्य ठाकरे और राज ठाकरे के साथ उनके पुत्र अमित ठाकरे भी थे। ठाकरे परिवार एक साथ शिवाजी पार्क पहुंचा था।

शिवसेना (यूबीटी) प्रवक्ता प्रियंका चतुर्वेदी ने ठाकरे ब्रदर्स के राजनीति के लिए साथ आने पर उठ रहे सवाल खारिज करते हुए कहा कि राजनीति हमारे लिए सेवा का माध्यम है। ये महायुति पूरी झूठी है। संजय राउत ने कहा कि यह बहुत बड़ा दिन है। बालासाहब ठाकरे का पूरा परिवार एकसाथ आ रहा है। इसका बहुत बड़ा फायदा हमें बीएमसी और अन्य नगर निगम के चुनावों में मिलेगा। ठाकरे ब्रदर्स 20 साल बाद साथ आए हैं। दोनों दलों के बीच सीट शेयरिंग पर सहमति बन चुकी है। उद्धव-राज के साथ आने पर कांग्रेस ने भी प्रतिक्रिया दी है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार ने बुधवार को साफ कहा कि कांग्रेस एमवीए और इंडिया गठबंधन के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है। वडेट्टीवार ने राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे के साथ आने के फैसले से खुशी जताते हुए कहा कि जब एक परिवार एकजुट होकर चुनाव लड़ता है, तो हमें खुशी होती है। हम

## राशिफल

**मेष** — वाणी में कठोरता के भाव रहेगा, संचित धन में कमी आ सकती है। प्रतियोगी परीक्षा व साक्षात्कार आदि कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**वृष** — धैर्यशीलता में कमी आ सकती है, अपनी भावनाओं को वश में रखें। पारिवारिक जम्मिदारियां बढ़ सकती हैं। नौकरी में तरक्की के योग बन रहे हैं।

**मिथुन** — माता से धन की प्राप्ती हो सकती है। कला व संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परश्रिम की अधिकता रहेगी, आय में वृद्धि होगी।

**कर्क** — आत्मवश्विास में वृद्धि होगी, कुटुंब परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। उच्च शक्षिा एवं शोध आदि कार्यों के लिए विदेश प्रवास की संभावना बन रही है।

**सिंह** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे, संतान सुख में वृद्धि होगी। आय में कमी व खर्चों में वृद्धि की स्थिति हो सकती है।

**कन्या** — स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है, परंतु आत्मवश्विास में वृद्धि होगी। कार्यों के प्रति जोश व उत्साह रहेगा।पारिवारिक जम्मिदारियां बढ़ सकती हैं।

**तुला** — वाणी में कठोरता का भाव रहेगा, बातचीत में संयत रहें। वस्त्रों आदि की ओर रुझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** — शैक्षिक व बौद्धिक कार्यों से यश व मान-सम्मान में वृद्धि होगी। जीवन साथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। राजनैतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी।

**धनु** — कार्यक्षेत्र में परश्रिम की अधिकता रहेगी, संतान को कष्ट रहेगा। आत्मवश्विास में वृद्धि होगी। कला व संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा।

**मकर** — कार्यक्षेत्र में परविर्तन संभव है, संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। वस्त्रों व गहनों के प्रति रुझान रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कुंभ** — कुटुंब की किसी महिला से धन प्राप्ती के योग बन रहे हैं, भाइयों के साथ मनमुटाव हो सकता है। बातचीत में संयत रहें, वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे।

**मीन** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी, किसी मत्रि के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। परिवार में मान-सम्मान बढ़ेगा।

## लाला रामस्वरूप जी. डी. एंड संस पंचांग 2026 बाजार में उपलब्ध




**जबलपुर।** ज्ञान-विज्ञान के अनूठे संगम के रूप में प्रसिद्ध लाला रामस्वरूप जी. डी. एंड संस पंचांग 2026 नए कलेवर, आकर्षक प्रिंटिंग और अद्यतन विषय-वस्तु के साथ बाजार में आ गया है। संस्कार, शिक्षा, विवाह, व्रत-पर्व, शुभमुहूर्त, तिथि-नक्षत्र, कुंडली मिलान, ग्रह-दशा, राशिफल तथा शासकीय एवं बैंक अवकाशों की सटीक जानकारी इसमें दी गई है, जिससे उपभोक्ता पहले से ही पारिवारिक कार्यक्रम व छुट्टियों की योजना बना सकें। अग्रवाल बंधुओं ने बताया कि पंचांग में आयकर विवरणी से जुड़ी उपयोगी जानकारियाँ, विश्व स्तर पर राशियों के प्रभाव और सटीक भविष्यवाणियाँ भी शामिल हैं। विषय विशेषज्ञों व भविष्यवक्ताओं की निगरानी में तैयार यह पंचांग वर्षों से उपभोक्ताओं के विश्वास पर खरा उतरता आ रहा है और भारत सहित विदेशों में भी भारतीय परिवारों की पहली पसंद बना हुआ है। उन्होंने उपभोक्ताओं से नकली से बचने की अपील करते हुए कहा कि रजिस्टर्ड ट्रेडमार्क नंबर में आगे 8 और पीछे 8 अवश्य देखें। साथ ही वर्ष 2025 की "हीरे जीतो" इनामी योजना के विजेताओं की घोषणा भी की गई। उल्लेखनीय है कि 1937 से जी. डी. एंड संस पंचांग का निरंतर प्रकाशन हो रहा है और यह लाखों घरों में अपनी विशेष पहचान बना चुका है।

# हवाई सेवा में मनमानी पर ब्रेक, दो और एयरलाइन पर मुहर

**नई दिल्ली।** इंडिगो की मार्केट में करीब 65% हिस्सेदारी है, लेकिन हाल में इसकी हजारों फ्लाइट्स कैंसिल हुई थीं जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा था। इससे सबक लेते हुए सरकार ने अब यात्रियों को ज्यादा विकल्प देने के प्रयास तेज कर दिए हैं। अल हिंद एयर और फ्लाईएक्सप्रेस जल्द ही उड़ान भरने के लिए तैयार हैं। इन विमानन कंपनियों को नागर विमानन मंत्रालय से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) मिल गया है। इन दो कंपनियों के अलावा उत्तर प्रदेश स्थित शंख एयर को पहले ही एनओसी मिल चुका है। इसके 2026 में परिचालन शुरू करने की संभावना है।

- अल हिंद एयर, फ्लाईएक्सप्रेस को उड़ान भरने सरकार से मंजूरी



### देश में कितनी एयरलाइंस

नागर विमानन महानिदेशालय के अनुसार, एयर इंडिया, एयर इंडिया एक्सप्रेस, इंडिगो और सार्वजनिक क्षेत्र की अलायंस एयर के अलावा अन्य विमानन कंपनियां अकासा एयर, स्पाइसजेट, स्टार एयर, फ्लाई91 और इंडियावन एयर हैं। गो फर्स्ट तथा जेट एयरवेज सहित कई विमानन कंपनियां ने पिछले कुछ साल के दौरान कर्ज के बोझ तले दबकर अपनी उड़ान सेवाएं बंद कर दी हैं।

### टिकट रद्द होने की 100 शिकायतें

इधर, उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने बुधवार को कहा कि मंत्रालय को इंडिगो में टिकट रद्द होने से संबंधित लगभग 100 शिकायतें मिली हैं। इन्हें विमानन नियामक को भेज दिया गया है। खरे ने एक कार्यक्रम में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि टिकट रद्द होने, रिफंड और मुआवजे से संबंधित ये शिकायतें राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन पर प्राप्त हुई थीं और इन्हें सरकार के हवाई यात्रा शिकायत निवारण मंच एयर सेवा को भेज दिया गया है। उन्होंने कहा, हमें टिकट रद्द होने, रिफंड और पूर्ण रिफंड से संबंधित उपभोक्ता शिकायतें मिली थीं। कई मामलों में आंशिक रिफंड की शिकायतें भी आ रही थीं, जिन्हें उपभोक्ता सही नहीं मानते थे।

## शब्द पहेली - 6089



**बाएँ से दाए-**
1.सुरक्षित-4
4.माहुर,आलता-4
7.कार्य,काज-2
8.रांझे की प्रेमिका-2
9.स्याही,कालिख-2
10.भूमि,धरा-2
12.ठाठ-बाट-2
14.अधर,होठ-2
16.विशाल,श्रेष्ठ-3
18.आदेश,आज्ञा-4
20.कृष्ण भक्त एक मुस्लिम कवि-4
23.काका की पत्नी-2
24.कामदेव की पत्नी-2
25.जनवासा,हरम-4
28.हमसफर-4
30.कपड़े धोने वाला-3
33.आनंद,मौज-2
35.संदेह-2
37.सरूर,खुमार-2
39.मृत्यु का देवता-2
41.पुण्य का विलोम-2
42.परछाई,छाया-2
43.शिव,रुद्र,शंकर-4
44.सराबोर,सना हुआ-4

**ऊपर से नीचे**
1.समान,एक जैसा-2
2.बारीक-3
3.भीगा हुआ-2
4.मेरा (संस्कृत-2)
5.पाना,प्राप्त-3
6.घोड़ागाड़ी,गाड़ी-2
7. कहवा-2
11.उद्देश्य-2
12.गजल लिखनेवाला-3
13.उस जगह-2
15.बारिश,वर्षा-3
16.जी,चित-2
17.मर्द,आदमी-2
18.दरवेश-3
19.मध्य प्रदेश का एक क्षेत्र-3
21.साजन,प्रेमी-3
22.मुलायम-3
26.कायदा,कानून-3
27.महोदय (अंग्रेजी)-2
28.अधिकार-2
29.खटखटाना-3
31.जगत,दुनिया-2
32.प्राण,जीव-2
34.स्वाद-3
35.प्रतिज्ञा-3
36.शरीर,तन-2
38.संध्या,सांझ-2
40.अपशिष्ट पदार्थ-2
41.मस्तूल,नौका पर बांधा जाने वाला कपड़ा-2
42.संग,संगत-2

**शब्द पहेली -6088 का हल**



## सूडोकू नवताल - 6099

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 5 | | | | | | |
| 3 | | | | | | | | |
| | | | 6 | | | 7 | 4 | |
| 6 | | | 2 | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 8 |
| | | | 7 | | 5 | | | 3 |
| | 4 | 7 | | | 1 | | | |
| | | | | | | | | 6 |
| | | | | | | 5 | 2 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकू नवताल - 6098 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 9 | 2 | 6 | 8 | 5 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 6 | 7 | 4 | 5 | 9 | 2 | 3 |
| 7 | 5 | 2 | 3 | 9 | 1 | 6 | 4 | 8 |
| 1 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 | 3 | 9 |
| 6 | 4 | 3 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 1 |
| 2 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 5 | 2 | 1 | 6 | 8 | 7 | 3 | 9 | 4 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 3 | 4 | 1 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 4 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 5 |

MANGAL SENADHA, BANGALORE




कमिटमेंट / अंशु सिंह

बच्चो, नया साल आने वाला है। तुमने प्लानिंग शुरू कर दी होगी, इसे कैसे सेलिब्रेट करोगे। नया साल तुम्हारे लिए कैसे बेहतर साबित हो, तुम्हारे क्या नए रेजॉल्यूशन हों। नए साल में तुम ऐसा नया क्या करो, जो तुम्हें खुशी मिले, सफलता की राह बने, जानो।

# न्यू ईयर के लिए डिसाइड करो कुछ अलग रेजॉल्यूशन

बच्चो, नया साल आने ही वाला है। सभी इसकी कुछ न कुछ तैयारी में लगे हैं, ताकि नए साल का जश्न शानदार और यादगार बन सके। बच्चो, तुम सबने भी कुछ प्लानिंग की होंगी। बहुत कुछ सोचा होगा कि नए साल के स्वागत में क्या-क्या करेंगे? कहां पार्टी करेंगे, कहां घूमने जाएंगे, परिवार के अलावा दोस्तों के साथ मस्ती कैसे करेंगे? इतना ही नहीं, नए साल में क्या नया रिजॉल्यूशन लेंगे, इसके बारे में भी सोचा होगा। लेकिन ये सब तो आमतौर पर सभी करते हैं। तुम अलग क्या करोगे? ऐसा क्या करोगे, जो तुम्हारे लिए सिर्फ एक दिन या रात का जश्न न हो, बल्कि हर दिन, नए उत्साह और नई उम्मीद से भरा देखें। समस्याओं से कभी घबराएं नहीं। बेवजह गुस्सा न करें, बड़ों की सलाह मानकर आगे बढ़ें। तो बच्चों क्या तुम तैयार हो, ऐसा कुछ करने के लिए?



### जरूरी है इरादों में दृढ़ता

कई बच्चे दोस्तों या बड़ों की देखा-देखी में रेजॉल्यूशन तो ले लेते हैं, लेकिन उसे पूरा करने के लिए जो दृढ़ता चाहिए, वो उनमें नहीं होती है। बच्चो, जब तुम कोई लक्ष्य बनाओ, कोई टारगेट फिक्स करो तो उसे पूरा करने के लिए मेहनत, आत्मविश्वास के साथ मन में दृढ़ता जरूर होनी चाहिए। नए साल में इस बात को ध्यान में रखो।



### पहचानो अपनी खूबी

बच्चो, हर किसी में कोई न कोई खूबी जरूर होती है। तुम्हारे अंदर भी होगी। कई बार इस खूबी को पहचानने में देरी होती है। इसमें टीचर्स, पैरेंट्स, दोस्त या घर के बड़े हमारी मदद करते हैं। भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज गेंदबाज कुलदीप यादव को सभी जानते हैं। अपने चाचा को क्रिकेट खेलते देखकर, उनकी दिलचस्पी इस खेल में हुई। फिर पिता जी ने मोटिवेट किया कि वह पढ़ाई के साथ-साथ क्रिकेट भी खेलें। कुलदीप, पेस बॉलर बनना चाहते थे। लेकिन जब पहली बार कोच के पास पहुंचे, तो उन्होंने उनके अंदर छिपी प्रतिभा को पहचाना और स्पिन गेंदबाजी के लिए प्रेरित किया। पहले थोड़ा झटका लगा। लेकिन वे उन पर विश्वास कर आगे बढ़े और उनका फैसला सही साबित हुआ। बच्चो, नए साल में तुम भी अपने अंदर की खूबी को पहचानो, जैसे तुम्हारे भीतर सिंगिंग, पेंटिंग, डांसिंग या राइटिंग का टैलेंट हो तो उसे संवारने का संकल्प ले सकते हो। साथ ही दूसरों की खूबियों से नया सीखने की भी कोशिश करो।

### पैरेंट्स के साथ करो खुलकर बातें

बच्चों की एक आम शिकायत रहती है कि पैरेंट्स उन्हें अपने मन का करने नहीं देते। जरूरत से ज्यादा रोकते-टोकते हैं। उन पर भरोसा नहीं करते हैं। अकेले दोस्तों के साथ घूमने जाने या देर रात पार्टी करने से रोकते हैं। दरअसल, पैरेंट्स के ऐसा करने की वजह होती है। वे नहीं चाहते हैं कि तुम्हारे साथ कुछ गलत हो। तुम गलत संगत में पड़ो और फंसो। वे तुम्हें गुमराह होने से बचाना चाहते हैं। पैरेंट्स को तुम्हारी सुरक्षा की चिंता रहती है। बच्चो, इस बात को समझो कि पैरेंट्स अनुभवी होते हैं। उन्हें लोगों की परख होती है। इसलिए तुम्हें उनकी बातें माननी चाहिए। अपनी पसंद या नापसंद के बारे में उन्हें जरूर खुलकर बताओ। डरो नहीं और न संकोच करो। अपने पैरेंट्स से सलाह लेने में कोई हर्ज नहीं है। बात करने से हर प्रॉब्लम का सही सॉल्यूशन निकलता है।

### मानो दोस्तों की सही सलाह

अच्छे दोस्त परिवार के सदस्य की तरह होते हैं, जो अच्छे और बुरे वक्त दोनों में हमें सपोर्ट करते हैं। हमारी खूबियों की सराहना करते हैं, गलत होने पर टोकने से भी पीछे भी नहीं रहते। दोस्तों को इस बात से फर्क नहीं पड़ता कि हमें बुरा लग सकता है, क्योंकि वे हमारे बारे में सिर्फ अच्छा और पॉजिटिव सोचते हैं। जैसे, सिक्स्थ की स्टूडेंट दीपक को जंक फूड के अलावा कुछ और पसंद ही नहीं आता था। इससे उसका वजन बढ़ने लगा। तब उसके दोस्त अनुज ने उसे साइक्लिंग और योगा करने की सलाह दी। दीपक ने उसकी बात मानी। कुछ समय बाद ही असर दिखने लगा। कहने का मतलब है कि जब हम अपनों की बातों को पॉजिटिव तरीके से लेते हैं, तो बदलाव भी हमारे हित में होते हैं। *

## ऐसे सेलिब्रेट करो न्यू ईयर

**बच्चो, अगर** तुम सोच नहीं पा रहे हो कि न्यू ईयर कैसे सेलिब्रेट करें, तो तुम हमारे सुझाव अमल में ला सकते हो-

- घर पर मजेदार एक्टिविटीज कर सकते हो। तुम ग्लोस्टिक डांस पार्टी के अलावा डीआईवाई क्राफ्ट्स (टोपी, पॉपर्स), स्पार्कलिंग साइडर के साथ आधी रात का नकली काउंटडाउन करके नए साल का जश्न मना सकते हो।
- बैकयार्ड में गेम्स और खाने के साथ बोनफायर अरेंज कर सकते हो।
- परिवार के साथ किसी अच्छी जगह घूमने जा सकते हो। अपने शहर के मॉल में बच्चों के लिए बने जोन में म्यूजिक के साथ थीम वाले इवेंट में शामिल हो सकते हो, तुम्हें बहुत मजा आएगा।
- ऐतिहासिक-सांस्कृतिक स्थलों की सैर कर सकते हो। एडवेंचर पार्क भी जा सकते हो।



टीवी चाइल्ड आर्टिस्ट्स

# बीते साल की अचीवमेंट्स नए साल से नई आशाएं

बच्चो, बीत रहा साल हमें कुछ अचीवमेंट्स देकर जाता है, नया साल हमारे भीतर नई आशाएं जगाता है। टीवी के दो चाइल्ड आर्टिस्ट एकदास खान और श्रेया पटेल, बालभूमि को बता रहे हैं कि बीत रहे साल 2025 में उन्होंने क्या अचीव किया, नए साल 2026 से उन्हें क्या आशाएं हैं? साथ ही ये दोनों यह भी बात रहे हैं, न्यू ईयर कैसे सेलिब्रेट करेंगे, इनके क्या रेजॉल्यूशंस हैं।

### मेरे लिए यह साल सुपर-डुपर रहा : अकदास खान



**सन नियो** चैनल के शो 'दिव्य प्रेमः प्यार और रहस्य की कहानी' में अकदास खान, सप्पू का किरदार निभा रहा है, जिसे लोग खूब पसंद कर रहे हैं। साल 2025 में इस शो का हिस्सा बनकर अकदास बहुत खुश है। वह बताता है, 'यह साल मेरे लिए सुपर-डुपर रहा। मुझे इतने बड़े शो 'दिव्य प्रेमः प्यार और रहस्य की कहानी' में सप्पू का रोल प्ले करने का मौका मिला। मैंने इस साल कैमरे को फेस करना, अच्छे से डायलॉग बोलना और सीन में सही रिएक्शन देना सीखा।' नए साल 2026 के अपने रेजॉल्यूशन के बारे में अकदास बताता है, 'आने वाले साल में मेरा रेजॉल्यूशन है कि मैं सप्पू के रोल को और भी अच्छे से एक्ट करूं। मैं नए साल में डांस, गाना और कुछ एडवेंचर वाली स्किल्स भी सीखूंगा। उम्मीद करता हूं कि नए साल में मुझे बड़े और अच्छे रोल्स मिलेंगे।' न्यू ईयर सेलिब्रेशन की प्लानिंग के बारे में भी अकदास बहुत उत्साहित होकर बताता है, 'इस बार मैं अपने शो 'दिव्य प्रेमः प्यार और रहस्य की कहानी' के सभी दोस्तों के लिए छोटे-छोटे न्यू ईयर कार्ड्स बनाऊंगा। मम्मा और मैं घर पर गुब्बारे और छोटी-छोटी लाइट्स भी लगाएंगे। अबकी न्यू ईयर पर घर में और सेट पर हम खूब एंज्वॉय करने वाले हैं। सभी को मेरी तरफ से हैप्पी न्यू ईयर!' *

### नए साल में निखारूंगी अपनी एक्टिंग स्किल : श्रेया पटेल



**इन दिनों** श्रेया पटेल सोनी सब के धार्मिक सीरियल 'गाथा शिव परिवार की - गणेश कार्तिकेय' में सिद्धि का किरदार निभा रही है। उसे दर्शकों का भरपूर प्यार मिल रहा है। श्रेया के लिए साल 2025 बेहद खास रहा। वह मुस्कुराते हुए बताती है, 'मेरे लिए इस साल की शुरुआत सोनी सब के शो 'तेनाली रामा सीजन-2' से हुई। मुझे खुशी है, इस शो में दर्शकों को मेरा रोल, मेरी एक्टिंग पसंद आई। साल बीतते-बीतते मुझे नया शो 'गाथा शिव परिवार की - गणेश कार्तिकेय' मिल गया, जिसमें मैं सिद्धि का रोल प्ले कर रही हूं। मुझे इस साल नए-नए प्रोजेक्ट्स मिले और खुद को प्रूव करने का अवसर भी मिला। इस लिहाज से देखा जाए तो साल 2025 मेरे लिए बहुत ही खास रहा।' आने वाले साल 2026 से श्रेया को कई उम्मीदें हैं। उसने कुछ गोल्स भी सेट किए हैं, वह बताती है, 'मैं उम्मीद करती हूं, नए साल में मुझे अच्छे शोज में लीड रोल निभाने का मौका मिलेगा। नए साल में मैं एक्टिंग कॉलेज से जुड़कर अपना एक्टिंग स्किल निखारना चाहती हूं।' श्रेया न्यू ईयर कैसे सेलिब्रेट करती है, पूछने पर बताती है, 'नए साल की शुरुआत मैं अपने फैमिली मेंबर्स और फ्रेंड्स को न्यू ईयर विश करके करती हूं। फैमिली के साथ पार्टी करती हूं। बालभूमि के नन्हे दोस्तों को मेरी ओर से नए साल की गुड विशेज।' *

प्रस्तुति : बालभूमि फीचर्स

कविता / राजा चौरसिया

## स्वागत है नव वर्ष तुम्हारा

जा रहा पुराना साल छोड़कर
यादों का अनमोल पिटारा।
हम सब करते हैं अगवानी
स्वागत है नव वर्ष तुम्हारा।
नई उमंगें, नई तरंगें
और चेहरे खिले हुए हैं।
प्रिय बधाइयों, उपहारों के
सबको अवसर मिले हुए हैं।
नजरें तो हैं वही पुरानी
किंतु नया सब ओर नजारा।

हम सब करते हैं अगवानी
स्वागत है नव वर्ष तुम्हारा।
गीत देश के भी गाएंगे
इसको भूल नहीं पाएंगे।
बारह माह सफलताओं का
मनचाहा उत्सव मनाएंगे।
नई सोच की पटरी पर ही
दौड़ेगा उत्साह हमारा।
हम सब करते हैं अगवानी
स्वागत है नववर्ष तुम्हारा।





कहानी

रेनू सैनी

स्पर्श की जैसे सफाई से परहेज था। उसके मम्मी-पापा और दोस्त उसे समझाते, लेकिन उस पर कोई असर नहीं होता। स्पर्श का मौसेरा भाई पंकज, क्रिसमस की छुट्टियों में जब उसके पास आया, तो उसने स्पर्श को सुधारने की सोची। पंकज क्या स्पर्श को सुधार सका?

# नववर्ष का संकल्प



निर्मला मैडम सेवेंथ क्लास के बच्चों को हेल्थ से जुड़ी उपयोगी जानकारी दे रही थीं। उन्होंने बच्चों को बदलते मौसम में फैल रही बीमारियों जैसे वायरल फीवर, टाइफाइड और लूज मोशन के बारे में बताया। बच्चे उनकी बातें ध्यान से सुन रहे थे, लेकिन स्पर्श का ध्यान कहीं और था। वैसे तो वह होशियार बच्चा है, लेकिन उसमें एक बुरी आदत है कि सफाई से दूर रहता है। वह कभी भी ढंग से हाथ नहीं धोता है। यहां तक कि खाना खाने से पहले भी नहीं। स्पर्श के माता-पिता और दोस्त उसे हर तरह से समझा कर थक चुके हैं, किंतु वह किसी की भी नहीं सुनता। उसके कपड़े भी अकसर मैले रहते हैं। यहां तक कि उसकी किताबें, कॉपियां फटी मिलती हैं। पूछने पर उसका जवाब होता है, 'मेरी चीजें मैली या फटी इसलिए होती हैं, क्योंकि मैं इनका सबसे ज्यादा प्रयोग करता हूं। तुम लोगों की तरह नहीं कि हर चीज को शो-पीस बनाकर रखूं।' ऐसे ही किसी के हाथ धोने के लिए कहने पर उसका जवाब होता, 'हाथ तो वही रहेंगे न, धोएं या न धोएं, क्या फर्क पड़ता है?'

स्पर्श की इन बे-सिर पैर की बातों से सभी चिढ़ते हैं। इस बार क्रिसमस की छुट्टियों में स्पर्श की मौसी का बेटा पंकज कुछ दिनों के लिए आया। पंकज उससे बड़ा है। वह बहुत समझदार भी है। स्पर्श के कई दोस्तों से पंकज मिला, उसे इनसे स्पर्श का सफाई से न रहने की आदत के बारे पता चला। पंकज ने मन ही मन नववर्ष से पहले उसकी इस आदत को छुड़ाने का निश्चय किया।

स्पर्श का दोस्त अमन बीमार चल रहा था। पंकज कुछ सोचकर स्पर्श के साथ अमन से मिलने उसके घर गया। दोनों को देखकर अमन को खुशी हुई। वह बोला, 'अच्छा हुआ, तुम लोग आ गए। मेरा मन बहल जाएगा। वैसे अब मैं बिल्कुल ठीक हूं। खांसी-जुकाम हो गया था।'

तभी अमन की मम्मी वहां आकर बोलीं, 'मैं चाय-नाश्ता लेकर आती हूं अभी।'

यह सुनकर पंकज ने स्पर्श से कहा, 'आंटी, रसोई में चाय-नाश्ता तैयार कर रही हैं। तुम जाकर ले आओ।'

स्पर्श तुरंत रसोईघर की ओर चला गया। कुछ देर बाद वह गर्म-गर्म चाय-नाश्ता लेकर आया। स्पर्श नाश्ता शुरू करने वाला था कि अमन ने टोका, 'अरे...अरे... यह क्या कर रहे हो? पहले जाकर अच्छे से हाथ साफ करके आओ।' अमन ने यह भी बताया, 'मेरे एक रिश्तेदार का बेटा इन दिनों बहुत बीमार चल रहा है। उसे टाइफाइड हो गया है। डॉक्टरों ने बोला है कि उसे ठीक होने में समय लगेगा। वह भी बिना हाथ साफ करे चीजें खा लेता है। इसलिए गंदगी के कीटाणुओं ने उसे अपना शिकार बना लिया है। उसके बोर्ड के एग्जाम सिर पर हैं। ऐसे में वह बीमार हो गया है। उसकी पढ़ाई का हर्जा हो रहा है। पता नहीं वह बोर्ड के एग्जाम दे भी पाएगा या नहीं?' अमन आगे बोला, 'बीमार पड़ने से अच्छा है कि पहले से ही साफ-सफाई का ध्यान रखा जाए।'

अमन की बातें सुनकर स्पर्श घबरा सा गया। वह वॉश बेसिन की ओर भागा। जैसे ही वह हाथ धोने गया, पंकज और अमन एक-दूसरे की ओर देखकर मुस्कुराए। दरअसल, पंकज ने ही स्पर्श को जान बूझकर नाश्ता लेने के लिए कमरे से बाहर भेजा था। उसके कमरे से जाते ही पंकज ने अमन को झूठ-मूठ की कहानी बनाने के लिए कहा था। इस कहानी ने अपना काम कर दिखाया।

हाथ धोकर आने के बाद स्पर्श चाय-नाश्ता करते हुए बोला, 'भाई, मेरा तो आने वाले नए साल में यही संकल्प है कि हमेशा कुछ खाने-पीने से पहले अच्छी तरह हाथ धोऊंगा।'

स्पर्श की बात सुनकर पंकज बोला, 'भाई तुम्हारा यह संकल्प तो सारे संकल्पों पर भारी है, क्योंकि स्वच्छता है तो स्वास्थ्य है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क होता है। इस तरह तो तुम हर जगह बाजी मार ले जाओगे।'

पंकज की बात पर अमन और स्पर्श हंस पड़े। कमरे में नाश्ते की खुशबू फैल चुकी थी। तीनों नाश्ते का आनंद लेते हुए यह प्लान करने लगे कि नववर्ष कैसे सेलिब्रेट करेंगे? *

तुम्हारे लिए नई किताब / अनुराग मनींद्र

## प्रेरित करती रोचक कहानियां

बच्चो, तुम्हारे लिए बाल कहानियों का एक संग्रह 'शेर की मूंछ के बाल' कुछ समय पहले छपकर आया है। रेखा शाह आरबी द्वारा लिखी गई इस किताब में चौदह मनोरंजक और शिक्षाप्रद कहानियां संकलित हैं। संग्रह की कहानियों में इंसानी पात्र तो हैं ही, कई कहानियों में जंगल के जीव-जंतुओं को पात्र के रूप में प्रस्तुत किया गया है। किताब की शीर्षक वाली कहानी 'शेर की मूंछ के बाल' मनोरंजक होने के साथ-साथ तुम्हें अपनी गलती का एहसास कर उसे सुधारने की सीख भी देती है। 'टूटी गुल्लक' बहुत ही प्यारी कहानी है, जिसमें तुम पढ़ोगे कि गोलू किस तरह अपने दोस्त राजू की मदद करता है। यह कहानी तुम्हें सच्ची दोस्ती का महत्व समझाएगी। 'गुल्लू का बर्थ-डे' शीर्षक कहानी में गुल्लू अपना बर्थ-डे कुछ इस तरह मनाता है कि उसके सभी दोस्त उससे इंस्पायर होकर तय करते हैं कि वे भी अपना बर्थ-डे ऐसे ही मनाएंगे। यह कहानी तुम्हें अपनी खुशियां जरूरतमंदों के साथ बांटने पर मिलने वाली खुशी का एहसास कराएगी। 'पिंकी का सपना' कहानी में तुम पढ़ोगे कि पिंकी ने किस तरह दादाजी के साथ मिलकर अपने सपने को सच किया। यह कहानी तुममें प्रकृति-प्रेम और पर्यावरण की रक्षा के भाव जगाएगी। इन कहानियों के अलावा 'तोताराम को मिली सीख', 'साबू और शहद', 'तोलू मोलू और करेला', 'पक्की वाली दोस्ती', 'लोमड़ी की चांद ट्रिप टूरिस्ट एजेंसी' कहानियां भी तुम्हें खूब पसंद आएंगी। साथ ही ये कहानियां तुम्हें नैतिक और व्यावहारिक ज्ञान भी देंगी। *




**किताबः** शेर की मूंछ के बाल (बाल कहानी संग्रह), **लेखिकाः** रेखा शाह आरबी, **मूल्यः** 250 रुपए, **प्रकाशकः** साहित्यांजलि प्रकाशन, प्रयागराज

## जीके क्विज-185



1. भारत के राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' की रचना किसने की?
2. ग्लोबल फैमिली डे कब मनाया जाता है?
3. हाल ही में फेमस फुटबॉलर लियोनेल मेसी की विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा का अनावरण कहां हुआ है?
4. किस देश ने जूनियर हॉकी विश्व कप 2025 जीता है?
5. टाइम मैगजीन द्वारा किसे टाइम एंटरटेनर ऑफ द ईयर 2025 चुना गया है?
6. हैदराबाद किस नदी के किनारे बसा है?
7. नवंबर महीने के लिए आईसीसी वूमेन प्लेयर ऑफ द मंथ किसे चुना गया है?
8. भारत के किस राज्य की राजभाषा अंग्रेजी है?
9. भारत के किस राज्य में लोकसभा की सर्वाधिक सीटें हैं?
10. 'भारत भारती' नामक पुस्तक के रचयिता कौन हैं?

**बच्चों, जीके क्विज-185 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-184 का उत्तर :** 1.दीपावली, 2.जसप्रीत बुमराह, 3.खान अब्दुल गफ्फार खान, 4.गुजरात, 5.माउंट बेटन, 6.ओडिशा, 7.क्षिप्रा नदी, 8.22 दिसंबर, 9.विनेश फोगाट, 10.पत्रकारिता

**जीके क्विज-184 का सही उत्तर देने वाले :** साकेत-दुर्ग, कबीर-हिसार, उर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, चीनू-रायगढ़, ज्योति-बैकुंठपुर, नीटू-सीतापुर, प्रतीक-बलौदा बाजार, दिव्या-रोहतक, साकेत-महासमुंद, कमल-रोहतक

## रंग भरो-192

**रंग भरो-192** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




आन्या, दुर्ग


दीक्षांत, रायपुर


दिया, रोहतक


आशना, जांजगीर


हिताक्षी, महेंद्रगढ़


पयोनिधि, अंबिकापुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

सुयश-बिलासपुर, प्रियंका-रायपुर, अंकिता-ईमेल से, अंतरा-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, कोमल-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, अमन-जांजगीर, कुसुम-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, रितेश-बलौदा बाजार

## रंग भरो 193




बच्चो, इस ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में कुछ बच्चे न्यू ईयर सेलिब्रेट कर रहे हैं। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

# इस साल भारतीय क्रिकेट टीम ने नई ऊंचाईयों को तो छुआ, मगर कहीं खा गए मात

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नई दिल्ली भारतीय क्रिकेट टीम ने साल 2025 में एक परिवर्तनकारी दौर से गुजरी। इस साल आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाने में असफल रहने के बाद टीम को शुभमन गिल के रूप में एक युवा कप्तान मिला।

रोहित शर्मा और विराट कोहली के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद गिल को नया टेस्ट कप्तान नियुक्त किया गया। टेस्ट क्रिकेट में टीम का प्रदर्शन मिला-जुला रहा, वहीं सीमित ओवर क्रिकेट में टीम ने नई ऊंचाइयों को छुआ।

## साल 2025 में टीम इंडिया ने हासिल की उपलब्धियां, साथ में निराशा भी

### अपराजित रहते हुए जीता चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब

भारतीय टीम मार्च में चैंपियंस ट्रॉफी को 3 बार जीतने वाली पहली टीम बनी थी। रोहित की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने दुबई में खेले गए एकतरफा फाइनल में न्यूजीलैंड को हराकर यह उपलब्धि हासिल की थी। खास बात यह रही कि टीम ने बिना कोई मैच हारे खिताब जीता था। टूर्नामेंट में यह उनका लगातार तीसरा फाइनल था। इसके साथ ही भारत ने अपना 7वां आईसीसी खिताब जीता, जो किसी भी टीम के लिए दूसरा सबसे अधिक खिताब हैं।

### ओवल टेस्ट में दर्ज की ऐतिहासिक जीत

इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के समापन के बाद गिल की कप्तानी में भारतीय टीम इंग्लैंड दौरे पर गई। कड़े मुकाबले वाली एंडरसन-तेंडुलकर ट्रॉफी में भारत ने अंतिम टेस्ट जीतकर सीरीज 2-2 से ड्रॉ कराई। पांच टेस्ट मैचों में 1,000 से अधिक गेंदें फेंकने वाले मोहम्मद सिराज ने ओवल में निर्णायक जीत दिलाकर सीरीज बराबर की। उनकी 143 किमी प्रति घंटे की यॉर्कर ने भारत को 6 रन से जीत दिलाई। इंग्लैंड 374 रनों का लक्ष्य हासिल नहीं कर पाई।



### रोहित-कोहली की वापसी

भारत ने अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया का दौरा किया और 3 मैचों की वनडे सीरीज खेली। रोहित को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुना गया। लगातार 2 मैचों में शून्य पर आउट होने वाले कोहली ने आखिरी वनडे में अर्धशतक बनाया।

### भारत ने जीता एशिया कप में अपना 9वां खिताब

इसके बाद भारतीय टीम सितंबर में टी-20 एशिया कप के लिए यूएई गई। सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली टीम ने फाइनल समेत अपने कट्टर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 3 बार हराकर अपराजित रहते हुए जीत दर्ज की। अभिषेक शर्मा ने पूरे अभियान में अहम भूमिका निभाई। फाइनल में तिलक वर्मा ने 53 गेंदों पर 69* रनों की अपनी स्थिर पारी से महत्वपूर्ण योगदान दिया। भारत ने अपना 9वां एशिया कप खिताब (वनडे और टी-20 अंतरराष्ट्रीय मिलाकर) जीता।

### दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज में हार

वेस्टइंडीज को हराने के बाद भारत कोलकाता टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका से 30 रनों से हार गया। भारत 124 रनों के लक्ष्य का पीछा नहीं कर पाया। गुवाहाटी में जीत हासिल करने के बाद दक्षिण अफ्रीका ने भारत को 2-0 से हराया। प्रोटियाज ने 548 रनों का सफलतापूर्वक बचाव किया और अंतिम दिन भारत को 140 रनों पर ऑल आउट कर दिया। इससे दक्षिण अफ्रीका ने साल 2000 के बाद भारत में अपनी पहली टेस्ट सीरीज जीतने में सफल रहा।

### भारत की टेस्ट टीम के लिए एक और बड़ी निराशा

गुवाहाटी में भारत को टेस्ट क्रिकेट में अपनी सबसे बड़ी हार (408 रन) मिली, जिसने 2004 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मिली 342 रनों की हार का रिकॉर्ड तोड़ दिया। इससे पहले भारत को न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में 3-0 से हार मिली थी।

### भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जीती वनडे और टी-20 सीरीज

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज में भारत ने शानदार वापसी की। इस सीरीज में भारत ने 2-1 से जीत हासिल की और कोहली ने अपना बेहतरीन प्रदर्शन दोहराया। सीरीज में उन्होंने 2 लगातार शतक और एक अर्धशतक जड़ा। इसके लिए उन्हें 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुना गया। इसके बाद, भारत ने 5 मैचों की टी-20 सीरीज में दक्षिण अफ्रीका को 3-1 से हराया। यह भारत की लगातार 8वीं द्विपक्षीय टी-20 सीरीज जीत थी।

## खबर संक्षेप



### राष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियनशिपः श्रुति और पारुल अगले दौर में

**विजयवाड़ा।** अनुभवी शटलर श्रुति मुंडाडा तथा उभरती खिलाड़ी पारुल चौधरी और तन्वी पात्री ने राष्ट्रीय सीनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप में गुरुवार को अपने से अधिक रैंकिंग वाली खिलाड़ियों को हराकर महिला एकल के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। श्रुति ने सातवीं वरीयता प्राप्त जिया रावत को 21-14, 21-9 से, जबकि पारुल ने नौवीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को 18-21, 21-18, 21-12 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। तन्वी पात्री ने आठवीं वरीयता प्राप्त इशरानी बरुआ को 22-20, 21-19 से हराकर उलटफेर किया।शीर्ष वरीयता प्राप्त उन्नति हुडा, दूसरी वरीयता प्राप्त अनुपमा उपाध्याय, तीसरी वरीयता प्राप्त अनमोल खरब और विश्व जूनियर रजत पदक विजेता तन्वी शर्मा भी अगले दौर में पहुंच गईं हैं।

### जीव कोलंबो में जीते पुखराज रहे टॉप पर



**कोलंबो।** भारत के महान गोल्फर जीव मिल्खा सिंह ने 13 साल का इंतजार खत्म करते हुए आईजीपीएल आमंत्रण श्रीलंका टूर्नामेंट जीतकर आईजीपीएल के पहले सत्र का शानदार अंत किया। वर्ष 2012 के बाद से प्रो टूर्नामेंट नहीं जीत सके 54 साल के जीव ने छह अंडर 65 और कुल 15 अंडर का स्कोर करके आर्यन रूपा आनंद को एक शॉट से हराया। भारत के ही पुखराज सिंह गिल संयुक्त 12वें स्थान पर रहने के बावजूद आईजीपीएल आर्डर आफ मेरिट जीत गए। उन्होंने अमन राज और गगनजीत भुल्लर को मामूली अंतर से हराया। जीत के बाद जीव मिल्ल्खा सिंहन ने आंसू पोछते हुए कहा मैने श्रीलंका में पहले कभी नहीं खेला है। मेरे लिये यह भावुक पल है क्योंकि यही वह जगह है जहां मेरे माता पिता में प्रेम हुआ और उनके रिश्ते की शुरूआत हुई।

### जीत के साथ दुबई कैपिटल्स प्लेआफ में



**दुबई।** शायन जहांगीर और जोर्डन कॉक्स के अर्धशतकों की मदद से गत चैम्पियन दुबई कैपिटल्स ने विश्व आईएलटी20 में शारजाह वारियर्स को छह विकेट से हराकर प्लेआफ में जगह बना ली। जहांगीर ने विकेट के पीछे भी शानदार प्रदर्शन करते हुए खतरनाक बल्लेबाज टॉम कोहलेर कैडमोर को आउट किया। जीत के लिये 135 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दुबई कैपिटल्स ने जहांगीर और कॉक्स के बीच 63 गेंद में 76 रन की साझेदारी की मदद से आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया। कॉक्स 50 गेंद में 61 रन बनाकर नाबाद रहे।

## एशेज सीरीज 2025-26: फिलहाल 3-0 से आगे चल रही ऑस्ट्रेलियाई टीम

# चौथा बॉक्सिंग डे टेस्ट आज से : ऑस्ट्रेलिया की कमान संभालेंगे स्मिथ, इंग्लैंड ने किए कई बदलाव

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

एशेज सीरीज 2025-26 का चौथा और बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच 26 दिसंबर से मेलबर्न में खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम सीरीज में 3-0 से अजेय बढ़त ले चुकी है।

पैट कमिंस चोटिल होने के कारण चौथे मुकाबले से बाहर हो गए हैं। ऐसे में एक बार फिर स्टीव स्मिथ कप्तानी करते हुए नजर आएंगे। इंग्लैंड ने भी अपनी प्लेइंग इलेवन में कई बदलाव किए हैं। ऐसे में जहां ऑस्ट्रेलियाई टीम लगातार चार टेस्ट मैच जीतने का रिकॉर्ड बनाने आतुर है वहीं इंग्लैंड किसी भी प्रकार एक टेस्ट मैच ड्रा कराकर या जीतकर ऑस्ट्रेलिया के विजयरथ को रोकना चाहेगी।

### इंग्लैंड के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया का पलड़ा रहा है भारी

ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच अब तक 364 टेस्ट मैच खेले गए हैं। इस दौरान कंगारू टीम को 155 मुकाबलों में जीत मिली है। इंग्लैंड ने 112 मैच अपने नाम किए हैं। दोनों टीमों के बीच 97 मुकाबले ड्रॉ पर समाप्त हुए हैं। ऑस्ट्रेलिया की सरजमीं पर दोनों टीमों के बीच अब तक 188 टेस्ट मुकाबले खेले गए हैं। 102 मैच ऑस्ट्रेलिया ने जीते हैं और 57 में उसे हार मिली है। 29 मुकाबले ड्रॉ पर समाप्त हुए।



### इंग्लैंड टीम

इंग्लैंड की टीम में जोफ्रा आर्चर और ओली पोप को शामिल नहीं किया गया है। उनकी जगह जेकब बेथेल और गस एटकिंसन की वापसी हुई है। आर्चर चोटिल होने के कारण सीरीज से बाहर हुए हैं। पोप को उनकी खराब फॉर्म के कारण प्लेइंग इलेवन से बाहर किया गया है।

**इंग्लैंड की प्लेइंग इलेवन :** जैक क्रॉली, बेन डकेट, जैकब बेथेल, जो रूट, हैरी बूक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ, विल जैक्स, गस एटकिंसन, ब्रायडन कार्स और जोश टंग।

### ऑस्ट्रेलिया टीम

ऑस्ट्रेलिया ने चौथे टेस्ट के लिए 12 सदस्यीय टीम की घोषणा की है। टीम में तेज गेंदबाजों को ज्यादा मौके मिले हैं। नाथन लियोन चोटिल होने के कारण इस टेस्ट से बाहर हो गए हैं। हालांकि, इसके बावजूद टीम काफी मजबूत नजर आ रही है।

**ऑस्ट्रेलिया की प्लेइंग इलेवन :** ट्रेविस हेड, जेक वेदराल्ड, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ (कप्तान), उस्मान ख्वाजा, एलेक्स केरी (विकेटकीपर), कैमरून ग्रीन, मिचेल स्टार्क, स्कॉट बोलैंड, ब्रेंडन डॉगेट और माइकल नेसर/ झाय रिचर्डसन।

### इन खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर होंगी नजरें



हेड ने पिछले 10 टेस्ट मैच में 42.17 की औसत से 759 रन बनाए हैं। केरी के बल्ले से पिछले 10 मुकाबलों में 53.07 की शानदार औसत से 743 रन निकले हैं। इंग्लैंड के लिए रूट ने पिछले 10 मुकाबलों में 54.75 की शानदार औसत से 876 रन बनाए हैं। गेंदबाजी में स्टार्क ने पिछले 10 मैच में 51 विकेट चटकाए हैं। इंग्लैंड के लिए स्टोक्स ने पिछले 9 मुकाबलों में 32 विकेट अपने नाम किए हैं।

## न्यूजीलैंड से होगी भिड़ंत

# नए साल की पहली वनडे सीरीज जीतने उतरेगी शुभमन ब्रिगेड

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



भारतीय क्रिकेट टीम को 11 जनवरी, 2026 से न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ वनडे सीरीज खेलनी है। भारतीय टीम ने नवंबर 2025 में अपनी पिछली वनडे सीरीज दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के विरुद्ध खेली थी और उसे 2-1 से जीता था। शुभमन गिल की कप्तानी में भारत आगामी सीरीज में कीवी टीम के खिलाफ भी उम्दा प्रदर्शन करना चाहेगी। इस बीच भारत और न्यूजीलैंड के बीच वनडे क्रिकेट के प्रदर्शन पर एक नजर डालते हैं।

### भारत का पलड़ा रहा है भारी

अब तक दोनों टीमों की भिड़ंत में भारतीय टीम का पलड़ा भारी रहा है। क्रिकइंफो के मुताबिक, दोनों टीमें कुल 120 वनडे में आमने-सामने हुई हैं, जिसमें से 62 मैच भारत ने जीते हैं और 50 में शिकस्त का सामना किया है। इस बीच 7 मैच बेनतीजा रहे हैं और 1 मैच टाई रहा है। भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ सर्वोच्च स्कोर 397 रन और न्यूनतम स्कोर 88 रन बनाया है।

### भारत में कोई वनडे सीरीज नहीं जीत सकी है न्यूजीलैंड की टीम

अब तक दोनों टीमें कुल 17 द्विपक्षीय वनडे सीरीज में आमने-सामने हुई हैं, जिसमें से 9 सीरीज भारतीय टीम ने जीती हैं और 6 सीरीज न्यूजीलैंड ने अपने नाम की हैं। इस बीच 2 सीरीज ड्रॉ रही हैं। अपने देश में खेलते हुए भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ सभी 7 सीरीज जीती है। दिलचस्प रूप से कीवी टीम ने 1988 में भारत में पहली बार सीरीज खेली थी और अब तक सीरीज नहीं जीती है।

### न्यूजीलैंड से इन खिलाड़ियों का रहा है अच्छा प्रदर्शन

रॉस टेलर ने भारत के खिलाफ 47.75 की औसत से 1,385 रन (शतक-3) बनाए थे। भारत के विरुद्ध केन विलियमसन ने 44.25 की औसत से 1,239 रन, और डेरिल मिचेल ने 48.62 की औसत से 389 रन बनाए हैं। गेंदबाजी में टिम साउथी ने भारतीय टीम के खिलाफ 24 पारियों में 36.23 की औसत से 38 विकेट लिए थे। काइल मिल्स ने 34.53 की औसत से 29 पारियों में 32 विकेट लिए थे।

## लिस्ट-ए क्रिकेट में

# विराट- सचिन सहित इन बल्लेबाजों ने पूरे किए सबसे तेज 16,000 रन



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने विजय हजारे ट्रॉफी 2025-26 में अपने पहले मुकाबले में शतक लगाया। दिल्ली क्रिकेट टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए उन्होंने आंध्र प्रदेश क्रिकेट टीम के विरुद्ध 131 रन की पारी खेली। इस बीच उन्होंने अपने लिस्ट-A क्रिकेट करियर में 16,000 रन पूरे किए। इस दौरान लिस्ट-ए क्रिकेट में सबसे कम पारियों में ये आंकड़ा छूने वाले बल्लेबाजों के बारे में जानते हैं।

**विराट कोहली (330 पारियां)**

कोहली ने आंध्र प्रदेश के खिलाफ मैच में 101 गेंदों का सामना करते हुए 14 चौके और 3 छक्के की मदद से 131 रन बनाए। कोहली ने 2006 में दिल्ली की ओर से खेलते हुए अपने लिस्ट-ए करियर की शुरुआत की थी। उन्होंने अब तक 343 मैचों की 330 पारियों में 16,000 से अधिक रन बनाए हैं। इस बीच उन्होंने 183 रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 58 शतक और 84 अर्धशतक लगाए हैं।

**सचिन तेंदुलकर (391 पारियां)**

पूर्व महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने 391 पारियों में अपने लिस्ट लिस्ट-ए करियर के 16,000 रन पूरे किए थे। उन्होंने अपने लिस्ट-ए क्रिकेट करियर में कुल 551 मैच खेले, जिसकी 538 पारियों में 45.54 की औसत के साथ 21,999 रन बनाए थे। इस बीच उन्होंने सर्वाधिक 60 शतक और 114 अर्धशतक लगाए थे। उनका सर्वोच्च स्कोर नाबाद 200 रन रहा। तेंदुलकर लिस्ट-ए क्रिकेट के इतिहास में तीसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं।

### गॉर्डन ग्रीनिज (422 पारियां)

वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के पूर्व दिग्गज गॉर्डन ग्रीनिज ने 422 पारियों में लिस्ट-ए क्रिकेट में 16,000 रन पूरे किए थे। उन्होंने 440 मैचों की 436 पारियों में 40.56 की औसत के साथ 16,349 रन बनाए थे। उन्होंने 186* रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 33 शतक और 94 अर्धशतक भी अपने नाम किए थे। वह विवियन रिचर्ड्स के बाद वेस्टइंडीज से दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे।

**रिकी पोंटिंग (430 पारियां)**

ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने 430 पारियों में अपने 16,000 लिस्ट-ए रन पूरे किए थे। अपने लिस्ट-ए करियर में उन्होंने कुल 456 मैच खेले थे, जिसमें 41.74 की औसत के साथ 16,363 रन बनाए थे। इस बीच उन्होंने 34 शतक और 99 अर्धशतक लगाए थे। अपने वनडे करियर में उन्होंने 375 मैच खेले थे, जिसमें 42.03 की औसत से 13,704 रन अपने नाम किए थे। अपने वनडे करियर में उन्होंने 30 शतक भी जड़े थे।

### भारत-श्रीलंका के बीच तीसरा टी20 आज भारत की नजरें श्रृंखला जीतने पर

**तिरूवनंतपुरम।** आत्मविश्वास से ओतप्रोत भारतीय टीम अपनी लय को कायम रखते हुए खराब फॉर्म से जूझ रही श्रीलंकाई टीम के खिलाफ शुक्रवार को तीसरा टी20 मैच और पांच मैचों की श्रृंखला जीतने के इरादे से उतरेगी। भारत ने विशाखापत्तनम में पहले दो टी20 मैचों में क्रमशः आठ और सात विकेट से जीत दर्ज की है।



भारत की यह पिछले 11 टी20 मैचों में नौवीं जीत थी। श्रीलंका ने आखिरी बार भारत को जुलाई 2024 में दाम्बुला में हराया था। मैच आज शाम 7 बजे से तिरुवनंतपुरम में खेला जाएगा।

### भारत की सभी खिलाड़ी अभी फॉर्म पर

मेजबान टीम के पास शानदार बल्लेबाजी क्रम है और पिछले दोनों मैचों में अलग अलग खिलाड़ियों ने जीत दिलाई है। पहले मैच में जहां जेमिमा रौड्रिग्स चली तो दूसरे में शेफाली वर्मा जीत की सूत्रधार रहीं। भारत की गेंदबाजी ईकाई भी उतनी ही दमदार है और स्पिनरों ने पहले मैच में श्रीलंका को छह विकेट पर 121 और दूसरे में नौ विकेट पर 128 रन पर रोक दिया। युवा एन श्रीचरणी, वैष्णवी शर्मा और क्रांति गौड़ ने अनुशासित, नियंत्रित और प्रभावी गेंदबाजी की है।

# विजय हजारे ट्रॉफी के इतिहास में तीन टीमों ने हासिल किया है सबसे बड़ा लक्ष्य

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कर्नाटक क्रिकेट टीम ने 24 दिसंबर 2025 को लिस्ट-ए क्रिकेट में नया इतिहास रच दिया। मयंक अग्रवाल की कप्तानी में टीम ने विजय हजारे ट्रॉफी में झारखंड के खिलाफ 413 रनों का विशाल लक्ष्य हासिल कर लिया। एलीट ग्रुप-ए के इस मुकाबले में कर्नाटक ने टूर्नामेंट के इतिहास का सबसे बड़ा सफल रन चेज दर्ज किया। दिलचस्प बात यह रही कि इसी दिन बंगाल ने भी विजय हजारे ट्रॉफी का संयुक्त तीसरा सबसे बड़ा रन चेज अपने नाम किया।



### कर्नाटक 413 रन बनाम झारखंड, अहमदाबाद (2025)

कप्तान ईशान किशन की महज 33 गेंदों में तूफानी शतकीय पारी की बदौलत झारखंड ने 50 ओवर में 9 विकेट पर 412 रन बनाए। इस दौरान विराट सिंह और कुमार कुशाग्र ने भी तेज अर्धशतक जड़े। कर्नाटक की ओर से अभिलाष शेट्टी ने 4/72 के आंकड़े दर्ज किए। जवाब में कर्नाटक ने 15 गेंद शेष रहते 413 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया। देवदत्त पडिक्कल ने शानदार 147 रन, जबकि कप्तान मयंक अग्रवाल ने 54 रन की अहम पारी खेली।

**आंध्र क्रिकेट टीम 384 रन बनाम गोवा, बेंगलुरु (2012)**

विजय हजारे ट्रॉफी का दूसरा सबसे बड़ा रन चेज भी आंध्र क्रिकेट टीम के नाम दर्ज है। 2011-12 सीजन में पहले बल्लेबाजी करते हुए गोवा ने 50 ओवर में 7 विकेट पर 383 रन बनाए।

**बंगाल- 383 रन बनाम विदर्भ, राजकोट (2025)**

विदर्भ ने अमन मोखाडे (110) और ध्रुव शौरी (136) के शतकों की बदौलत 5 विकेट पर 382 रन बना दिए। अंतिम ओवरों में नचिकेत भुटे और हर्ष दुबे ने तेज रन जोड़कर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया।

## अलविदा 2025 : शुभमन ने 16 पारियों में बनाए 983 रन

# टेस्ट में इस साल चला गिल का बल्ला, ठोके राहुल से ज्यादा रन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

साल 2025 में भारतीय क्रिकेट टीम के कई बल्लेबाजों ने अपनी तकनीक और निरंतरता से बेहतरीन प्रदर्शन किया।

घरेलू मैदान या विदेशी पिचें, इन खिलाड़ियों ने लंबी और महत्वपूर्ण पारियां खेलकर टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। कठिन परिस्थितियों में भी उनकी बल्लेबाजी ने रन बनाने में निरंतरता दिखाई। ऐसे में आइए जानते हैं उन भारतीय बल्लेबाजों के बारे में, जिन्होंने 2025 में टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाए और अपनी कड़ी मेहनत का परिणाम दिखाया।

### शुभमन गिल (983 रन)

इस सूची में पहले स्थान पर भारतीय टीम के कप्तान शुभमन गिल हैं। उनके बल्ले से साल 2025 में खूब रन निकले। इस खिलाड़ी ने 9 मुकाबले खेले और इसकी 16 पारियों में 70.21 की उम्दा औसत के साथ 983 रन बनाए। उनके बल्ले से 5 शतक और 1 अर्धशतक निकला। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 269 रन रहा। गिल 2 पारियों में नाबाद भी रहे। वह कुल मिलाकर दुनिया में भी टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे।



### केएल राहुल (813 रन)

इस सूची में दूसरे स्थान पर भारतीय टीम के एक और स्टार बल्लेबाज केएल राहुल हैं। उन्होंने इस साल 10 टेस्ट मैच खेले और इसकी 19 पारियों में 45.16 की शानदार औसत के साथ 813 रन बनाने में सफल रहे। उनके बल्ले से 3 शतक और 3 अर्धशतक निकले। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 137 रन रहा। राहुल 1 बार नाबाद भी रहे। इस खिलाड़ी के बल्ले से 100 चौके और 4 छक्के निकले।

### रविंद्र जडेजा (764 रन)

स्टार ऑलराउंडर खिलाड़ी रविंद्र जडेजा सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय खिलाड़ियों में तीसरे स्थान पर हैं। उन्हें इस साल 10 टेस्ट मैच खेलने का मौका मिला। इस दौरान उन्होंने 17 पारियों में बल्लेबाजी की और 63.66 की बेहतरीन औसत के साथ 764 रन बनाने में सफल रहे। उनके बल्ले से साल 2025 में 2 शतक और 6 अर्धशतक निकले। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर नाबाद 107 रन रहा। जडेजा ने 53.46 की स्ट्राइक रेट से इस साल बल्लेबाजी की।

### यशस्वी जायसवाल (745 रन)

भारतीय टीम के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल इस सूची में चौथे स्थान पर हैं। उन्होंने साल 2025 में 10 टेस्ट मैच खेले थे। इसकी 19 पारियों में उन्होंने 39.21 की औसत के साथ 745 रन बनाने में सफल रहे। उनके बल्ले से 3 शतक और 3 अर्धशतक निकले। इस साल उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 175 रन रहा। यशस्वी ने साल 2025 में 66.16 की शानदार स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की।




ऐश डैम से रिसाव के कारण कृषि भूमि व फसल को नुकसान का मामला

# हाई कोर्ट ने रिलायंस सासन पावर प्रोजेक्ट से मांगी अनुपालन रिपोर्ट



**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने सिंगरौली जिले में रिलायंस सासन पावर प्रोजेक्ट के ऐश डैम से रिसाव के कारण कृषि भूमि व फसल को नुकसान होने के मामले में सख्ती दिखाई है। जस्टिस विवेक अग्रवाल व जस्टिस रामकुमार चौबे की डिवीजन बेंच ने रिलायंस सासन पावर प्रोजेक्ट को अनुपालन रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए। कोर्ट ने निर्देश दिया है कि एक संयुक्त निरीक्षण किया जाएगा। इसमें कलेक्टर, सिंगरौली स्वयं और उनके प्रतिनिधि उप-विभागीय अधिकारी, सिंगरौली, जिला पंचायत के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, संबंधित ग्राम पंचायत के सरपंच और सचिव, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों और याचिकाकर्ता जैसे ग्रामीणों को शामिल किया जाएगा। इसके लिए सभी संबंधित पक्षों को सात दिन का स्पष्ट नोटिस दिया जाएगा। उसके बाद, कलेक्टर प्रोजेक्ट के अधिवक्ता द्वारा दिए गए वचन के अनुसार संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट पर कार्रवाई करेंगे। कोर्ट ने 45 दिनों की अतिरिक्त अवधि के भीतर अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कोर्ट ने उक्त दिशा-निर्देश रिलायंस सासन पावर प्रोजेक्ट के अधिवक्ता हिमांशु शुक्ला के उस अभिवचन को अभिलेख पर लेने के बाद दिए, जिसमें कहा गया कि याचिकाकर्ता को समुचित मुआवजा दिया गया था और मरम्मत भी की गई थी। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद प्राजेक्ट को उक्त ऐश डैम का संयुक्त निरीक्षण आयोजित करने का निर्देश देंगे। यदि कोई रिसाव अभी भी पाया जाता है, तो वह प्रोजेक्ट के अधिकारियों को आदेश की प्रमाणित प्रति प्राप्त होने की तारीख से तीन महीने की अवधि के भीतर तत्काल कार्रवाई करने और उसकी मरम्मत करने का निर्देश देंगे।

**क्या है मामला :** याचिकाकर्ता सिंगरौली निवासी किसान कृष्णदास शाह सहित अन्य की ओर से दलील दी गई कि प्रोजेक्ट के ऐश डैम से रिसाव से आस-पास की जमीन, जिसमें फसलें आदि शामिल हैं, को नुकसान हो रहा है।नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल, प्रिंसिपल बेंच, नई दिल्ली ने मुद्दे पर पहले ही विचार कर आदेश दिया है। लेकिन उक्त आदेश के पालन में कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

## सुनवाई का मौका दिए बिना रिकवरी आदेश अनुचित

**हाईकोर्ट ने कहा, आदेश किया निरस्त**

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट में एक याचिका दायर कर आरोप लगाया गया कि सुनवाई का मौका दिए बिना अनियमितता की जांच कर याचिकाकर्ता कर्मी के खिलाफ रिकवरी निकाल दी। हाईकोर्ट ने रिकवरी का आदेश अनुचित पाकर निरस्त कर दिया। जस्टिस एमएस भट्टी की सिंगल बेंच ने कहा कि यदि अधिकारियों का इरादा वसूली का आदेश पारित करने का था, तो याचिकाकर्ता को सुनवाई का अवसर दिया जाना चाहिए था। इसलिए यह वसूली का आदेश प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के विपरीत है।कटनी निवासी रामनारायण गर्ग की ओर से कोर्ट को बताया गया कि सहायक आयुक्त सहकारिता ने याचिकाकर्ता के खिलाफ 6 लाख 28 हजार रुपए की रिकवरी निकाल दी। दरअसल याचिकाकर्ता प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति विजयराघवगढ में एकाउंटेंट के पद पर कार्यरत है। उसके खिलाफ अनियमितता की जांच की गई। दलील दी गई कि जांच के दौरान उसे सुनवाई का मौका नहीं दिया गया। सीधे जांच रिपोर्ट के आधार पर रिकवरी निकाली दी गई। कोर्ट ने उक्त आदेश के साथ मामला वापस भेज दिया।

## समर्थन मूल्य से कम कीमत पर क्यों खरीदी जा रही किसानों की उपज

**हाईकोर्ट ने मंडी बोर्ड के एमडी को जारी किया अवमानना नोटिस**

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने सरकार से पूछा है कि प्रदेश की कृषि उपज मंडियों में समर्थन मूल्य से कम कीमत पर किसानों की उपज की खरीदी क्यों की जा रही है? एक अवमानना मामले में जस्टिस डीडी बंसल की सिंगल बेंच ने मप्र राज्य विपणन बोर्ड के प्रबंध निदेशक को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।अन्नदाता किसान संगठन समिति के अध्यक्ष मनोहर श्रीवास्तव की ओर से अधिवक्ता स्वप्निल खरे ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि वर्ष 2018 में हाईकोर्ट ने एक फैसले में स्पष्ट आदेश दिए थे कि सरकार द्वारा घोषित समर्थन मूल्य (एमएसपी) से कम पर खरीद नहीं की जा सकती। कोर्ट ने साफ कहा था कि किसान के उपज की नीलामी इससे कम पर प्रारम्भ नही होगी। भारत कृषक समाज एवं किसानों के अन्य कृषक संगठनों द्वारा प्रदेश के सभी जिला कलेक्टरों, कृषि उपज मंडियो को पत्र लिखकर व अन्य माध्यमों से हाईकोर्ट के आदेश का पालन सुनिश्चित करने का निवेदन किया। इसके बावजूद आदेश का पालन नहीं हुआ। कुछ जिलों के कलेक्टर ने मंडियों को पत्र लिखकर कहा कि एमएसपी से कम दाम पर खरीदी शुरू नहीं की जाए। इसके बावजूद मंडियों द्वारा इसका पालन नहीं किया जा रहा है। इसलिए हाईकोर्ट में अवमानना याचिका दायर की गई।

**ओडिशा से मध्य प्रदेश लाते वक्त एसटीएफ टीम ने पकड़ा**

# गुप्त कंपार्टमेंट में छिपाये 1.80 करोड़ का 599 किलो गांजा जब्त

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** मध्यप्रदेश एसटीएफ जबलपुर ने अनूपपुर जिले में बड़ी कार्रवाई करते हुए 599 किलोग्राम गांजा जब्त किया है। यह गांजा ओडिशा से मध्य प्रदेश लाया जा रहा था, जिसे एक ट्रक सहित पकड़ा गया।

जब्त किए गए गांजे का अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 1 करोड़ 80 लाख रुपए बताया गया है। इसके साथ ही, जब्त किए गए ट्रक की कीमत लगभग 30 लाख रुपए आंकी गई है। एसटीएफ के अनुसार, तस्करों ने गांजे के परिवहन के लिए एक विशेष तरीका अपनाया था। ट्रक में लोहे की चादर से एक गुप्त कंपार्टमेंट बनाया गया था, जो बाहर से दिखाई नहीं देता था। इसी गुप्त कंपार्टमेंट में गांजे के पैकेट छिपाकर ले जाए जा रहे थे। यह कार्रवाई छत्तीसगढ़-मध्य प्रदेश सीमा के पास, अनूपपुर जिले के जैतहरी थाना क्षेत्र अंतर्गत एक घने जंगल मार्ग पर की गई। एसटीएफ जबलपुर को इस संबंध में बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने बताया संबल उड़ीसा से ट्रक क्रमांक जेएच 02 बीएल 7103 में गांजा लोड कर आ रही थी। जिसकी सूचना मुखबिर से मिलने पर मध्यप्रदेश एसटीएफ को लगी। मध्य प्रदेश एसटीएफ में संबल उड़ीसा से इनका पीछा करते हुए जैतहरी के पास स्थित ऑक्सीजन प्लांट के पास ट्रक को जब्त किया है साथ ही दो आरोपी धनंजय सिंह पिता विशाल सिंह दीनापुर जिला सतना और अंकित विश्वकर्मा पिता हरिहर विश्वकर्मा ग्राम कामदीं जिला सीधी को गिरफ्तार किया है।





# विकास कार्यों में गुणवत्ता से समझौता नहीं: निगमायुक्त

**जबलपुर।** शहर के विकास और अधोसंरचना को मजबूत बनाने के लिए नगर निगम पूरी तरह एक्शन मोड में है। निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने लोककर्म विभाग की समीक्षा बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निगमायुक्त ने कहा कि सड़कों, नालियों सहित सभी निर्माण कार्य मानक मापदंडों के अनुरूप होने चाहिए। पारदर्शिता और बेहतर निगरानी के लिए सभी संभागीय यंत्रियों को अपने-अपने क्षेत्र के कार्यों की प्रगति पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने अधिकारियों को नियमित फील्ड विजिट कर कार्यों का प्रत्यक्ष निरीक्षण और गुणवत्ता जांच सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में अपर आयुक्त वी.एन. बाजपेई, अरविंद सिंह चौहान, अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, कार्यपालन यंत्री शैलेन्द्र मिश्रा सहित सभी संभागीय यंत्री उपस्थित रहे।

# भेड़ाघाट में होटल के कमरे से संदिग्ध हालात में युवक की मौत

**जबलपुर।** भेड़ाघाट थाना क्षेत्र एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। कार लेकर घर से निकला भोपाल निवासी युवक होटल तक्ष के एक कमरे में नग्न और बेहोशी की हालत में मिला। परिजन उसे तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही भेड़ाघाट पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों के बयान दर्ज कर मामले को संदिग्ध मानते हुए हर पहलू से जांच शुरू कर दी है। भेड़ाघाट पुलिस के अनुसार सौरभ अवस्थी निवासी कचनार बरसाना ने सूचना दी कि वह रेलवे विभाग में कार्यरत हैं। मंगलवार-बुधवार की गत रात करीब 1 बजकर 40 मिनट पर उनके ससुर हरिवंश कुमार कन्हौआ निवासी भोपाल का फोन आया। उन्होंने बताया कि उनका 31 वर्षीय बेटा आकाश कन्हौआ दोपहर से लापता है और उसकी मोबाइल लोकेशन जबलपुर-शहपुरा के बीच दिखाई दे रही है। इसके बाद सौरभ अवस्थी अपने साथी प्रशांत पटेल और छोटे भाई गौरव अवस्थी के साथ युवक की तलाश में निकले।

## नग्न अवस्था में मिला शव, जांच में जुटी पुलिस

तलाश करते हुए परिजन रात करीब 3 बजे भेड़ाघाट स्थित होटल तक्ष पहुंचे। होटल के बाहर आकाश कन्हौआ की कार क्रमांक एमपी 09 डब्ल्युएल 2512 खड़ी मिली, जिससे परिजनों की चिंता और बढ़ गई। होटल कर्मचारियों से पूछताछ करने पर जानकारी मिली कि आकाश कन्हौआ होटल के कमरा नंबर 102 में ठहरे हुए हैं। इसके बाद कर्मचारियों की मौजूदगी में कमरा खुलवाया गया।

कमरा खुलते ही परिजनों के होश उड़ गए। आकाश कन्हौआ निवासी कृष्णा एनक्लेव भोपाल, बेड पर नग्न अवस्था में पड़ा हुआ था और कोई प्रतिक्रिया नहीं दे रहा था। घबराए परिजन तत्काल उसे नजदीकी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

## पोस्टमार्टम रिपोर्ट से खुलेंगे राज

घटना की जानकारी मिलते ही भेड़ाघाट पुलिस अस्पताल पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए मर्ग कायम कर लिया गया है। पुलिस का कहना है कि युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई, यह फिलहाल स्पष्ट नहीं है। होटल में अकेले रुकना, नग्न अवस्था में शव मिलना और अचानक मौत कई सवाल खड़े कर रहे हैं। पुलिस होटल कर्मचारियों से पूछताछ कर रही है, साथ ही सीसीटीवी फुटेज, कॉल के आधार पर मामले की गहन जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों पर स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# स्क्रैप का कारोबार करने वाली 7 फर्मों पर सीजीएसटी की दबिश

### एक फर्म ने मौके पर जमा कराए 7 लाख, जांच जारी

**जबलपुर।** जबलपुर शहर में आज सेंट्रल जीएसटी की टीम ने छापेमार कार्रवाई की हैं। प्राप्त जानकारी के मुताबिक सीजीएसटी की अलग अलग टीमों ने शहर में सुबह से 7 फर्मों पर दबिश दी है। उक्त सभी फर्म के दस्तावेजें को अपने कब्जे में लेकर टीम द्वारा जांच की जा रही है। कमिश्नर लोकेश कुमार लिल्हारे के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई है। जांच पड़ताल पूरी जोने के बाद ही बड़ा खुलासा होने की संभावना है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक सीजीएसटी कमिश्नर लोकेश कुमार लिल्हारे के नेतृत्व में जबलपुर की स्क्रैप का कारोबार करने वाली शमा स्टील, केएनआर मेटल, मदन ट्रेडर्स, मानस इंटरप्राइजेज, वर्धमान इंटरप्राइजेज, सिल्वर स्टील इंडस्ट्री और महावीर इंडस्ट्री पर छापेमार कार्रवाई की है। सू- के अनुसार इनमें से शमा स्टील फर्म्स ने फर्जी ट्रांजेक्शन कुबूल कर मौके पर ही 7 लाख का भुगतान कर दिया है। बताया जा रहा है कि सभी फर्म्स के दस्तावेज अपने कब्जे में लेकर सीजीएसटी की टीमें जांच में जुटी हुई हैं और संभवत- यह पडताल देर रात तक जारी रहे। दस्तावेजें की जांच का काम पूरा हा जाने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि किस फर्म ने कितना घालमेल किया है।

# हनुमानताल में तलवार-चाकू से पिता-पुत्र पर प्राणघातक हमला



## पिता-पुत्र लहूलुहान, 50 हजार की लूट

**जबलपुर।** शहर में चाकूबाजी और तलवारबाजी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा घटना हनुमानताल थाना क्षेत्र के चार खंबा इलाके की है, जहां पांच बदमाशों ने एक घर में घुसकर पिता और पुत्र पर तलवार व चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी घर में रखे करीब 50 हजार रुपये लूटकर फरार हो गए। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है।

हमले के बाद घायल पिता और पुत्र गुरुवार सुबह करीब 11 बजे हनुमानताल थाने पहुंचे और अपने साथ हुई वारदात की शिकायत दर्ज कराई। गंभीर चोटों को देखते हुए पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज कर दोनों घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। डॉक्टरों के मुताबिक दोनों को धारदार हथियार से गंभीर चोटें आई हैं, हालांकि फिलहाल उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

घायल पिता ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि वह घर पर मौजूद था, तभी उसका बेटा जान बचाकर भागते हुए घर के भीतर घुस आया। उसके पीछे-पीछे हाथों में तलवार और चाकू लिए एल्फेज, असलम, आजम सहित उनके अन्य साथी घर में दाखिल हो गए। आरोपियों ने बिना किसी चेतावनी के बेटे पर तलवार और चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। बेटे को बचाने के लिए जैसे ही पिता बीच-बचाव करने आया, बदमाशों ने उस पर भी तलवार से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया।

शिकायत के मुताबिक वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपियों ने घर में रखी करीब 50 हजार रुपये की नकदी लूट ली और मौके से फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित परिवार सदमे में है, वहीं आसपास के लोग भी सहमे हुए हैं।

हनुमानताल थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रारंभिक जांच में मामला पुरानी रंजिश से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। आरोपियों की तलाश के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। साथ ही घटना से जुड़े सभी पहलुओं की गहनता से जांच की जा रही है।

**दम तोड़ रहा यातायात, बढ़ रहे हादसे**

# नाबालिगों के हाथ ई-रिक्शा, सड़कों पर बिगड़ते हालात

**जबलपुर।** शहर की यातायात व्यवस्था इन दिनों ई-रिक्शाओं की बेतरतीब आवाजाही से गंभीर दबाव में है। अनुमान के मुताबिक जबलपुर में करीब 5300 ई-रिक्शा संचालित हो रहे हैं। जांच के दौरान यह भी सामने आया है कि बड़ी संख्या में नाबालिग ई-रिक्शा चला रहे हैं, जो न केवल कानून का उल्लंघन है बल्कि यात्रियों और अन्य वाहन चालकों की सुरक्षा के लिए भी बड़ा खतरा बन चुका है।

जाम की बड़ी वजह बनते जा रहे ई-रिक्शा

पुलिस रिपोर्ट के अनुसार शहर की प्रमुख सड़कों पर लगने वाले जाम का एक बड़ा कारण ई-रिक्शा साबित हो रहे हैं। इनकी अधिकतम गति 25 से 30 किलोमीटर प्रति घंटा होने के कारण मुख्य मार्गों पर ट्रैफिक की रफ्तार धीमी पड़ जाती है। खासतौर पर पीक आवर्स में जब एक ही रूट पर सैकड़ों ई-रिक्शा चल रहे होते हैं, तब स्थिति और भी विकट हो जाती है। ओवरटेकिंग में बाधा, संकरे ढांचे और अनियंत्रित स्टॉपेज से जाम की समस्या रोजमर्रा की बात बन गई है।

## प्रतिबंध के बावजूद सड़कों पर दौड़ते ई-रिक्शा

कुछ माह पूर्व जुलाई महीने में प्रशासन ने शहर के कुछ प्रमुख मार्गों पर ई-रिक्शा के संचालन पर प्रतिबंध लगाया था। बावजूद इसके सभी प्रतिबंधित सड़कों पर ई-रिक्शा धड़ल्ले से चलते पाए जा रहे हैं।



ई-रिक्शा से जुड़े हादसों की आशंका लगातार बनी हुई है। ओवरलोडिंग, इंजन की आवाज न होना, जिससे दूसरे वाहन चालकों को मूवमेंट का अंदाजा नहीं लग पाता, चढ़ाई वाले रास्तों पर रुक-रुककर चलना और पलटने का खतरा जैसे कारण दुर्घटनाओं को न्योता दे रहे हैं। घाट या ऊंचाई वाले इलाकों में ई-रिक्शा के असंतुलित होने की घटनाएं पहले भी सामने आ चुकी हैं।

## इंदौर मॉडल से मिल सकती है राह

इसी तरह की समस्या इंदौर में भी सामने आई थी। वहां ट्रैफिक जाम से निजात पाने के लिए ई-रिक्शाओं को 10 सेक्टरों और कलर कोडिंग सिस्टम में बांटने की तैयारी की गई है। हर सेक्टर का अलग रंग होगा और उसी रंग के आधार पर ई-रिक्शा का रूट तय रहेगा। वाहन पर सेक्टर क्रमांक, यूनिक नंबर और चालक की जानकारी स्पष्ट रूप से अंकित की जाएगी। इंदौर में करीब साढ़े दस हजार ई-रिक्शा हैं और इस नवाचार से जाम की समस्या पर नियंत्रण की उम्मीद जताई जा रही है।

## चालानी कार्रवाई पर होता है विरोध

ट्रैफिक पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि जब भी नियमों का उल्लंघन करने वाले ई-रिक्शाओं के खिलाफ चालान या जब्ती की कार्रवाई की जाती है, तो कई चालक विरोध पर उतर आते हैं। हंगामा, बदसलूकी और यहां तक कि आत्महत्या की धमकी देने जैसी घटनाएं भी सामने आती हैं। अधिकांश चालक आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से आते हैं और किश्तों पर ई-रिक्शा खरीदते हैं, जिससे स्थिति और संवेदनशील हो जाती है।

## जबलपुर में क्या होगा अगला कदम

अब सवाल यह है कि क्या जबलपुर प्रशासन भी इंदौर की तरह सेक्टर और कलर कोडिंग सिस्टम अपनाएगा या फिर मौजूदा नियमों को सख्ती से लागू कर शहर को जाम से राहत दिलाएगा। पुलिस की रिपोर्ट ने समस्या की गंभीरता उजागर कर दी है, अब प्रशासनिक फैसलों पर शहरवासियों की नजरें टिकी हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240